

■ लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अभिशाप हैं भाई भतीजावाद और खुदगर्जी : शीर्ष कोर्ट - 10




■ शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 283 अंक चढ़ा - 10



■ दोनों पक्षों के बीच बनी आम सहमति, अब तैयार होगा समझौते का मसौदा - 11



■ जम्मू-कश्मीर ने रणजी के फाइनल में पहुंचकर रचा इतिहास - 12


आज का मौसम
27.0° अधिकतम तापमान
14.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.47
सूर्यास्त 06.06

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष द्वितीया 03:59 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 19 फरवरी 2026, वर्ष 7, अंक 86, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये



## OUR TOP SELECTIONS IN JEE-MAIN 2026

ASHI BASS
D/o Dr. Akshat Bass
Target Course

DIVYANSH TYAGI
S/o Mr. Vivek Tyagi
Foundation Course

RISHABH SAXENA
S/o Mr. Naveen Saxena
Foundation Course

DHAIRYA KUMAR
S/o Mr. Ravi Kumar
Foundation Course




VISHAL SIR (B.Tech. IIT-Kanpur) VIPUL SIR (B.Tech. IIT- Dhanbad)

## OUR TOP SELECTIONS IN NEET 2025


AIIMS RAIBAREILLY
SOUMYA SINGH


GMC SHAHJAHANPUR
KSHITIZ GOVIL


GMC BADAUN
MEGHA KAPOOR


GMC HALDWANI
DEVANSH PANDEY


GMC PILIBHIT
ABHINAV SHANKHDHAR

### ADMISSION OPEN

CLASSROOM COURSES FOR JEE (MAIN / ADVANCED) & NEET

MEDICAL
**NEET**
For Students moving from XI to XII , X to XI & XII Appearing

ENGINEERING
**IIT-JEE**
For Students moving from XI to XII , X to XI & XII Appearing

PRE-FOUNDATION
**NEET/JEE**
For Students moving from VIII to IX & IX to X

# MEDIIT
EDUCATIONAL INSTITUTE

149, Janakpuri, Bareilly Mob. 9639011515, 9639011516 www.mediitbareilly.com

## न्यूज ब्रीफ

### 21 को उपाधि में लगेगा रोजगार मेला

**पीलीभीत, अमृत विचार** : उपाधि महाविद्यालय में 21 फरवरी को रोजगार मेले का आयोजन सुबह दस बजे से किया जाएगा। इसमें कई कंपनियां आएंगी, जो रोजगार देंगी। इसमें प्रतिभाग करने के लिए इस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा और संबंधित युवा अपना आधार कार्ड, हाईस्कूल इंटर की मार्कशीट, अगर ग्रेजुएट हैं तो ग्रेजुएशन की मार्कशीट भी की फोटो स्टेट कॉलेज यूनिफॉर्म में कॉलेज परिचय पत्र के साथ आएं। अगर किसी का रजिस्ट्रेशन ना भी हो सके तो वह भी अपने अभिलेख की फोटो स्टेट कॉपी लेकर कॉलेज यूनिफार्म में आ कसता है, उसका तत्काल रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा।

### 3 दिन में समाधान न होने पर हड़ताल की चेतावनी

**पीलीभीत, अमृत विचार** : अधिवक्ता संघ कलीनगर की बैठक शुक्रवार को अध्यक्ष वीके पासवान एडवोकेट की अगुवाई में हुई। इसमें एसडीएम कलीनगर न्यायालय में धारा 76 उप्रराा संहिता 2006 की पत्रावलियों का करीब एक साल से दर्ज व निस्तारण न होने, तहसीलदार कलीनगर न्यायालय में नामांतरण की सामान्य पत्रावलियों के निस्तारण न होने व अधिकांश पत्रावलियों के गुम होने पर रोष जताया गया। कहा कि तीन दिन के भीतर समाधान न होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी गई।

### गांव अरसिया बोझ में बुजुर्ग दंपति को पीटा

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के गांव अरसिया बोझ निवासी हरप्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार देर शाम वह अपने मकान के बाहर पत्नी दीपिका देवी के साथ ताप रहे थे। उसी दौरान गांव के दो युवक आए और एक लघुशंका करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने हमला कर पत्नी की पिटाई कर दी। बचाने का प्रयास किया तो उनको भी पीटा। सूचना पर यूपी 112 पुलिस पहुंची और घायलों को सीएचसी लाई। वहां से पत्नी को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

### 22 को होगा सम्मान समारोह

**पीलीभीत, अमृत विचार** : पुष्प इंस्टीट्यूट ऑफ साइंसेंज एंड हायर स्टडीज 21वें वर्ष में प्रवेश करने जा रहा है। इन सालों में संस्थान के 32 छात्राएं गोल्ड मेडल प्राप्त कर चुके हैं। कईयों की सरकारी नौकरी लग चुकी है। ऐसे में 22 फरवरी को समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें उक्त विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। इसके संबंध में आज गुरुवार को सुबह 11 बजे प्रेसवार्ता होगी।

# होली नजदीक, बाजार गुलजार, लग रहा जाम

## नो एंट्री होने के बावजूद चार पहिया वाहनों का हो रहा प्रवेश, सड़कों पर हो रहे अतिक्रमण से जिम्मेदार बेखबर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** महाशिवरात्रि पर्व सकुशल संपन्न हो चुका है। अब होली नजदीक आ चुकी है। इसमें पखवाड़ा भर से भी कम समय बाकी है। बाजार होली की तैयारियों को लेकर गुलजार होना शुरू हो चुका है। इन दिनों पर्व नजदीक आने पर सड़कों पर भीड़ बढ़ गई है। मगर, उनके लिए बेपटरी यातायात व्यवस्था बड़ी समस्या बनी हुई है। कहने को कई नो एंट्री प्वाइंट तय है, लेकिन उसमें चार पहिया वाहनों का प्रवेश बरकरार है।

जिम्मेदारों की ओर से कोई सख्ती नहीं हो सकी है। अतिक्रमण और बेतरतीब पार्किंग से पटी सड़कों पर कई बार जाम लग रहा है और राहगीर फंसकर परेशान हो रहे हैं। बाजार छोड़िए सुनगढ़ी थाना गेट पर ही जाम लग रहा है। त्योहारी सीजन के दौरान भी कोई ठोस कदम न उठाए जाने से लोग परेशान हैं।

शहर की यातायात व्यवस्था वैसे तो लंबे समय से बदतर बनी हुई है। मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण और बेतरतीब तरीके से वाहनों की पार्किंग जाम का सबब बनी हुई है। चूड़ी वाली गली, लोहा मंडी, जेपी रोड, रेलवे स्टेशन रोड, गांधी स्टेडियम रासेड आदि पर जाम की सर्वाधिक दिक्कत रहती है। इन दिनों होली पर्व नजदीक आने पर खरीदारी करने वालों की भीड़ उमड़ रही है। मुख्य मार्गों पर इसके बाद भी व्यवस्था पटरी पर नहीं आ सकी है। इसकी बानगी बुधवार को भी देखने को मिली। रेलवे स्टेशन रोड पर सुनगढ़ी थाना गेट पर जाम लगता रहा।


ड्रमंडगंज चौराहा से नीबू मंडी वाली मुख्य सड़क पर जाम। ● अमृत विचार


रेलवे स्टेशन रोड पर सुनगढ़ी थाना गेट पर लगा जाम। ● अमृत विचार

● **बेतरतीब पार्किंग की समस्या भी जस की तस**

इसके अलावा ड्रमंडगंज चौराहा, जेपी रोड समेत कई अन्य बाजार से इलाकों में भी जाम की दिक्कत रही। जिसकी वजह से आवागमन बाधित रहा। वाहनों का लोड बढ़ते ही जाम के हालात बनते गए। जिसमें फंसकर राहगीर फंस कर परेशान हुए। जाम के चलते दोनों तरफ वाहनों की कतार लग चुकी थी। ऐसे में जल्द निकलने की होड़ ने और हालात बिगाड़ दिए। कुछ बाइकर्स रॉग साइड में वाहन लेकर प्रवेश कर गए। ताकि जल्द जाम से निकल सके लेकिन उसके बाद वाहन और फंस गए। बड़ी संख्या में ई-रिक्शा दौड़ रहे हैं।उनके पूर्व में रूट भी निर्धारित किए गए थे। मगर अब इसका भी पालन नहीं हो रहा है। इसमें फंसे वाहनों में सर्वाधिक ई-रिक्शा रहे।


जेपी रोड पर नो एंट्री के बीच जिम्मेदारों का चार पहिया वाहन। ● अमृत विचार



मुख्य बाजार में नो एंट्री के बावजूद पहुंची कार। ● अमृत विचार

### बैरियर लगाकर भूल गए जिम्मेदारी

बाजार में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस की ओर से कई जगह नो एंट्री प्वाइंट भी बनाए गए हैं। ताकि चार पहिया वाहन, ई-रिक्शा का प्रवेश मुख्य मार्गों पर भीड़ के बीच रोक जा सके। गैस चौराहा, रंगीलाल चौराहा, जमुनी चौराहा, सुनहरी मस्जिद चौराहा, बरेली गेट, ड्रमंड गंज चौराहा आदि कई नो एंट्री प्वाइंट पर मोबाइल बैरियर भी लगे हुए हैं। हालांकि अधिकांश में होमगार्ड की ही तैनाती रहती है। नतीजतन नो एंट्री के बावजूद 4 पहिया वाहन प्रवेश कर रहे हैं।

### धरातल की तस्वीर से हटकर जिम्मेदारों के दावे

यातायात पुलिस की ओर से दावा किया जाता है कि व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए नो एंट्री प्वाइंट पर बैरियर लगाकर स्टाफ निगरानी कराई जाती है। नियमों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। कई वाहनों पर कार्रवाईयां भी की गई हैं। मगर, ये महज आंकड़े दुरुस्त करने और औपचारिकता निभाते तक सीमित है। स्थायी समाधान नहीं हो सका है। कई बार उठी मांग के बावजूद न तो अतिक्रमण हटा, न ही पार्किंग को लेकर स्थायी व्यवस्था कराई जा सकी है।

# जिला अस्पताल के कर्मचारी पर अभद्रता का आरोप

**पीलीभीत, अमृत विचार** : जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती एक महिला ने अस्पताल के कर्मचारी पर अभद्रता का आरोप लगाया है। इसे लेकर परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया। पुलिस और सुरक्षाकर्मियों ने समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया है।

● **परिजनों ने अस्पताल परिसर में किया हंगामा**

बता दें कि न्यूरिया क्षेत्र की एक महिला का अपने पति से विवाद हो गया था। घरेलू कलह से क्षुब्ध होकर उसने जहरीला पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर आए, जहां इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। आरोप है कि इलाज के बाद जब महिला की हालत में कुछ सुधार हुआ तो इमरजेंसी में तैनात एक कर्मचारी उसके पास पहुंचा और जहर खाने का कारण पूछने लगा। आरोप है कि महिला के बात करने से मना करने पर उसने अभद्रता की।

सहमी महिला किसी तरह वार्ड से बाहर आई और परिजनों को जानकारी दी। इसके बाद परिजनों ने कर्मचारी के खिलाफ हंगामा शुरू कर दिया। शोर सुनकर अस्पताल के सुरक्षाकर्मी और अन्य स्टाफ मौके पर पहुंचे। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने परिजनों को समझाकर शांत कराया।

# नगराध्यक्ष पद पर प्रतीक को दी जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की युवा विंग की नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया। मंगलवार देर शाम इसकी घोषणा की गई। नगराध्यक्ष पद पर प्रतीक सक्सेना को जिम्मेदारी दी गई।

नवनिर्वाचित युवा विंग के नगराध्यक्ष प्रतीक सक्सेना के निवास पर जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह टहलानी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिलाध्यक्ष ने नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा की। प्रांतीय संगठन मंत्री जितेंद्र गुप्ता, मंडल मंत्री रतन नाथ मिश्रा ने व्यापारियों को व्यापार मंडल की नीतियों और आदर्शों के बारे में बताया।


नवनियुक्त युवा नगर कार्यकारिणी से साथ पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● **उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की युवा विंग की नगर कार्यकारिणी घोषित**

जिला महामंत्री स्वतंत्र देवल ने व्यापार मण्डल के इतिहास को बताया। इस दौरान सौरभ उर्फसागर देवल नगर महामंत्री, राहुल सक्सेना उपाध्यक्ष, सुंदरम वर्मा कोषाध्यक्ष, दीपक राठौर संयुक्त मंत्री, हैरी सेठी संगठन मंत्री, दीपू देवल सचिव, प्रदीप सक्सेना, अशोक कुमार और विशाल सक्सेना को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। इस मौके पर हरिपाल यादव, राहुल गजवानी, जंग बहादुर सिंह, राहुल आदि मौजूद रहे। संचालन जिला महामंत्री पीयूष अग्रवाल ने किया।

# विधानसभा चुनाव को लेकर गरमाई सियासत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दल तैयारियों में जुट चुके हैं। इसी के साथ एक दूसरे पर निशाना साधते हुए बयानबाजी भी तेज हो चुकी है। हाल ही में जिले के एक जनप्रतिनिधि द्वारा विधानसभा में दिए गए संबोधन को लेकर अब समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। प्रस्तुत किए गए दावे को जमीनी हकीकत से कोसों दूर बताया है।

सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि जिले की जनता बदहाल सड़कों, गड्ढों से भरे मार्गों और टूटे पुलों की समस्या से त्रस्त है। बरसात के समय हालात और भी गंभीर हो जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर पुल और सड़कें दावों की पोल खोल रही हैं।ये भ कहा कि जिस पीलीभीत टाइगर रिजर्व का श्रेय लिया जा रहा है, वो समाजवादी सरकार की देन हैं। समाजवादी पार्टी की सरकार में पीलीभीत के जंगल को टाइगर रिज़र्व घोषित कर पर्यटन को बढ़ावा मिला था। खाद की समस्या को लेकर कहा कि अभी चंद माह पूर्व जिला पंचायत बोर्ड बैठक में ही जिला पंचायत सदस्य के पति और अफसरों के बीच मारपीट की घटना तक सामने आई थी। उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों का बकाया भुगतान समय से नहीं हो रहा है।

पार्टी की ओर से मांग की गई कि पीलीभीत की सड़कों की तत्काल मरम्मत कराई जाए, जर्जर पुलों का पुनर्निर्माण कराया जाए। किसानों को समय पर खाद और गन्ना मूल्य भुगतान उपलब्ध कराया जाए।

● **राज्यमंत्री के विधानसभा में दिए गए संबोधन पर सपा जिलाध्यक्ष का पलटवार**

### ये भी बताएं कोतवाल का क्या हुआ

बीते दिनों कॉलोनाइजर के दफ्तर में एक युवक का शव फंदे से लटका मिला था। उसकी 30 घंटे तक तहरीर देने के बाद भी कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी। न्याय की गुहार लगाते हुए परिवार वाले राज्यमंत्री से मिले थे और फिर कई वीडियो वायरल हुए। जिसमें राज्यमंत्री ने नाराजगी जताते हुए कोतवाल को निलंबित/लाइन हाजिर करने के लिए कहा था। हालांकि कोतवाल पर कार्रवाई नहीं हुई। इतना जरुर राज्यमंत्री की नाराजगी के बाद एफआईआर दर्ज की गई और आरोपी कॉलोनाइजर वेदप्रकाश कश्यप को भी जेल भेजा जा चुका है। सपा जिलाध्यक्ष ने अपनी ओर से जारी बयान में ये भी कहा कि यह भी बताने का कष्ट करें कि कोतवाल का क्या हुआ? अब इसे उसी वायरल वीडियो के बयान से जोड़कर देखा जा रहा है।

# बच्चों को प्रवेश दिलाने को निकाली लॉटरी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत अलाभित समूह दुर्बल वर्ग के बच्चों को कक्षा एक और पूर्व प्राथमिक कक्षा में प्रवेश दिए जाने को लेकर बुधवार को डीएम कार्यालय में लॉटरी निकाली गई।

सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, बीएसए रोशनी सिंह के समक्ष 2026 - 27 शैक्षिक सत्र में प्रवेश दिए जाने को लेकर लॉटरी निकालने की प्रक्रिया अपनाई गई। लाटरी पद्धति के माध्यम से 1001 बच्चों को कॉन्वेंट स्कूलों में प्रवेश दिए जाने की कार्रवाई हुई। जिले के विभिन्न स्थानों के अभिभावकों द्वारा कुल 3202 आवेदन किए गए। जिसमें से 1810 बच्चों के आवेदन ठीक मिले। जिन्हें लॉटरी सिस्टम में शामिल किया गया। लॉटरी सिस्टम के माध्यम से 1001 बच्चों को 2026-27 में प्रवेश दिया जाएगा। अन्य आवेदन रिजेक्ट कर दिए गए। बताते हैं कि इसके पीछे वजह यह रही की अदर वार्ड में अदर ग्राम पंचायत के लोगों ने आवेदन कर दिया।


डीएम कार्यालय में लॉटरी के दौरान सीडीओ और बीएसए।

● **कुल 3202 आवेदनों में से 1810 बच्चों के आवेदन ठीक मिले**

● **लाटरी से 1001 बच्चों को कॉन्वेंट स्कूलों में प्रवेश दिलाया जाएगा**

लखनऊ राज्य परियोजना कार्यालय के आदेश के मुताबिक तीन चरणों में आवेदन की तिथियां निर्धारित की गई हैं। प्रथम चरण में दो फरवरी से 16 फरवरी, दूसरा चरण 21 फरवरी से सात मार्च, तीसरा चरण 12 मार्च से 25 मार्च तक निर्धारित किया गया है। प्रथम चरण में जो आवेदन प्राप्त हुए उनकी लॉटरी बुधवार को निकली गई। इस दौरान जिला समन्वयक राकेश पटेल, पवन अग्रवाल भी मौजूद रहे। बीएसए रोशनी सिंह ने बताया कि अगले चरण की लॉटरी दिए गए रोस्टर के मुताबिक निकाली जाएगी। जो आवेदन अर्ह पाए गए हैं उनको शैक्षिक सत्र 2026 27 में प्रवेश दिया जाएगा।

# शिविर में स्वरोजगार के लिए किया गया प्रेरित



शिविर में मौजूद प्रशिक्षक व महिलाएं। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार:** क्रिसिल फाउंडेशन के माध्यम से ग्राम पुरवा भूड़ा में बुधवार को शिविर लगाया गया। इसमें किसानों और समूह की महिलाओं ने बैंक से जुड़ी योजनाओं के बारे में जानकारी ली।

आरसेटी से जगदीश कुमार, क्रिसिल फाउंडेशन के केंद्र प्रबंधक संजीव कुमार ने फिलिप बुक के माध्यम से बैंक में चल रही योजनाओं के बारे में बताया। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, अटल पेंशन योजना, बचत खाता, नामांकित व्यक्ति, कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, पासबुक एंट्री करने के बारे में चर्चा की गई। लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। बीसी सखी पिंकी देवी, अनिल कुमार, राधा रानी वर्मा, माया देवी, प्रीति देवी, मीरा देवी, मीना देवी आदि मौजूद रहे।

# सपा जिला उपाध्यक्ष गिरफ्तार

संवाददाता, अमरिया (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मखदूम खां की गिरफ्तारी और शांतिभंग में चालान के बाद एसडीएम द्वारा देर शाम तक जमानत न देने पर मामला तूल पकड़ गया। सपा ने विरोध के सुर दिखाए तो खलबली मच गई।

अमरिया थाने में दर्ज की गई रिपोर्ट में उन्नाव के धवानी खेड़ा गुलरिहा निवासी मिथुन कुमार ने बताया कि वह भट्टे पर ढुलाई करते हैं। उनका अमरिया क्षेत्र के एक भट्ठे पर भी संतोषजनक कार्य चल रहा है।मगर भट्ठा मालिक मखदूम खां और उसका भाई शारिक अत्यधिक कार्य करने का दबाव बना रहा है। विरोध करने पर 16 फरवरी को शाम के सात बजे कमरे में बंद कर लिया गया। पेड़ से उल्टा लटकाने की कोशिश की गई। शोर मचाने पर लोग वहां काफी लोग जमा हुए और उसको किसी तरह बचाया। इसके बाद से लगातार धमकी दी जा रही थीं। पुलिस ने भट्ठा मालिक और उसके भाई के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जिसके बाद आरोपी मखदूम खां को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान किया गया है। बताते हैं कि मखदूम खां समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष हैं।

● **शांतिभंग में चालान के बाद एसडीएम द्वारा देर शाम तक जमानत न देने पर मामला तूल पकड़ा**

● **सोशल मीडिया पर पोस्ट सपा नेताओं ने जारी की, पुलिस प्रशासनिक अफसर अमरिया पहुंचे**

**सपा ने की विरोध की तैयारी:** बताते है कि आरोपी मखदूम खां सपा के जिला उपाध्यक्ष है। शांतिभंग में चालान के बाद जब देर शाम तक जमानत नहीं मिली तो सपा की ओर से विरोध की तैयारी शुरू कर दी गई । सोशल मीडिया पर भी पोस्ट समाजवादी पार्टी के नेताओं की ओर से जारी की गई। इसके बाद पुलिस प्रशासनिक अफसर भी अमरिया पहुंच गए।

उधर, सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा का कहना है कि मखदूम खां की एक तहरीर गई थी। दोनों पक्षों में सुलह भी हो गई। इसके बाद समझौता नामा देने के लिए गए थे और फिर पुलिस ने सत्ता के दबाव में पकड़ कर चालान कर दिया। उन्हें जेल भेजने की तैयारी की जाती रही। उधर पूर्व जिला महासचिव यूसुफ कादरी का कहना है कि इस प्रकरण को लेकर जिलाधिकारी से गुरुवार को मुलाकात की जाएगी।

# दौड़ प्रतियोगिता में निशा और मुन रहे प्रथम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय डिग्री कॉलेज बीसलपुर में किया गया। इसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित करके कराई गई।

युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। 1600 मीटर की दौड़ में मनु यादव प्रथम, रवि सिंह द्वितीय, सूरज तृतीय रहे। 800 मीटर की दौड़ में निशा पाल प्रथम, सीमा गंगवार द्वितीय और प्रियांशी गंगवार तृतीय रही। जिला संगठन मंत्री रौनक पाल, जिला संयोजक आयुष मिश्रा, अमनदीप सिंह, प्रखर अवस्थी, अजीत सिंह , जयपाल सिंह, संजय आदि मौजूद रहे।


विजेता को पुरस्कृत करते अतिथि।

● **अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से हुआ कार्यक्रम**

# वन विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे किसान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें किसानों और उनसे संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हुए। इसमें किसानों से जुड़ी समस्याएं रखते हुए समाधान की मांग की गई।

भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा ने कहा कि वन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते हाथियों समेत अन्य जंगली जानवरों के द्वारा किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इस पर अंकुश लगाया जाए और फसलों के नुकसान का मुआवजा दिलाएं। बाघ हमले में हो रही मौतों पर रोक लगाने के लिए ठोस उपाय करने की मांग की गई। कहा कि जंगल की तार फेंसिंग कराई जाए। भाकियू चढ़ूनी के प्रदेश सचिव गुरविन्दर सिंह हुन्दल ने कहा कि क्षेत्र में छुट्टा पशुओं से किसान अत्यधिक परेशान हैं। रातभर खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं।



गांधी सभागार में मौजूद डीएम समेत अन्य अधिकारी व किसान नेता। ● अमृत विचार

● **हाथियों द्वारा फसलें उजाड़ने, बाघ हमले में हो रही मौतों की रोकथाम की उठाई मांग**

पूरनपुर से बंडा मार्ग पर स्थित गांव घाटमपुर, घुंघचिहाई, बलरामपुर, गुलडिया भूपसिंह, सिकरहना में छुट्टा पशुओं के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्थायी समाधान के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाए। गेहूं क्रय केन्द्र अधिक संख्या में स्थापित करने का भी अनुरोध किया गया। यह भी अवगत कराया गया कि किसानों पर नया संशोधित बिजली बिल लागू न किया जाए। गेहूं पकने के समय यदि दिन में बिजली कटती है तो उसकी भरपाई रात में बिजली देकर की जाए, ताकि सिंचाई प्रभावित न हो। डीएम ने किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम ने ग्रामीण क्षेत्र में 70 वर्ष से अधिक की आयु के व्यक्तियों के अधिक से अधिक संख्या में आयुष्मान कार्ड बनवाये जाने की अपील की है।

किसान दिवस में कृषकों को विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों के द्वारा अपने विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर एसपी सुकीर्ति माधव मिश्रा, सीडीओ राजेन्द्र कुमार श्रीवास, डीएफओ भारत कुमार, उप कृषि निदेशक राम मिलन सिंह परिहार, सीवीओ डॉ.पीके त्यागी, जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम, जिला कृषि अधिकारी नरेन्द्र पाल, डीपीआरओ रोहित भारती, मंडी सचिव प्रवीन कुमार अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# सावधानी ही जीवन की सुरक्षा है, इसका रखें ध्यान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** डिवाइन कॉलेज में सड़क सुरक्षा को लेकर भाषण प्रतियोगिता बुधवार को हुई। इसका उद्देश्य यातायात नियमों का पालन करके दुघर्टनाओं की रोकथाम के लिए युवाओं को जागरूक करना रहा। सुरक्षित सफर के लिए हेलमेट / सीटवेल्ट पहनने की अपील की गई।


भाषण प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रा।

कहा कि वाहन सीमित गति से चलाएं और नशे में वाहन न चलाएं। वाहन चलाते वक्त मोबाइल का इस्तेमाल न करें। सावधानी ही जीवन की सुरक्षा है..का संदेश दिया गया। भाषण प्रतियोगिता में बीएड, बीएलएड के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इसमें भारतवीर, मुन्तहा, प्रिया सिंह, हेमन्त, रतन प्रभा, खुशी भारती, मेघा, पायल, रामसिंह, श्रेयांशी गुप्ता, अनुष्का सिंह, स्नेहा शर्मा, खुशी सक्सेना, स्वाति गुप्ता, आकाश मौर्य, यश गंगवार, मधु, संजना, पूजा, स्वाति वर्मा, धनदेवी, मनुपाल, नीलोफर, पंखुड़ी, सपना, सोनी वर्मा, ऊषा राना आदि ने प्रतिभाग किया। बीएलएड प्रथम वर्ष की छात्रा प्रिया सिंह ने बताया कि हमेशा गति सीमा के भीतर ही गाड़ी चलाएं। करीब 70 प्रतिशत मौतों के लिए तेज गति जिम्मेदार है। छात्रा चांदनी गंगवार ने बताया कि नशे की हालत में वाहन चलाने से बचे, यह जानलेवा हो सकता है। यश गंगवार, ऊषा राना ने भी विचार रखे।

आज का मौसम | 27.0° अधिकतम तापमान | 14.0° न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 06.47 | सूर्यास्त 06.06

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com


2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष द्वितीया 03:59 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 19 फरवरी 2026, वर्ष 7, अंक 86, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# भारत एआई में असाधारण सफर की ओर, हम इसमें भागीदार बनने को प्रतिबद्ध : पिचाई

- गूगल सीईओ ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात, इंडिया-अमेरिका कनेक्ट इनिशिएटिव की घोषणा की




नई दिल्ली, एजेंसी

गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने बुधवार को कहा कि भारत एआई के क्षेत्र में एक 'असाधारण सफर' पर अग्रसर है और कंपनी देश के इस एआई बदलाव में भागीदार बनने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पिचाई ने कहा, एआई हमारे जीवनकाल का सबसे बड़ा बदलाव है। उन्होंने स्वास्थ्य जांच में सुधार से लेकर किसानों को वास्तविक समय में जानकारी व चेतावनी देने जैसी बड़ी चुनौतियों का व्यापक स्तर पर समाधान करने की इसकी क्षमता पर भी प्रकाश डाला।


नई दिल्ली में गूगल के सीईओ के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। • एजेंसी

उन्होंने उल्लेख किया कि भारत की विविधता, भाषाई परिवेश और मजबूत डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा इसे नवाचार के लिए एक शक्तिशाली आधार और वैश्विक स्तर पर एआई के लोकतंत्रीकरण के लिए एक ठोस खाका बनाता है। पिचाई ने इस बात पर जोर दिया कि एआई को अपनाते समय विश्वास, सुरक्षा और समावेशन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। एआई को विभिन्न भाषाओं व स्थानीय संदर्भों में काम करना चाहिए। इसे ऐसे वास्तविक लाभ प्रदान करने चाहिए जिन पर लोग भरोसा कर सकें। विश्वास तब बढ़ता है जब प्रौद्योगिकी पारदर्शी, जिम्मेदार व परिणामों पर आधारित होती है। (संबंधित कारोबार पेज पर)

### गूगल के सीईओ बोले-अगला वैश्विक एआई दिग्गज भारत से निकलने में कोई बाधा नहीं

**नई दिल्ली।** सुंदर पिचाई ने कहा कि भारत में ऐसा बदलाव हो रहा है जिससे अगला वैश्विक एआई दिग्गज यहीं से निकल सकता है। देश में एआई के लिए अनुकूल परिवेश विकसित हो चुका है और भारत असाधारण स्वदेशी कंपनियां बना रहा है। उन्होंने फ्लिपकार्ट और ओयो जैसी स्टार्टअप कंपनियों का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत सफल और असाधारण कंपनियां तैयार कर रहा है। पिचाई ने कहा, यह पहले ही बदल चुका है। जब आप फ्लिपकार्ट और ओयो जैसी कंपनियों को देखते हैं, तो ये सभी यहीं की स्वदेशी कंपनियां हैं और बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। बेंगलुरु जैसे केंद्रों में डेवलपर की ऊर्जा अद्वितीय है और यहां का उद्यमिता परिवेश फलता–फूलता है। पिचाई ने एआई क्षेत्र में प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि सर्वम जैसी कंपनियों द्वारा स्थानीय एआई मॉडल विकसित करना यह दर्शाता है कि उन्नत नवाचार अब घरेलू स्तर पर हो रहा है।

### भारत-अमेरिका के बीच समुद्री केबल बिछाएगी गूगल, 3 करोड़ डॉलर के साइंस चैलेंज की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारत की एआई क्षमता पर बड़ा दांव लगाते हुए गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने बुधवार को भारत, अमेरिका और अन्य स्थानों के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए समुद्र के भीतर केबल बिछाने की एक नयी पहल की घोषणा की। इसके साथ ही 800 जिलों के दो करोड़ से अधिक लोक सेवकों को क्लाउड अवसंरचना मंच सहायता प्रदान करने के लिए साझेदारी की भी घोषणा की। एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में हिस्सा लेने आए पिचाई ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद कहा, एआई हमारे जीवनकाल का सबसे बड़ा बदलाव है। भारत जैसे देशों के लिए यह पुरानी कमियों को दूर करने और नए अवसर पैदा करने का एक बड़ा मौका है। शोध एवं वैज्ञानिक नवोन्मेषण को बढ़ावा देने के लिए गूगल ने तीन करोड़ डॉलर के एआई फॉर साइंस इम्पैक्ट चैलेंज की घोषणा की। यह पहल अगली पीढ़ी की वैज्ञानिक खोजों में लगे एआई शोधकर्ताओं का समर्थन करेगी।

### रोबोटिक डॉग विवाद के बाद गलगोटिया समिट से बाहर

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के गलगोटिया विश्वविद्यालय को समिट में प्रदर्शित एक चीन–निर्मित रोबोटिक डॉग को अपना नवाचारी उत्पाद कहकर पेश किए जाने के बाद सोशल मीडिया पर उठे विवाद के बीच बुधवार को अपना स्टॉल खाली करने के लिए कह दिया गया। ग्रेटर नोएडा स्थित विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने एक टीवी चैनल के साथ बातचीत में इस रोबोटिक डॉग को अपने स्तर पर विकसित उत्पाद बताया था, जबकि वह असल में चीन की कंपनी यूनिट्री रोबोटिक्स का उत्पाद निकला। (विस्तृत कारोबार पेज पर)

## ब्रीफ न्यूज

### आई-पैक छापेमारी ईडी की याचिका पर सुनवाई 18 मार्च को

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने मंगलवार को ईडी की उस याचिका पर सुनवाई 18 मार्च तक स्थगित कर दी जिसमें आरोप लगाया गया है कि पश्चिम बंगाल सरकार, जिसमें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी शामिल हैं, ने आई–पैक कार्यालय और उसके निदेशक के परिसर में कथित कोयला चोरी घोटाले के संबंध में ईडी के छापे के दौरान बाधा डाली। पीठ ने उस वक्त मामले की सुनवाई स्थगित की जब सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि दिन के दौरान जवाब दाखिल किया जाएगा।

### गर्भवती पत्नी का कैंची से गला काटने वाला चार्टर्ड अकाउंटेंट गिरफ्तार

**झज्जर।** एक चार्टर्ड अकाउंटेंट को अपनी गर्भवती पत्नी की कैंची से गला काटकर हत्या करने और इसे लूटपाट की कोशिश का रूप देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, अंशुल धवन (31) ने पिछले साल सितंबर में महक (27) से शादी की थी। दोनों गुरुग्राम में काम करते थे। थाना प्रभारी ने बताया कि रविवार रात को पुलिस को सूचना मिली कि कुछ अज्ञात लोगों ने अंशुल को लूटने की कोशिश की, उसकी कार छीन ली और उसकी पत्नी का अपहरण कर लिया।

### दिल्ली दंगा: जमानत नहीं देने के खिलाफ सुनवाई करेगी शीर्ष अदालत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में एक आरोपी को जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताई। पीठ ने आरोपी अब्दुल खालिद सैफी की याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। सुनवाई के दौरान, पीठ ने कहा कि आरोपी मामले में पांच सह–आरोपियों को जमानत देने के पिछले महीने के शीर्ष अदालत के फैसले के साथ समानता का दावा नहीं कर सकता। याची की ओर से पेश वकील से कहा, अगर आप हमारे फैसले पर समानता का दावा कर रहे हैं, तो हम सीधे मना कर देंगे।

# निजी अंग पकड़ना व पायजामे का नाड़ा खींचना रेप का प्रयास ही माना जाएगा

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इसे रेप की तैयारी बताया था, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला पलटा

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक विवादास्पद आदेश को रद्द करते हुए कहा है कि निजी अंग पकड़ना और पायजामे का नाड़ा खींचना बलात्कार का प्रयास है। हाईकोर्ट ने अपने विवादित आदेश में कहा था कि निजी अंग पकड़ना व पायजामे का नाड़ा खींचना बलात्कार करने की केवल तैयारी हैं।

सीजेआई सूर्यकांत व न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची एवं न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि विवादित आदेश को आपराधिक न्यायशास्त्र के स्थापित सिद्धांतों के स्पष्ट रूप से गलत प्रयोग के कारण रद्द किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने स्वतः संज्ञान लेकर दायर याचिका पर 10 फरवरी को यह आदेश पारित किया। न्यायालय ने याचिका में इलाहाबाद हाईकोर्ट के इस आदेश का संज्ञान लिया है कि केवल निजी अंग पकड़ना और पायजामे का नाड़ा खींचना बलात्कार के अपराध के बराबर नहीं है। उच्च न्यायालय के फैसले को शीर्ष अदालत ने रद्द कर दिया और मामले के दो आरोपियों के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत



दर्ज बलात्कार के प्रयास के मूल कड़े आरोपों को बहाल कर दिया। पीठ ने कहा, हम उच्च न्यायालय के इस निष्कर्ष से सहमत नहीं हो सकते कि इस मामले में आरोप केवल तैयारी से संबंधित थे और वे बलात्कार करने का प्रयास का नहीं थे। उसने कहा, आरोपियों द्वारा किया गया प्रयास हमें स्पष्ट और अनिवार्य रूप से इस निष्कर्ष पर पहुंचाता है कि शिकायतकर्ता और अभियोजन पक्ष द्वारा बलात्कार के प्रयास से संबंधित प्रावधान लागू किए जाने का प्रथम दृष्टया मामला बनता है। विवादित निर्णय आपराधिक न्यायशास्त्र के स्थापित सिद्धांतों के स्पष्ट रूप से गलत प्रयोग के कारण रद्द किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि इन आरोपों को सरसरी तौर पर देखने पर भी इस बात को लेकर रत्ती भर संदेह की गुंजाइश नहीं रहती कि जो मामला बनता दिख रहा है, वह यह है कि आरोपियों ने आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार) के तहत अपराध करने के पूर्व निर्धारित इरादे से ये हरकतें कीं। पीठ ने कहा, 17 मार्च, 2025 का विवादित फैसला रद्द किया जाता है और 23 जून, 2023 का वह मूल समन आदेश बहाल किया जाता है जो विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो), कासगंज ने पारित किया था। उसने साथ ही कहा, यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि इस न्यायालय ने इस फैसले में जो टिप्पणियां की हैं, वे केवल शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत मामले के प्रथम दृष्टया परिप्रेक्ष्य में की गई हैं और इन्हें आरोपियों की दोषसिद्धि को लेकर किसी प्रकार की राय नहीं समझा जाना चाहिए। हाईकोर्ट ने 17 मार्च 2025 को कहा था कि किसी लड़की के निजी अंग पकड़ना व पायजामे का नाड़ा खींचना बलात्कार का मामला नहीं है।

### न्यायाधीशों के नजरिये पर दिशानिर्देश बनाने के लिए समिति गठित करे राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी : शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने न्यायिक दृष्टिकोण में संवेदनशीलता विकसित करने की जरूरत का उल्लेख करते हुए राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी को निर्देश दिया कि वह यौन अपराध के मामलों की सुनवाई करने वाले न्यायाधीशों के नजरिये को लेकर दिशानिर्देश तैयार करने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित करे। शीर्ष अदालत ने भोपाल स्थित अकादमी को 'यौन अपराधों और अन्य संवेदनशील मामलों के संदर्भ में न्यायाधीशों और न्यायिक प्रक्रियाओं में संवेदनशीलता और करुणा विकसित करने के लिए दिशानिर्देश तैयार करना' विषय पर एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करने को कहा है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची तथा न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने 10 फरवरी को पारित आदेश में कहा कि संवैधानिक अदालतों ने विभिन्न कदम उठाए हैं लेकिन अब तक के प्रयासों से कोई लाभ नहीं हुआ है।

# शिक्षा-स्वास्थ्य सबको सुलभ हो, ये व्यवसाय नहीं : भागवत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- पश्चिमी शिक्षा मॉडल ने भारत की मौलिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचाया
- शोध, संस्कृति धर्म और पर्यावरण पर संघ प्रमुख का व्यापक दृष्टिकोण

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि शिक्षा व स्वास्थ्य समाज की मूलभूत आवश्यकताएं हैं और इन्हें व्यवसाय नहीं बनाया जा सकता। ये सुविधाएं सबके लिए सुलभ होनी चाहिए। वे बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में आयोजित शोधार्थी संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे।

डॉ. भागवत ने कहा कि पश्चिमी देशों ने भारत की पारंपरिक शिक्षा व्यवस्था को हटाकर अपनी प्रणाली थोपी, जिससे उनके लिए काम करने वाले काले अंग्रेज तैयार हो सकें। अंग्रेजों द्वारा शिक्षा व्यवस्था में जो विकृति लाई गई, उसे ठीक करना आज की आवश्यकता है। वैश्वीकरण पर टिप्पणी करते हुए संघ प्रमुख ने कहा कि आज वैश्वीकरण का अर्थ बाजारीकरण तक सीमित हो गया है, जो खतरनाक प्रवृत्ति है। भारत की सोच वसुधैव कुटुंबकम् की है, जहां पूरे विश्व को एक परिवार माना जाता है। उन्होंने कहा कि जब तक सभी सुखी नहीं होंगे, तब तक कोई एक व्यक्ति भी सुखी नहीं हो सकता। उपभोगवादी जीवन के बजाय संयम और त्याग का जीवन ही भारतीय संस्कृति का मूल है। पश्चिमी देशों ने जड़वाद फैलाया है, जहां बलशाली बनकर जीने और बाधा बनने वालों को मिटाने की सोच हावी है। उन्होंने कहा कि आज विश्व की समस्याओं का समाधान भारत के पास है, लेकिन विश्व गुरु बनने के लिए सभी क्षेत्रों में शक्तिशाली बनना होगा। संघ के उद्देश्य पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का लक्ष्य भारत को परम वैभव सम्पन्न बनाना है।

### शोध की भूमिका अहम

डॉ. भागवत ने कहा कि भारत की दिशा और दशा बदलने में शोध की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सत्यपरक और प्रामाणिक शोध के बिना देश को सही मायनों में समझा नहीं जा सकता। उन्होंने शोधार्थियों से आह्वान किया कि वे तन–मन–धन से, नि:स्वार्थ भाव से और पूर्ण प्रामाणिकता के साथ देशहित में शोध करें। उन्होंने कहा कि संघ को लेकर बहुत दुष्प्रचार होता है, ऐसे में शोधार्थियों का दायित्व है कि वे सत्य को सामने लाएं।

### धर्म शाश्वत और सर्वव्यापी

भागवत ने कहा कि धर्म का स्वरूप शाश्वत है और सृष्टि जिन नियमों से चलती है, वही धर्म है। कोई भी कण धर्मनिरपेक्ष नहीं हो सकता। धर्म सभी को सुख पहुंचाने वाला है। आचरण देश, काल, परिस्थितियों के अनुसार बदलता है, धर्म का मूल भाव अपरिवर्तित रहता है सबके साथ मिलकर जीना।

# फिल्म यादव जी की लव स्टोरी के निर्माता निर्देशक, कलाकारों पर रिपोर्ट दर्ज

- फिल्म रिलीज होने पर सिनेमाघरों में विरोध प्रदर्शन की चेतावनी

**संभल।** फिल्म यादव जी की लव स्टोरी का विरोध बढ़ता ही जा रहा है। तहसील गुन्नौर क्षेत्र के धनारी थाना में गांव भकरौली निवासी अरविंद कुमार की तहरीर पर फिल्म निर्माता संदीप तोमर, निर्देशक अंकित भड़ाना, अभिनेत्री प्रगति तिवारी व अभिनेता विशाल मोहन पर रिपोर्ट दर्ज की गई।

अरविंद ने तहरीर में कहा गया कि फिल्म से यादव समाज की छवि धूमिल होती है। फिल्म में यादव समाज की लड़की और दूसरे समुदाय के युवक की प्रेम कहानी को आपत्तिजनक ढंग से प्रस्तुत कर हमारी संस्कृति को ठेस पहुंचाई गई है। यादव समाज को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि फिल्म रिलीज हुई तो सिनेमाघरों में प्रदर्शन का विरोध किया जाएगा। धनारी थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# पर्ल ग्रुप के खिलाफ 10,000 करोड़ की कुर्की के आदेश

**नई दिल्ली।** ईडी ने बुधवार को कहा कि उसने चंडीगढ़ स्थित पीएसीएल (पर्ल्स ग्रुप) के खिलाफ धन शोधन की जांच के तहत 10,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 247 अचल संपत्तियों पर शिकंजा कसते हुए अब तक का सबसे बड़ा एकल कुर्की आदेश जारी किया है। इस समूह पर 48,000 करोड़ रुपये की पोंजी योजना को अंजाम देने का आरोप है। संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि पीएमएलए के तहत अस्थायी रूप से जब्त की गई संपत्तियां पंजाब के एसएएस नगर (मोहाली), रूपनगर और जीरकपुर में स्थित हैं। कुर्क की गयी 247 संपत्तियों की पहचान निवेशकों के धन से अधिग्रहित संपत्तियों के रूप में की गई है।

# रास की 37 सीटों पर चुनाव 16 मार्च को

- इनमें 25 सीटें विपक्ष, एनडीए की 12 सीटें हुई खाली

**नई दिल्ली।** राज्यसभा की 37 सीट पर 16 मार्च को होने वाले द्विवार्षिक चुनाव में भाजपा की स्थिति मजबूत रहने की संभावना है क्योंकि जिन 10 राज्यों में ये सीट रिक्त हो रही हैं, उनमें से छह में पार्टी की सरकार है या वह सत्तारूढ़ गठबंधन में साझेदार है। कुल 37 सीट दो और नौ अप्रैल को रिक्त होने वाली हैं।

निर्वाचन आयोग के अनुसार, जिन राज्यों में ये सीट रिक्त हो रही हैं उनमें महाराष्ट्र (7सीट), ओडिशा (4), तेलंगाना (2), तमिलनाडु (6), छत्तीसगढ़ (2), बंगाल (5), असम (3), हरियाणा (2), हिमाचल प्रदेश (1) व बिहार (5) शामिल हैं। चुनाव के लिए अधिसूचनाएं 26 फरवरी को जारी की जाएंगी। स्थापित परंपरा के अनुसार, 16 मार्च को मतदान सुबह नौ बजे से शाम चार बजे के बीच होगा और उसी दिन शाम पांच बजे से मतगणना की जाएगी। महाराष्ट्र, ओडिशा, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा और असम में भाजपा की सरकारें हैं या वह सत्तारूढ़ गठबंधन में साझेदार है। इससे पार्टी को उच्च सदन में बहुमत हासिल करने में मदद मिलेगी।

वहीं, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में, विपक्षी पार्टियां सत्ता में हैं। महाराष्ट्र में, यदि विपक्षी महाविकास आघाडी एकजुट होकर चुनाव लड़ता है।

# बसपा अकेले लड़ेगी विस चुनाव : मायावती

- सपा, कांग्रेस व भाजपा को बताया डा. आंबेडकर विरोधी
- मायावती ने पत्रकार वार्ता में बंगला मिलने पर भी की स्थिति साफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि बसपा वर्ष 2027 के विधान सभा चुनावों में अकेले ही मैदान में उतरेगी। जब भी बसपा ने गठबंधन किया तो उसका भारी नुकसान पार्टी को हुआ। उन्होंने सपा, कांग्रेस और भाजपा पर निशाना साधते हुए आंबेडकर की विचारधारा का विरोधी बताया।

साथ ही दिल्ली में मिले बंगले के बारे में सफाई देते हुए कहा कि उनकी सुरक्षा के मद्देनजर कांग्रेस सरकार के समय से ही केंद्र सरकार से टाइप-8 स्तर का बंगला मिलता रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि पिछले कुछ समय से बसपा द्वारा अन्य दलों से गठबंधन करने की अफवाहें फैलाई जा रही हैं जो पूरी तरह निराधार हैं। गठबंधन से उन्हें कभी भी फायदा नहीं हुआ। इसके विपरीत बड़ा सियासी नुकसान उठाना पड़ा। गठबंधन के दलों ने उनका वोट तो ले लिया, लेकिन अपना वोट बसपा को ट्रांसफर नहीं किया। उन्होंने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा बसपा के संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि 9 अक्टूबर-25 को आयोजित विशाल रैली में भी किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करने की घोषणा की थी। मायावती ने दिल्ली में आवंटित बंगले के बारे में फैलाई जा रही कथित खबरों पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। कहा कि सपा सरकार के समय वर्ष 1995 में लखनऊ के स्टेट गेस्ट हाउस में उन पर किए गए हमले के बाद से ही केंद्र सरकार द्वारा उच्च स्तर की सुरक्षा के साथ ही टाइप-8 बंगला मिलता रहा है। कहा कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आएंगे, विपक्षी दल घिनौनी साजिशें करके दुष्प्रचार करते रहेंगे, जिससे बसपा को सत्ता से दूर रखा जा सके।

नाराजगी | विधानसभा अध्यक्ष ने कहा– विधायकों को सम्मान देना अनिवार्य

# फोन न उठाने वाले अधिकारियों का व्यवहार संवैधानिक नहीं : महाना

- शिक्षा मित्रों की उपेक्षा, मुफ्त बिजली, मनरेगा, ट्रांसफर और बजट पर गरमाई विधानसभा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधानसभा में बुधवार को जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों के संबंधों, मुफ्त बिजली, शिक्षा मित्र, मनरेगा, ट्रांसफर नीति, बिजली व्यवस्था और बजट जैसे अहम मुद्दों पर विधायकों-मत्रियों में तीखी बहस हुई। वहीं, जिलों में अधिकारियों द्वारा विधायकों के फोन न उठाए जाने के मामले में विधानसभाध्यक्ष सतीश महाना ने अपना निर्णय सुनाते हुए कहा कि अधिकारियों का यह आचरण संवैधानिक योजना के अनुरूप नहीं है।



महाना ने स्पष्ट किया, संविधान के अनुच्छेद 164 के अंतर्गत मंत्रिपरिषद राज्य विधानसभा के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी है। जनहित के कार्यों के लिए संपर्क किए जाने पर अधिकारियों का दायित्व है कि वे सदन के सदस्यों को समुचित सम्मान दें और उन्हें सुनवाई का अवसर प्रदान करें। उन्होंने चेताया कि शासनादेशों का पालन न करना अधिकारियों की सेवा नियमावली का उल्लंघन है और ऐसी स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने संसदीय कार्य मंत्री से अनुरोध किया कि शासन स्तर से इस संबंध में जारी आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए, ताकि सदन के विशेषाधिकार या किसी सदस्य की अवमानना की स्थिति उत्पन्न न हो। इसी दौरान मुफ्त बिजली का मुद्दा भी जोर-शोर से उठा। भाजपा और समाजवादी पार्टी के सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। मुफ्त बिजली को लेकर सरकार की नीतियों और दावों पर सवाल खड़े किए, जबकि भाजपा ने विपक्ष पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। कुछ देर के लिए सदन में शोर-शराबे की स्थिति भी बनी। सरकार की ओर से इस पर स्थिति की समीक्षा और आवश्यक सुधार का भरोसा दिलाया गया। सत्र के दौरान कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना ने मनरेगा कानून में बदलाव के विरोध में हुए प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज, गिरफ्तारी और नजरबंदी का मुद्दा उठाया।

### माता प्रसाद के आरोपों को खन्ना ने किया खारिज

नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि विरोध करना संवैधानिक अधिकार है और सरकार का रवैया अधिनायकवाद की ओर बढ़ता जा रहा है। जवाब में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सरकार विपक्ष के अधिकारों का हनन नहीं कर रही है। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन के अनुभवों का हवाला देते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में विपक्ष के साथ इससे कहीं कठोर व्यवहार हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### पुष्पेंद्र ने बढ़ाया मान मिला सम्मान



**बरखेड़ा, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग की 39 वीं मंडलीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का मंगलवार को स्वर्ण जयंती स्पोर्ट्स स्टेडियम (ओसीएफ) शाहजहांपुर में आयोजन हुआ। जिसमे ब्लॉक बरखेड़ा के कंपोजिट विद्यालय पुरैनिया रामगुलाम के छात्र पुष्पेंद्र ने 200, 400 और 600 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर व्यक्तिगत चैंपियनशिप पर कब्जा किया। स्कूल प्रबंधन ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### नोडल अध्यापकों का प्रशिक्षण संपन्न

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए नामित नोडल अध्यापकों का चल रहा तीन दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को संपन्न हुआ। दोनों बैच में 50-50 शिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण ग्रहण किया गया। शिक्षकों को आउट ऑफ स्कूल बच्चों के चिन्हांकन व नामांकन के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। शारदा कार्यक्रम के तहत प्राथमिक व जूनियर स्तर के विभिन्न विषयों के शिक्षण मॉड्यूल्स का प्रशिक्षण दिया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण ज्ञान प्रकाश गंगवार , उमेश गिरि गोस्वामी, एआरपी प्रिया उत्तम, रूपेंद्र कुमार द्वारा दिया गया।

### गांधी स्टेडियम में सेल्फी प्वाइंट का लोकार्पण

**पीलीभीत, अमृत विचार :** नगरपालिकाध्यक्ष डॉ .आस्था अग्रवाल का विकास कार्यों को जनता को समर्पित करने का क्रम बुधवार को भी जारी रहा। नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित 28 दिन, 28 लोकार्पण अभियान के तहत शहर के गांधी स्टेडियम में खेल प्रेमियों के लिए विशेष पहल की गई। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज खिलाड़ी कपिल देव, पूर्व कप्तान सौरव गांगुली और भाला फेंक खेल से संबंधित स्टैचू आधारित सेल्फी प्वाइंट का निर्माण कार्य पूरा होने पर चेयरमैन द्वारा लोकार्पण किया गया। मौजूद लोगों ने नव निर्मित सेल्फी प्वाइंट को खेल प्रतिभाओं को प्रेरित करने वाला कदम बताया। इस मौके पर जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह, वेटलिफ्टिंग कोच महेश कुमार, हॉकी कोच प्रगति सिंह, तोताराम, पंकज तिवारी, दीप अग्रवाल, रोहित कुमार, विकास सिंह, विपिन त्यागी, साकेत सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### निपुण बच्चों के लिए किया पुरस्कृत

**जहानाबाद, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सरौरी में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों को विभाग की योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान निपुण बच्चे सम्मानित किए गए। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष संतोष कुमार गंगवार, एआरपी शुभम सक्सेना, पारुल जायसवाल, पुष्पेंद्र कुमार, चेतना कुमारी, प्रेमलता आदि मौजूद रहे।

# दोनों पालियों में 38987 परीक्षार्थियों ने दी हिंदी विषय की परीक्षा

## यूपी बोर्ड की परीक्षा: 69 परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट करते रहे निगरानी, परीक्षार्थियों को चेकिंग के बाद दिया गया प्रवेश

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** सीबीएसई के बाद अब यूपी बोर्ड की परीक्षाएं बुधवार से शुरु हो गईं। पहले दिन हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में हिंदी का पेपर हुआ। परीक्षार्थी एक दिन पहले ही अपना कक्ष और अनुक्रमांक का मिलान कर गए थे। दोनों पालियों में 38987 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 2419 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा को लेकर प्रशासनिक अमला व्यवस्थाओं में जुटा रहा। अफसरों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

यूपी बोर्ड परीक्षा संपन्न कराने के लिए जनपद में 69 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। बुधवार को समस्त परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं संपन्न कराई गई। पहली पाली में हाईस्कूल और दूसरी में इंटर में हिंदी विषय का पेपर हुआ। सुबह से शहर के ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राम इंटर कॉलेज, वीरागंना अवंती बाई इंटर कॉलेज, एस एन इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल इंटर कॉलेज, अंगूरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज समेत अन्य परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की भीड़ जुटना शुरू हो गई।

परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले परीक्षार्थियों को चेकिंग के बाद प्रवेश दिया गया। प्रवेश पत्र के साथ आईडी से भी मिलान किया गया। परीक्षा केंद्र के आसपास फोटो स्टेट और किताबों की दुकानें बंद रही। पहली पाली में 23923 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिनमें 22436 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जबकि 1487 ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा ठीक साढ़े आठ बजे से पौने 12 बजे तक कराई गई। परीक्षा के दौरान ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में बनाए गए कंट्रोल रुम से शहर के कई केंद्रों को ऑनलाइन चेक किया गया। इस दौरान कहीं भी कोई गड़बड़ी नहीं मिली। सेक्टर, जोनल और डीआईओएस ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। डीआईओएस ने पहले दिन पूरनपुर क्षेत्र में शारदा पार वाले परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट का हिंदी का पेपर हुआ। इसमें कुल 18376परीक्षार्थी पंजीकृत रहे। जबकि 16551 ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। जबकि 932 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए केंद्रों पर पुलिस बल भी तैनात रहा। परीक्षा के दौरान सचल दल के अलावा पहले दिन डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ड्रमंड कॉलेज पहुंचे। जहां उन्होंने कंट्रोल रुम से परीक्षा केंद्रों को चेक किया। साथ ही वहां बनाए गए परीक्षा केंद्र को भी चेक किया। कई परीक्षार्थियों की कॉपी भी देखी गई। पहले दिन पेपर को परीक्षार्थी ने हिंदी का पेपर सरल और सहज बताया। कुछ प्रश्नों के उत्तर उलझाने वाले थे। लेकिन बाद में वह भी हल कर दिए गए।



अवंतीबाई इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

- **सुबह से केंद्र के बाहर उमड़ी परीक्षार्थियों की भीड़**

"यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में पहले दिन हिंदी का पेपर हुआ है। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। कहीं भी कोई नकलची नहीं पकड़ा गया। सीसीटीवी और स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा गया। दोनों पालियों में 2419 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। – **राजीव कुमार सिंह**, डीआईओएस।



परीक्षा देकर लौटे परीक्षार्थी सहपाठियों के साथ पेपर का मिलान करते ।

### 1644 छात्र और 738 छात्राएं अनुपस्थित

पहले दिन ही हिंदी के पेपर में 2419 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। इनमें सबसे अधिक बालक रहे। जबकि बालिकाओं की संख्या कम रही। सरकारी आंकड़ों के अनुसार हाईस्कूल के हिंदी पेपर में 13331 बालक और 10592 बालिका पंजीकृत थी। इनमें 12343 बालक और 10093 बालिकाओं ने परीक्षा दी। जबकि 988 बालक और 499 बालिकाओं ने परीक्षा छोड़ दी। इसी तरह इंटर में भी 10768 बालक और 7608 बालिका पंजीकृत थी। इनमें 10069 बालक और 6482 बालिका उपस्थित रही। इसी तरह 699 बालक और 233 बालिकाओं ने परीक्षा छोड़ दी। जबकि पिछले वर्ष 1644 बालक और 738 बालिकाएं अनुपस्थित रही थी।



परीक्षा से पहले काफी डर लग रहा था कि पेपर कैसा आया होगा। मगर, पेपर हाथ में आने के बाद काफी राहत मिली। जो पढ़कर गए थे, उसी हिसाब से पेपर आया। बहुविकल्पीय आसान थे। – **अर्जुन**, परीक्षार्थी हाईस्कूल



हिंदी के पेपर को लेकर काफी तैयारी की थी। पेपर ठीक ठाक रहा। पूछे गए प्रश्न पत्र के सवाल सही लिखकर आए हैं। जीवन परिचय और व्याख्या काफी सरल थी। फिलहाल पेपर ठीक हुआ है। – **प्रिया**, परीक्षार्थी हाईस्कूल



हिंदी का पेपर ठीक ठाक रहा। पेपर में छह नंबर गद्यांश थोड़ा कठिन रहा। हालांकि ओवरऑल पेपर अच्छा रहा। काफी में ठीक से लिखा है। अच्छे अंक आने की पूरी उम्मीद है। – **मोहित कुमार**, परीक्षार्थी हाईस्कूल



हिंदी के पेपर में बहुविकल्पीय के कुछ प्रश्नों ने काफी देर तक उलझाकर रखा। संदर्भ व्याख्या आदि के प्रश्न आसान थे। पिछली साल का जो पेपर देखा उसकी तुलना पेपर काफी सरल रहा। – **रिया**, परीक्षार्थी हाईस्कूल

# मुकद्दस रमजान के लिए सजा बाजार, पहला रोजा आज

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- **बुधवार शाम चांद दिखने के बाद घरों में तैयारियां शुरू**

**अमृत विचार:** मुकद्दस रमजान बृहस्पतिवार से शुरू हो रहा है। इसको लेकर घरों में सहरी और इफ्तार की तैयारी पूरी कर ली गई हैं। वहीं रमजान को लेकर बाजार भी गुलजार हो गया है। बुधवार शाम चांद दिखने के बाद शहर की मस्जिदों में तरावीह भी शुरू हो गई।

रमजान शरीफ को अल्लाह की इबादत का खास माह कहा जाता है। उलेमाओं के मुताबिक इस माह में हर इबादत का सवाब 70 गुना बढ़ जाता है। लोग अपने गुनाहों से तौबा करते हैं और रोजा रखकर पांच वक्त की नमाज अदा करते हैं। बुधवार शाम को चांद दिखने के बाद मस्जिदों में तरावीह नमाज अदा की गई। सभी तैयारियों में जुट गए। गुरुवार को रमजान का पहला रोजा होगा। मुकद्दस रमजान को लेकर बाजार पूरी तरह सज गए। कोतवाली रोड, जामा मस्जिद, लाल रोड, बेलों का चौराहा, कमल्ले चौराहा समेत विभिन्न मुस्लिम इलाकों में रौनक देखने को मिली। जहां रोजेदार खजरा और फैनी की खरीदारी करते देखे गए। वहीं फलों की मांग और बढ़ गई है। रोजे के समय खजूर और मेवा की डिमांड अधिक रहती है। त्योहारों को देखते हुए फलों के साथ मेवा की कीमतें भी बढ़ रही हैं। खजरा और सिवई की मांग भी बढ़ने लगी है। जो रमजान के चलते हाथों हाथ बिक रही है।

### पठान महासंघ की बैठक में दी गई जानकारी

इधर शहर के मोहल्ला भूरे खां में आखिल भारतीय पठान महासंघ की बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि शहर के सभी मस्जिदों में रोजेदार नमाजियों के लिए पानी उपलब्ध कराने के लिए अतिरिक्त वाटर टैंक लगवा दिए गए है। जिससे रोजदारों को किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। मस्जिदों की साफ सफाई कराकर चटाई भी बढ़ाई गई है। बैठक में नगर पालिका प्रशासन से शहर की सभी मस्जिदों, दरगाहों के आसपास पथ प्रकाश, सफाई व्यवस्था कराने और पेयजल की आपूर्ति जारी रखने की मांग की गई। बैठक में पठान महासंघ के अध्यक्ष शुऐब अहमद खां, पूर्व सभासद मोहम्मद आमिर खां, पूर्व सभासद नियाज अहमद, असद खां, भोला खां, जाकिर मियां खां, मुदस्सिर खां, तनवीर खां, डॉ. फैसल खां, अतहर शाह खां समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज के प्राचार्या ने किया निरीक्षण

**पीलीभीत, अमृत विचार:** मेडिकल कॉलेज का प्राचार्या डॉ. संगीता अनेजा ने बुधवार को निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड सहित विभिन्न विभागों की व्यवस्थाएं परखीं।

करीब एक घंटे तक चले निरीक्षण के दौरान कई तरह की अव्यवस्थाएं सामने आईं। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई। प्राचार्या ने इमरजेंसी वार्ड पहुंचकर भर्ती मरीजों को मिल रही चिकित्सा सुविधाओं, साफ-सफाई, ड्यूटी चार्ट और स्टाफ की उपस्थिति की जांच की। इस दौरान कुछ कर्मचारी और चिकित्सक निर्धारित समय पर ड्यूटी पर मौजूद नहीं मिले। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई और निर्देश दिए कि ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल की व्यवस्था से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा, जो कर्मचारी समय से ड्यूटी पर उपस्थित नहीं होंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। देरी से आने वालों की वेतन कटौती के भी निर्देश दिए।

# 1038 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, 16 गैरहाजिर

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- **सीबीएसई बोर्ड : 12वीं के परीक्षार्थियों ने दिया फिजिकल एजुकेशन का पेपर**

**अमृत विचार :** सीबीएसई बोर्ड की 10वीं की परीक्षा के साथ 12वीं की परीक्षा भी शुरु हो गईं। बुधवार को सात केंद्रों पर 12वीं का फिजिकल एजुकेशन का पेपर कराया गया। इसे लेकर परीक्षार्थी खुश दिखाई दिए और मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिली। परीक्षार्थी के अनुसार जो तैयारी की थी, पेपर भी उसी तरह से आया। परीक्षा में 1038 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। जबकि 16 गैरहाजिर रहे।

सीबीएसई बोर्ड की ओर से सात परीक्षा केंद्र निर्धारित किए हैं। बुधवार को पहली पाली में सुबह 10:30 बजे से केंद्रों पर 12वीं का फिजिकल एजुकेशन का पेपर कराया गया। हालांकि 10वीं की परीक्षा नहीं रही। इस परीक्षा में कुल 1054 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें सेंट अलॉयसियस कॉलेज में 179 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिनमें 175 उपस्थित हुए। जबकि चार गैरहाजिर पाए गए। इसी तरह बेनहर पब्लिक स्कूल में 169 में 166 उपस्थित रहे। मगर तीन परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

लायंस बाल विद्या मंदिर स्कूल में 196 में सिर्फ एक अनुपस्थित रहा। इसके अलावा पूरनपुर तहसील क्षेत्र में सेंट जोसेफ में 159 में सिर्फ एक परीक्षार्थी नहीं आया। जबकि स्वामी एजुकेशनल में पांच परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे और 209 ने परीक्षा दी। लकी चिल्ड्रेन में 65 में 64 ने परीक्षा दी।

एक अनुपस्थित रहा। बीसलपुर तहसील में मदर पब्लिक स्कूल में भी 72 में 71 ने परीक्षा दी। सुबह 10 बजे से ही परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की भीड़ लगने लगी। जहां गेट पर ड्यूटी में लगे शिक्षकों ने चेकिंग करने के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया।

प्रवेश पत्र से फोटो का भी मिलान किया गया। बोर्ड की ओर से निर्धारित समय पर पेपर शुरू हुआ। परीक्षा के दौरान कोऑर्डिनेटर परीक्षा केंद्रों को निरीक्षण करते दिखाई दिए। किसी के पास कोई नकल नहीं मिली। सिटी कॉओर्डिनेटर एन सी पाठक ने बताया कि 1054 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें सिर्फ 16 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि 1038 ने सात केंद्रों पर परीक्षा दी।



परीक्षा देने पहुंचे विद्यार्थी। ● अमृत विचार

# खेल महोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**पीलीभीत, अमृत विचार:** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव की शुरुआत प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा, प्रबंधक देवेन्द्र सिंह छाबड़ा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन करके कराई। प्राथमिक वर्ग (पीएनसी से कक्षा दो) के बच्चों में पहले दिन उत्साह रहा। सॉसर ऑन द कोन रेस, पिक एंड रन रेस सॉसर इन द बकेट रेस, टॉर्टाइज़ रेस (कछुआ दौड़), हर्डल रेस, एनिमल रेस आकर्षण का केंद्र रहीं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रबंधन ने कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग हैं। ऐसे आयोजन बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न करते हैं तथा उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाते हैं।

# सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला

**संवाददाता, बीसलपुर**

- **पांच दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का समापन**

**अमृत विचार:** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का पांचवें दिन समापन हो गया। सड़क सुरक्षा दिवस के रूप में इसे मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत लक्ष्यगीत एवं राष्ट्रगान के साथ की गई। जागरुकता गोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि यातायात पुलिस के परवेज चौधरी रहे। उन्होंने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि प्रतिदिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण नियमों की अनदेखी, तेज गति, लापरवाही और वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग है। उन्होंने हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, ट्रैफिक सिग्नल का पालन, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा नाबालिगों को वाहन न देने की विशेष अपील की।

स्वयंसेवकों को बताया कि सड़क सुरक्षा केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। स्वयंसेवकों ने मुख्य सड़क पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने हाथों में स्लोगन युक्त तख्तियां लेकर रैली निकाली व पंपलेट वितरित किए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोहित पटेल ने आभार व्यक्त किया।



सड़क सुरक्षा की जानकारी देते ट्रैफिक पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

# अब पीटीआर के बाहर मिलेगी विकास को रफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- **कुटीर उद्योगों के साथ होमस्टे पर सशर्त छूट**
- **अटके आठ प्रोजेक्टों की राह भी हुई आसान**

**अमृत विचार:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व के इको सेंसटिव जोन घोषित किए जाने के बाद अब इसके दायरे को लेकर चली संशय की स्थिति खत्म हो चुकी है। ऐसे में अब टाइगर रिजर्व के आसपास क्षेत्र में तेजी से विकास हो सकेगा। वहीं लंबे समय से अटके पड़े आठ प्रोजेक्टों पर भी नए सिरे से अमल हो सकेगा। हालांकि इको सेंसटिव जोन के दो किमी के दायरे में बड़ी औद्योगिक गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा। मगर, कुटीर उद्योगों के साथ होमस्टे आदि पर सशर्त छूट दी जाएगी।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व 730.2498 वर्ग किमी क्षेत्रफल में फैला हुआ है। जिसमें 602.798 वर्ग किमी का कोर क्षेत्र एवं 127.4518 वर्ग किमी का बफर क्षेत्र शामिल है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के आसपास विस्तार और सीमा को परिस्थितिक, पर्यावरणीय और जैव विविधिता की दृष्टि से बीते मंगलवार को वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की ओर से इको सेंसटिव जोन की अधिसूचना जारी की गई है। इसमें जंगल सीमा से 02 किमी के क्षेत्र को इको सेंसटिव जोन घोषित किया गया है। इको सेंसटिव जोन घोषित किए जाने के बाद अब इसके संरक्षण और प्रबंधन के लिए व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत दो साल में एक जोनल मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। वन अफसरों के मुताबिक इस प्लान में पर्यावरण, वन, शहरी विकास, पर्यटन और राजस्व सहित 11 विभागों का सहयोग लिया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाना है। डीएम की अध्यक्षता में गठित कमेटी इको सेंसटिव जोन की अधिसूचना में निहित प्रस्तावों पर कोई आपत्ति या सुझाव आदि के लिए लोग 60 दिन के अंदर लिखित रूप से अपना पक्ष रख सकते हैं।

### ईसीजेड के दायरे में 575 वर्ग किमी

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के इको सेंसटिव जोन (ईसीजेड) का क्षेत्रफल 575 वर्ग किमी तय किया गया है। ईसीजेड का निर्धारण होने के बाद जंगल सीमा से सटे 230 गांव इसके दायरे में आए हैं। इसमें सर्वाधिक 112 गांव माला रेंज के अंतर्गत शामिल हुए हैं। जबकि महोफ रेंज के अंतर्गत 13, बराही के 59, हरीपुर रेंज के 16 और दियोरिया रेंज के अंतर्गत 30 गांव ईसीजेड की जद में आए हैं। ईसीजेड का निर्धारण होने के बाद अब टाइगर रिजर्व के आसपास क्षेत्र में दायरे को लेकर चली आ रही संशय की स्थिति पर विराम लग चुका है। ऐसे में अब पर्यटन को लेकर व्यापक नीति के अनुसार होम स्टे और होटल आदि तय परिधि में विकसित हो सकेंगे। हालांकि बड़ी औद्योगिक गतिविधियां पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी।

# ट्रेड डील समाप्त न हुई तो दिल्ली की सड़कों पर आंदोलन

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- **भाकियू प्रदेश अध्यक्ष ने पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं को बड़े आंदोलन को तैयार रहने के दिए निर्देश**

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमी उत्तरप्रदेश विजेंद्र सिंह यादव ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को किसान विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि यदि ट्रेड डील को समाप्त नहीं किया तो भारतीय किसान यूनियन दिल्ली की सड़कों पर अनिश्चितकालीन आंदोलन करेगी। उन्होंने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहने का आहवान किया। इससे पूर्व पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया।

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह यादव बुधवार पूर्वान्ह पीलीभीत पहुंचे। मंडी समिति परिसर स्थित कृषक विश्राम गृह में मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह काहलों, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा, युवा जिलाध्यक्ष गुरदीप सिंह समेत अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

कृषक विश्राम गृह में जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में पंचायत हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान में जो भारत-अमेरिका व्यापार समझौता हुआ है। इसके तहत देश के किसानों को अपनी उपज सस्ते दामों पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इसका असर दूध उत्पादकों पर भी पड़ेगा। कहा कि केंद्र सरकार देश के किसानों की लगातार उपेक्षा कर रही है और अब इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने शीघ्र ही ट्रेड डील को समाप्त नहीं किया तो भारतीय किसान यूनियन द्वारा दिल्ली की सड़कों एवं लोकसभा पर अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा। कार्यकर्ताओं का आहवान करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी एक बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहे। इसके अलावा किसानों की समस्याओं पर भी वार्ता की गई। इस मौके पर वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान, जिला महामंत्री नेमीचंद वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी गुरजीत सिंह, सोनू शाह, घासीराम यादव, स्वराज सिंह, इलियास, रंगीला खान, दशरथ सिंह, हिमांशु गंगवार, भरत सिंह, अमित गंगवार, यशपाल सिंह, दिलशाद रजा, आदि मौजूद रहे।



पंचायत के दौरान जिलाध्यक्ष से जानकारी लेते भाकियू प्रदेश अध्यक्ष। ● अमृत विचार

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा। TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
डॉ. दीपक माहेश्वरी MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

## शहर में आज

- ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव सुबह 09 बजे से।
- यूपी बोर्ड पहली पाली में कंप्यूटर की परीक्षा सुबह 8.30 बजे से।
- सात परीक्षा केंद्रों पर सीबीएसई बोर्ड परीक्षा सुबह 10.30 बजे से।
- समस्त राशन की दुकानों पर राशन सुबह 08 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### अधिवक्ता पर हमले की कोशिश, रिपोर्ट

**पीलीभीत,अमृत विचार** : थाना गजरौला क्षेत्र के गांव बिठौरा निवासी लोकेंद्र नाथ मिश्रा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह पेशे से अधिवक्ता है। गांव के ईश्वरी प्रसाद से रंजिश चल रही है। 17 फरवरी को वह कचहरी से लौट रहे थे। तभी ईश्वरी प्रसाद, उनकी पत्नी और बिहारीलाल ने उन्हें रास्ते में घेर लिया और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। आरोप है कि ईश्वरी प्रसाद ने उन पर तेजाब फेंकने का प्रयास किया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### ई-रिक्शा चालक के खिलाफ रिपोर्ट

**पीलीभीत,अमृत विचार** : बरखेड़ा के कुंदनपुर गौटिया निवासी जगतपाल सिंह सुनगढ़ी थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया बेटी शिखा देवी 11 फरवरी को डायलिसिस के लिए जिला अस्पताल जा रही थीं। असम चौराहे से ई-रिक्शा पर बैठी, चालक झंकार सिंह शराब के नशे में तेज गति से वाहन चला रहा था। मना करने के बावजूद उसने गति कम नहीं की और मंडी गेट के पास रिक्शा पलट दिया। हादसे में शिखा घायल हो गई। वह जिला अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार** : बिलसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम पतिजिया निवासी संजीव कुमार अपने साथी बरेली जिले के गुलड़िया गांव निवासी अरविंद कुमार के साथ मंगलवार रात बाइक से शाहजहांपुर से लौट रहे थे। खनका गांव के पास ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनों घायल हो गए। सीएचसी से दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### सड़क हादसे की बाइक नंबर के आधार रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार** : ग्राम मुड़िया हुलास निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि 13 फरवरी को उसके पिता हरीश कुमार बीसलपुर जा रहे थे। वह नवोदय अस्पताल टिकरी माफी के सामने बाइक के करीब खड़े थे। तभी बीसलपुर की ओर से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। जिसमें पिता की मौत हो गई। पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# ट्रैक्टर पलटने से चालक की दबकर मौत, मिल में हंगामा

## चीनी मिल गेट पर शव रखकर चार घंटे परिजनों ने किया विरोध प्रदर्शन, हादसे की सूचना न देने पर गुस्साए थे


मृतक देवेंद्र पाल।

- पुलिस ने दिया आश्वासन तो बमुश्किल मानें परिवार के लोग

संवाददाता, पीलीभीत/बरखेड़ा

**अमृत विचार:** बजाज हिंदुस्थान बरखेड़ा चीनी मिल में ट्रैक्टर चालक की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ। परिवार को हादसे की सूचना दिए बिना शव को घर भिजवा दिया। गुस्साए परिजनों ने चीनी मिल गेट पर शव रखकर हंगामा किया। करीब चार घंटे विरोध प्रदर्शन चला। फिर बमुश्किल परिवार की मदद का आश्वासन देकर शांत कराया गया। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम डंडिया राझे के रहने वाले 32 वर्षीय देवेंद्र पाल पुत्र मेवाराम ठेकेदार के अंडर में बजाज हिंदुस्तान चीनी मिल में 10 साल से अधिक समय से ट्रैक्टर चालक पद पर काम करते थे। उनकी ड्यूटी रात आठ बजे से सुबह आठ बजे तक बैगास ले जाने में थी। कई अन्य चालक भी लगे हुए थे। मंगलवार रात को वह तय समय पर ड्यूटी पर आ गए थे। बताते हैं कि बुधवार सुबह करीब पांच बजे वाहनों में बैगास भरी जा रही थी। एक ट्रैक्टर-ट्रॉली स्टार्ट होकर बैगास के ढेर पर खड़ी थी। शौच कर आने के बाद नजदीक में ही देवेंद्र पाल बैठे हुए थे। इसी दौरान ढेर पर खड़ी स्टार्ट ट्रैक्टर ट्रॉली पलटते हुए आई और उसमें देवेंद्र पाल दब गए। इसके बाद परिसर में हड़कंप मच गया।

पहले घायल देवेंद्र को बरखेड़ा के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां से रेफर किए जाने पर पीलीभीत ले गए। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद कुछ लोग शव को मृतक के घर छोड़ गए। पूर्व में किसी तरह की कोई सूचना परिवार को न देने और मौत को लेकर संदिग्धता प्रतीत होने पर परिवार वाले आक्रोशित हो गए।

ग्रामीणों के साथ परिवार वाले बजाज चीनी मिल पहुंचे और गेट पर ही शव रखकर विरोध् प्रदर्शन कर दिया। मिल के जिम्मेदारों की लापरवाही को हादसे की वजह बताते हुए कार्रवई की मांग की। इसकी सूचना मिलने पर बरखेड़ा पुलिस भी पहुंच गई। करीब चार घंटे तक मिल गेट पर हंगामा चलता रहा। मिल के अधिकारियों ने भी वार्ता की। बैगास ठेकेदार मुजफ्फरनगर का है। इसका मुनीम मौके पर ही था। मिल के अधिकरियों ने ठेकेदार से वार्ता की। परिवार ने एक सदस्य की नौकरी और आर्थिक मदद की मांग की। मिल प्रबंधन से मिले आश्वासन के बाद बमुश्किल उन्हें शांत कराया जा सका। फिर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।


हादसे के बाद चीनी मिल गेट पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

### मृतक के दो भाई भी चीनी मिल में करते हैं मजदूरी

बजाज मिल ही मृतक के दो भाई भी मजदूरी करते हैं। बताते हैं कि देवेंद्र पाल के बड़े भाई वीरेंद्र पाल व छोटे भाई रविंद्र पाल की ड्यूटी सुबह छह बजे से थी। जब वह बुधवार सुबह ड्यूटी पर गए थे। उस वक्त भी मिल प्रबंधन की ओर से उन्हें कुछ नहीं बताया गया। उस वक्त तक देवेंद्र को मिल से अस्पताल के लिए भिजवाया जा चुका था। बाद में जब अन्य श्रमिकों से जानकारी हुई तो परिवार की नाराजगी और बढ़ गई थी। मृतक की मां देववती, पत्नी आशा देवी का रोकर बुरा हाल रहा। मृतक के दस वर्षीय पुत्र राज है।

### केंद्रीय मंत्री को कराया अवगत

हादसे की जानकारी मिलने पर क्रांतिकारी विचार मंच के प्रांतीय संरक्षक एवं किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने परिवार को मदद दिलाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता की। उन्होंने बताया कि केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद को भी पूरे मामले से अवगत कराया गया है। चीनी मिल प्रशासन ने शव घर भिजवा दिया और पुलिस तक को सूचना देने की जहमत नहीं उठाई। ये भी बताया कि केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद के निर्देश पर अधिकारियों से वार्ता हुई। मृतक देवेंद्र पाल की पत्नी को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।


हादसे के बाद विलाप करती मृतक देवेंद्र पाल के परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

### मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्रॉली से कुचलकर युवक की मौत

पीलीभीत, अमृत विचार : हजारा क्षेत्र में खनन में इस्तेमाल होने वाले वाहनों से फिर हादसा हो गया। मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्रॉली से कुचलकर युवक की मौत हो गई। हादसा मंगलवार देर शाम रामनगर तिराहे के पास हुआ। मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार 26 वर्षीय ग्राम बहादुर नगर (रामनगर) निवासी भूपेंद्र पुत्र लालचंद की मौत हो गई। परिवार में हादसे के बाद कोहराम मचा रहा। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

## गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त को सुनाई गई सजा

**विधि संवाददाता, पीलीभीत, अमृत विचार:** गैंगस्टर एक्ट के तीन साल पुराने मामले में एक अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा सुनाई गई।

अभियोजन कथानक के अनुसार थाना बरखेड़ा में 20 जुलाई 2022 को एसओ उदयवीर सिंह की ओर से गैंगस्टर एक्ट की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जिसमें बरेली जिले के थाना क्योलड़िया क्षेत्र के ग्राम विजासिन /निवासी राजू उर्फ राजवीर पुत्र रामदास समेत आठ आरोपी बनाए गए थे।

आरोप था कि ये गिरोह वाहन चोरी की घटनाएं करता है। विवेचना के बाद पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की। अभियुक्त राजू उर्फ राजवीर के जुर्म इकबाल करने पर उससे संबंधित पत्रावली एक जनवरी 2026 को पृथक की गई। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट गीता सिंह ने दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के बाद फैसला सुनाया। अभियुक्त राजू उर्फ राजवीर को दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई तीन साल सात माह की कैद और पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर पांच दिन अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। राज्य सरकार की ओर से पैरवी अभियोजन अधिकारी अमित कुमार शुक्ला ने की।

## राज्यमंत्री ने विधानसभा में की विश्वविद्यालय की मांग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** विधानसभा में बजट सत्र के दौरान पीलीभीत जनपद के विकास से जुड़े मुद्दे उठाए गए। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने पीलीभीत में विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग रखी। कहा कि उत्तराखंड एवं नेपाल सीमा से सटा जनपद शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने की क्षमता रखता है।

राज्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में छात्रों और विशेषकर छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए बरेली, लखनऊ समेत अन्य दूरस्थ शहरों का रुख करना पड़ता है। इससे आर्थिक और सामाजिक दोनों प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में पीलीभीत में विश्वविद्यालय की स्थापना समय की आवश्यकता है। राज्यमंत्री ने भगा मोहम्मद पुल के निर्माण का मुद्दा भी उठाया। सदन में जानकारी दी कि पुल निर्माण को स्वीकृति मिल चुकी है और शीघ्र बजट जारी कर दिया जाएगा। पुल निर्माण से क्षेत्रीय आवागमन में सुगमता आएगी। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में कमल खिला है तो पीलीभीत भी विकास की नई रोशनी से आलोकित हुआ है। जनपद में तेजी से हो रहे औद्योगिक विकास का हवाला देते हुए कहा कि भरा पचपेड़ा क्षेत्र में एशिया का सबसे बड़ा एथेनॉल प्लांट स्थापित हो चुका है और शीघ्र ही उत्पादन प्रारंभ होने की संभावना है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।


सदन में विकास के मुद्दे उठाते राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार।

## पीलीभीत पहुंची रोटरी क्लब की पीस रैली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** रोटरी क्लब मंडल 3110 के क्लबों द्वारा मंडलाधीश राजन विद्यार्थी के नेतृत्व में बुधवार को पीस रैली का पीलीभीत आगमन हुआ। सुबह बरेली से चल कर दोपहर करीब डेढ़ बजे रैली पीलीभीत पहुंची। इस दौरान रोटरी क्लब पीलीभीत, पीलीभीत ग्रेटर व मातृशक्ति की टीम ने जेएमबी तिराहे पर रैली का स्वागत किया।

इसके बाद रैली नौगवां (रोटरी) चौराहा पर पहुंची। क्लब के अध्यक्ष डॉ. अनिल सक्सेना, नगर पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने रैली का स्वागत किया। परंपरागत रीति से नगर प्रवेश के लिए चाबी सौंप कर सम्मानित किया। इस मौके पर मोहन गुप्ता, जगदीश अरोड़ा, अनुज अग्रवाल, राजेंद्र सिंह छाबड़ा, डॉ अनुरिता सक्सेना,कपीश अग्रवाल, एसपीएस संधू, अदिति जायसवाल,मनीषा अग्रवाल,अनिल अग्रवाल, मोनिका बंसल,पूजा छाबड़ा, गरिमा बंसल, देवेंद्र सिंह छाबड़ा,श्रवण अग्रवाल, ईश बंसल, रूपाली अग्रवाल, पूनम चंद्रा, पावन कटियार, यशी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

इस दौरान बताया कि यह रैली बरेली से चल कर पीलीभीत, रुद्रपुर, हल्द्वानी, नैनीताल, काशीपुर, रामपुर, बदायूं, कासगंज, मथुरा, आगरा, अलीगढ़ फर्रुखाबाद , कन्नौज और कानपुर होते हुए 23 फरवरी को शांति सेमिनार के साथ बरेली में समाप्त होगी। पीलीभीत में नौगवां चौराहे से एकता सरोवर,छतरी चौराहा और गांधी स्टेडियम से नकटादाना होते हुए ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल पहुंचकर शांति सभा में परिवर्तित हुई। यहां से रोटरी अध्यक्ष डॉ. अनिल सक्सेना ने हरी झंडी दिखाकर रुद्रपुर की ओर रवाना किया।



चाबी सौंपने के दौरान मौजूद रोटरी क्लब पदाधिकारी व नगर पालिकाध्यक्ष।

- रोटरी क्लब, ग्रेटर व मातृशक्ति की टीम ने जेएमबी तिराहे पर किया रैली का स्वागत

## पूर्व सभासद पर जेई से अभद्रता का आरोप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- टीएसी जांच के दौरान हुआ था विवाद, एसपी से शिकायत
- सीओ सिटी को सौंपी गई जांच, महिला आयोग को भेजा पत्र

**अमृत विचार** : नगर पालिका की महिला अवर अभियंता (जलकल) ने पूर्व सभासद पर ड्यूटी के दौरान अभद्रता और सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई है। प्रकरण की जांच सीओ सिटी को सौंप दी गई है और जल्द ही संबंधित पक्षों के बयान दर्ज किए जाएंगे।

नगरपालिका में कार्यरत राजरानी ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 17 फरवरी को डिग्री कॉलेज चौराहे पर मंडलायुक्त बरेली मंडल की विशेष टीम (टीएसी) नालों की जांच कर रही थी। इस दौरान नगर पालिका की टीम के साथ वह भी संयुक्त निरीक्षण करा रही थीं। आरोप है कि उसी समय पूर्व सभासद शिवली अहमद मौके पर पहुंच गए और उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। उनका आरोप है कि सरकारी जांच की जानकारी देने के बावजूद वह नहीं माने और जोर-जोर से बोलते हुए माहौल खराब करने का प्रयास किया। इससे जांच कार्य प्रभावित हुआ। महिला जेई ने इसे सार्वजनिक स्थल पर अभद्र व्यवहार और सरकारी कार्य में बाधा करार दिया है। ये भी बताया कि पूर्व में भी सरकारी कार्य में हस्तक्षेप और धमकी देने संबंधी शिकायत पुलिस से की जा चुकी है। पुलिस के अलावा महिला जेई ने महिला आयोग को पत्र भेजा है। एसपी के निर्देश पर प्रकरण की जांच सीओ सिटी को सौंपी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## मेडिकल कॉलेज में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- एमबीबीएस 2024 और 2025 बैच के छात्र-छात्राओं ने दीं रंगारंग प्रस्तुतियां

**अमृत विचार** : स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में बुधवार को फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। एमबीबीएस बैच 2024 और 2025 के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन अर्शी और हर्षित कुमार (स्टूडेंट्स कल्चरल हेड), प्रणव (स्टूडेंट्स कल्चरल सेक्रेटरी) ने किया। ऑडियो-विजुअल व्यवस्था में मृदुल, इजलाल और राशि का सहयोग रहा। एमबीबीएस 2025 बैच के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं ने मंच पर औपचारिक परिचय दिया और चिकित्सा क्षेत्र में समर्पित सेवा का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता अनेजा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रमाकांत सागर और डॉ. राजेश कुमार ने नवागत छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर विस्तार जानकारी दी। साथ ही उन्हें सेवा का संकल्प दिलाया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, आत्मानुशासन और टीमवर्क के महत्व को बताया। इस मौके पर उप प्राचार्य डॉ. अरुण सिंह, डॉ. शिखा सक्सेना, डॉ. श्रेयसी वक्श, डॉ. दीपिका वर्मा, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. ज्योति त्रिवेदी, डॉ. प्रियंका चतुर्वेदी, डॉ. पंकज केसवानी, डॉ. प्रदीप शेखावत, डॉ. पूजा सिंधवानी, डॉ. स्नेह सुमन, डॉ. अभिषेक रस्तोगी, डॉ. शकील अहमद आदि मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी ग्रामीण की मौत

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव फूटा कुआं कुरैया का रहने वाला 34 वर्षीय मोहम्मद शकील पुत्र शमशुद्दीन बुधवार को देर शाम गांव के बाहर की तरफ खड़े हुए थे। इस दौरान गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें शकील उसके नीचे दब गए। चालक ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़कर भाग गया। मौके पर काफी ग्रामीण जमा हो गए। इसके बाद बमुश्किल बाहर उन्हें बाहर निकाला लेकिन तब तक शकील की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस मामले की जानकारी की। चालक के बारे में भी कुछ लोगों ने बताया। फिलहाल शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। मृतक के चार बच्चे है। इंस्पेक्टर प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। तहरीर मिलने कर कार्रवाई की जाएगी।

## युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- परिजन ने पोस्टमार्टम कराने से कर दिया इन्कार

**अमृत विचार** : एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर ली। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लाए थे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हुई। पुलिस ने सूचना मिलने पर जानकारी की। मगर परिजन ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया।

सुनगढ़ी क्षेत्र के कांशीराम कॉलोनी निवासी एक युवक ने सोमवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद तबीयत खराब होने पर परिजनों को लगा कि उसने भांग का सेवन कर लिया है। उल्टियां होने पर उन्होंने इलाज कराने को कहा, लेकिन उसने थोड़ी देर में ठीक होने की बात कहकर टाल दिया। पूरी रात वह घर पर ही रहा और कमजोरी की शिकायत करता रहा। मंगलवार को हालत ज्यादा बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसे भर्ती कराया गया।

बताया जा रहा है कि युवक पहले रईस मिल में कार्यरत था। कुछ समय पहले उसने कपड़े की दुकान खोली थी। कारोबार में धनराशि बाजार में फंस जाने के कारण वह मानसिक तनाव में था। बुधवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पोस्टमार्टम के संबंध में बातचीत की, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि मामले की सूचना मिली थी, परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे।

## गबन का आरोपी इल्हाम व पत्नी पकड़ से दूर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पुलिस की चार टीमें लगाईं, कई दिन बाद भी नहीं मिली सफलता
- आरोपी ने पत्नी के खाते में भेजी थी सरकारी एक करोड़ धनराशि

**अमृत विचार:** एक करोड़ से अधिक सरकारी धनराशि का गबन करने के आरोपी डीआईओएस कार्यालय में नियम विरुद्ध तरीके से बाबूगिरी का कार्य संभाल रहे बीसलपुर के इंटर कॉलेज के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी इल्हाम उर्रहमान शम्सी और उसकी पत्नी अर्शी खातून को एफआईआर के कई दिन बाद भी गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। पुलिस की चार टीमें गठित की गईं लेकिन धरपकड़ में सफलता नहीं मिली है। पूरे खेल में अन्य जिम्मेदारों की भूमिका को लेकर उठ रहे सवालों को लेकर प्रशासनिक स्तर से कोई निर्णय नहीं लिया जा सका है। फिलहाल डीआईओएस कार्यालय के जिम्मेदार प्रकरण को दबाने का प्रयास करने में जुटे हैं।

बीसलपुर के जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी इल्हाम उर्रहमान शम्सी को अटैचमेंट के नाम पर कई सालों से डीआईओएस कार्यालय में अहम पटल देकर बाबूगिरी कराई जा रही थी। डीआईओएस कार्यालय में अगर कोई कार्य कराना है तो इल्हाम से होकर ही गुजरना होगा। उसकी पूर्व में शिकायतें भी हुई जिम्मेदारों की ओर से सख्ती नहीं बरती गई। बीते दिनों एक मामला बैंक के अधिकारियों की गंभीरता से पकड़ में आया। इल्हाम ने पत्नी अर्शी खातून के खाते में डीआईओएस कार्यालय की वेतन मद से जुड़ी एक करोड़ से अधिक की रकम को स्थानांरित करा दिया था। इस मामले को 4 माह तक दबाए रखा गया लेकिन बाद में पहले निलंबित किया और फिर आरोपी दंपती पर डीआईओएस राजीव कुमार की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई। बताते हैं कि आरोपी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी फरार है। उसकी पत्नी भी नहीं मिल सकी है। पुलिस की चार टीमें लगाई गई हैं। गैर जनपदों में भी दबिश देने की बात कही जा रही हैं, लेकिन अभी शिकंजा नहीं कसा सका है।

### पत्नी की गिरफ्तारी का मचा रहा शोर

इस गंभीर प्रकरण में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी इल्हाम उर्रहमान शम्सी की पत्नी अर्शी खातून को भी आरोपी बनाया गया है। बुधवार को उसे पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने की चर्चाओं का शोर मचा रहा। हालांकि कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने तस्वीर स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि प्रयास किए जा रहे हैं। मगर अभी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

## प्रेम-प्रसंग के चलते किशोरी और युवक ने पिया जहर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- खेत में तड़पते मिले दोनों, सीएचसी से जिला अस्पताल किया रेफर
- सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के एक गांव में हुई घटना से मची खलबली

**अमृत विचार** : सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के चलते किशोरी और युवक ने जहर (कीटनाशक) पी लिया। दोनों गंभीर हालत में गांव के बाहर खेत में पड़े मिले। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें सीएचसी पूरनपुर पहुंचाया, वहां से प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के एक गांव की है। बताते हैं कि यहां की 16 वर्षीय किशोरी का गांव के ही दूसरी बिरादरी के 18 वर्षीय युवक से करीब डेढ़ वर्ष से प्रेम संबंध है। परिजनों को इसकी जानकारी होने पर दोनों के मिलने-जुलने पर रोक लगा दी गई थी।

इसके बावजूद दोनों छिप-छिपकर एक-दूसरे से मिलते रहे। बुधवार सुबह करीब 11 बजे दोनों अपने-अपने घरों से निकल गए। कुछ देर बाद गांव से करीब आधा किलोमीटर दूर गेहूं के खेत में उन्होंने कीटनाशक पी लिया। हालत बिगड़ने पर दोनों चीखने-चिल्लाने लगे।

दोपहर करीब एक बजे पास के खेत में काम कर रहे एक युवक ने कराहने की आवाज सुनी और मौके पर पहुंचा। दोनों की हालत गंभीर देखकर उसने शोर मचाया, जिस पर अन्य ग्रामीण भी वहां जुट गए। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस को खबर दी गई। पुलिस ने दोनों को तत्काल सीएचसी पहुंचाया।

क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया ने अस्पताल पहुंचकर दोनों के परिजनों से घटना की जानकारी ली। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद गांव समेत आसपास के क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना रहा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सेहरामऊ उत्तरी इंस्पेक्टर संजय सिंह ने गांव पहुंचकर लोगों से पूछताछ की।

उन्होंने बताया कि किशोरी और युवक के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध की बात निकलकर सामने आई है।

### शादी का विरोध कर रहे थे परिजन

परिजनों के अनुसार किशोरी की मां का बचपन में ही निधन हो गया था। पिता ने दूसरी शादी कर ली थी। किशोरी अपनी मां की इकलौती संतान है और दादी के पास रहती थी। युवक और किशोरी अलग-अलग बिरादरी से होने के कारण परिवार वाले इस रिश्ते के खिलाफ थे। किशोरी पर युवक से मिलने की सख्त पाबंदी लगा दी गई थी। युवक कुछ दिन पहले मजदूरी के लिए गांव से बाहर गया था और मंगलवार को ही लौटा था। परिजनों ने बताया कि शुरुआत में किशोरी ने युवक की शिकायत की थी, जिस पर उसे समझाया गया था। बाद में दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और शादी की जिद पर अड़ गए। परिवार के विरोध के चलते दोनों ने साथ जीने-मरने की कसम खा ली और यह कदम उठा लिया।

## हादसे में घायल वृद्ध की मौत

**बिलसंडा, अमृत विचार:** ग्राम आजमपुर बरखेड़ा निवासी रामनिवास ने बताया कि उनके पिता रामशंकर लाल (80) गांव रौतापुर मंदिर में पुजारी थे। वह तीन फरवरी को साइकिल से घर आजमपुर बरखेड़ा से बिलसंडा जा रहे थे। तभी ब्लॉक के पास बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे पिता गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सीएचसी से रेफर के बाद बरेली निजी अस्पताल में ले जाया गया। वहां 13 फरवरी को मौत हो गई। एसओ सिद्धांत शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की है।


रामशंकर लाल।

## किशोरी से छेड़छाड़ शिकायत पर भाई को पीटा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मंदिर से लौट रही युवती से बहनोई के घर रह रहे बरेली के युवक ने रास्ते में रोक छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी भाग गया। बाद में पीड़िता के भाई से मारपीट की गई।

क्षेत्र के एक युवक ने जहानाबाद थाने में दी गई तहरीर में बताया कि 15 फरवरी को उसकी बहन गांव के ही मंदिर में पूजा-अर्चना करने गई थी। आरोप है कि मंदिर परिसर में पहले से ही मौजूद बरेली के कमुआ निवासी शिवम जो अपने बहनोई के घर रह रहा है। उसने उसकी बहन से छेड़छाड़ की। बहन के विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़िता ने घर आने के बाद घटना की जानकारी दी। इस पर वह आरोपी के घर पर शिकायत करने के लिए गए थे। आरोप है कि वहां मौजूद शिवम, उसके बहनोई मुकुट बिहारी लाल और अन्य साथियों ने गाली-गलौज शुरू कर मारपीट कीज। इंस्पेक्टर जहानाबाद प्रदीप विश्नोई ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### एक महीने बाद लाखों की चोरी की रिपोर्ट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना ईसानगर क्षेत्र के गां अदलीशपुर निवासी राजेश कुमार के घर 16 फरवरी 2026 की रात चोरी हो गई थी। चोर तीन जोड़ी पायल, दो जोड़ी बिछिया, एक जोड़ी सोने के कुंडल, एक मटरमाला, सोने की छूछी और 29,500 रुपये चोरी कर ले गए थे। उन्होंने घटना की तहरीर पुलिस को दी थी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़ित ने गांव के ही नीश पर संदेह जताया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दो दिवसीय परिवहन मेला 20 फरवरी से

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** एआरटीओ शांति भूषण पांडेय ने बताया कि एआरटीओ परिसर में 20 व 21 फरवरी को दो दिवसीय परिवहन मेला आयोजित किया जाएगा। जिसमें भाड़े या पारिश्रमिक पर संचालित बाइक, तिपहिया मोटर कैब, मैक्सी कैब, विशेष प्रयोजन यान, माल वाहन व राज्य परिवहन उपक्रम के स्वामित्वाधीन सार्वजनिक सेवा यानों के लिए एकमुश्त कर व्यवस्था लागू की गई है। एकमुश्त कर व्यवस्था से जुड़े नियम, कर निर्धारण प्रक्रिया, कर गणना, भुगतान की विधि एवं समय-सीमा के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही वाहन स्वामियों की शंकाओं का मौके पर ही समाधान किया जाएगा।

### सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का प्रयास

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** तगांव सेमरिया निवासी रामआसरे वर्मा ने बताया कि उनकी खेती भूड़ परगना क्षेत्र के गांव तेंदुआ में है। उनके खेत के पास मेड़ मिलान सरकारी नाली आठ फुट की बनी है। उसे गांव के ही राजकुमार, अवधेश कुमार, कमलेश कुमार, राकेश कुमार ने जोतकर अपने खेत में मिल लिया है। अब वह रामासरे की मेड़ तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। लिप्टिस के पेड़ जबरन लगा दिए हैं। उन्होंने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

### सट्टा पर्ची व नगदी के साथ सटोरिया गिरफ्तार

**खीरी टाउन, अमृत विचार :** थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने बताया कि पुलिस ने सट्टा खेलते हुए नगर के मोहल्ला सैयदवाड़ा निवासी अनीस को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 08 सट्टा पर्ची व 38500 रुपये रुपये बरामद किए गए हैं। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

# बिना दस्तावेज दौड़ रहे जुगाड़ वाहनों से हादसे का बना खतरा

## पुलिस की ढीली कार्यशैली के कारण जुगाड़ वाहन चालकों के हौसले बुलंद, अफसरों की अनदेखी किसी भी समय बड़े हादसे का रूप ले सकती है

धीरज सोनी, मूड़ा सवारान



जुगाड़ वाहन पर लदे लोहे के पाइप। ● अमृत विचार



बाइक से बने वाहन पर लदा वजनी सामान। ● अमृत विचार



जुगाड़ वाहन पर लदी कैटरिंग की मेज। ● अमृत विचार



लकड़ी के पटरे लादकर फर्राटा भरता जुगाड़ वाहन। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** अफसरों की अनदेखी के कारण इन दिनों सड़कों पर जुगाड़ वाहन भारी सामान लादकर फर्राटा भर रहे हैं। नियमों की अनदेखी कर जुगाड़ वाहनों से भारी भरकम सामान ढोया जा रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदारों द्वारा इन अवैध वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। जिसका नतीजा यह है कि दिन पर दिन सड़कों पर जुगाड़ वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है। अफसरों की अनदेखी किसी भी समय बड़े हादसे का रूप ले सकती है।

पुरानी बाइक और स्कूटर का प्रयोग कर बनाए गए जुगाड़ वाहन सड़कों पर बेरोकटोक तेज रफ्तार में दौड़ते हुए दिखाई देते हैं। इन जुगाड़ वाहनों पर बजरी, सीमेंट, सरिया, पाइप आदि भारी सामान का परिवहन किया जा रहा है। उनके खिलाफ न तो पुलिस प्रशासन कोई कार्रवाई करता है और न ही परिवहन विभाग इस ओर ध्यान दे रहा है। शहरों में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए अलग से पुलिसकर्मी तैनात हैं लेकिन ट्रैफिक पुलिस की ढीली कार्यशैली के चलते लोगों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि सामान आदि ढोने के लिए दुकानदार भी बाइक, मोपेड के इंजन के कुछ हिस्सों को ठेलिया के आगे जोड़कर व्यापारिक कार्य कर रहे हैं। कुछ वर्ष पूर्व जुगाड़ वाहन सड़कों पर दौड़ते कभी कभार ही दिखाई देते थे। इसके बाद व्यवसायिक कामों के लिए इन वाहनों में इजाफा हो गया। लोगों ने छोटे और बड़े व्यावसायिक कामों में पुरानी बाइक काटकर जुगाड़ वाहन में तब्दील कर लिया। यह वाहन थाने चैकी के सामने से क्षमता से अधिक सामान भरकर गुजरते हैं लेकिन पुलिस और परिवहन विभाग इन वाहनों की रोकथाम पर कोई ध्यान नहीं देता है।

### 20 हजार की लागत में तैयार हो जाता है वाहन

शहर से लेकर कस्बों में लोगों ने जुगाड़ वाहन बनाने का कारखाना खोल रखा है। जुगाड़ वाहन में अधिकतर उन बाइकों का प्रयोग किया जाता है जिनका पंजीकरण समाप्त हो चुका होता है। ठेलिया की चेचिस और पुरानी बाइक को मिलाकर 20 हजार की लागत में जुगाड़ वाहन तैयार हो जाता है।

### वाहन का बदल जाता है वास्तविक स्वरूप

किसी भी वाहन का स्वरूप बदलकर मालवाहक वाहन के रूप में इस्तेमाल करना अपराध की श्रेणी में आता है। यातायात पुलिस और परिवहन विभाग की ढील के कारण सड़कों पर बेखौफ जुगाड़ वाहन संचालित हो रहे हैं, जिनका उपयोग अधिकांश लोग अपने व्यवसाय के लिए करते हैं।

> जुगाड़ वाहन सड़कों पर चलना पूर्णत: प्रतिबंधित है। इन वाहनों पर कोर्ट द्वारा रोक है। शीघ्र ही जुगाड़ वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी।
> -शांति भूषण पांडे एआरटीओ प्रशासन।

● मार्गों पर भारी समान लाद कर फर्राटा भर रहे जुगाड़ वाहन

### ऐसे वाहनों पर कोर्ट ने लगा रखी है रोक

बिना रजिस्ट्रेशन सड़कों पर दौड़ रहे जुगाड़ वाहनों पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा रखी है, लेकिन सिस्टम मौन है। संचालित जुगाड़ वाहनों को देखकर जिम्मेदार मुंह फेर लेते हैं। लगातार घटनाओं के बाद भी जुगाड़ वाहनों को रोकने का प्रयास विभाग नहीं कर रहा है। जिससे जुगाड़ वाहनों में वृद्धि होती जा रही है।

### पर्यावरण को कर रहे प्रदूषित

मोटर व्हील्स एक्ट के अनुसार जुगाड़ वाहन किसी भी वाहन की श्रेणी में नहीं आते। आम वाहनों के लिए रोड टैक्स, इंश्योरेंस, फिटनेस सहित तमाम टैक्स देय होते हैं, लेकिन इन वाहनों के चालक कोई टैक्स नहीं देते। वाहन एक्ट के अनुसार सड़क पर बिना पंजीकरण कोई भी वाहन चलाना अपराध है। साथ ही प्रदूषण वाले वाहनों पर प्रतिबंध है। लेकिन यह वाहन वातावरण को प्रदूषित करते हुए सड़कों पर दौड़ रहे हैं।

# रमजान आज से, अदा हुई तरावीह की नमाज

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** रमजान का मुबारक महीना गुरुवार से शुरू हो गया। बुधवार शाम चांद नजर आने के बाद मुस्लिम धर्मगुरुओं ने इस्लामी कैलेंडर के सबसे पवित्र महीने रमजान की शुरुआत का ऐलान किया। बुधवार की रात शहर की मस्जिदों में विशेष नमाज तरावीह अदा की गई। गुरुवार को पहला रोजा रखे जाने के साथ ही इबादत, सब्र और रहमत के इस महीने का आगाज हो गया।

रमजान शुरू होते ही बाजारों में रौनक बढ़ गई है। सहरी और इफ्तार की तैयारियों को लेकर मिठाई, फल, खजूर और जरूरी सामान की दुकानों पर भीड़ दिखाई दी। प्रमुख मस्जिदों के बाहर इफ्तार के सामान की दुकानें सज गई हैं। शहर की जामा मस्जिद, सुनहरी मस्जिद, मीनार मस्जिद, गोटैयाबाग मस्जिद और ईदगाह मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में तरावीह की नमाज अदा की गई। मौलाना अनस ने बताया कि रमजान के पूरे महीने रोजेदार सूर्योदय से पहले सहरी करते हैं और सूर्यास्त के बाद इफ्तार कर रोजा खोलते हैं। इस दौरान दिनभर खाने-पीने से परहेज किया जाता है।

रमजान में पांच वक्त की नमाज के साथ तरावीह और तहज्जुद की नमाज का भी विशेष महत्व है। इस महीने में जकात, सदका और जरूरतमंदों की मदद को खास पुण्य का कार्य माना गया है। लोग कुरान की तिलावत और नेक कामों के जरिए अल्लाह की रहमत हासिल करने की कोशिश करते हैं। इस्लामी जानकारों का कहना है कि रमजान केवल भूखे रहने का नाम नहीं, बल्कि आत्मसंयम, इबादत और समाज में भाईचारे को मजबूत करने का पवित्र अवसर है।

# चीनी मिल ने निकाली जागरुकता बाइक रैली

संवाददाता, खंभारखेड़ा



बाइक रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते डीसीओ वेद प्रकाश व मिल के अधिकारी।

**अमृत विचारः** बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड की खंभारखेड़ा इकाई द्वारा क्षेत्र में अनुपयुक्त/अस्वीकृत गन्ना प्रजातियों के स्थान पर स्वीकृत एवं उन्नतशील प्रजातियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बाइक रैली निकाली गई।

रैली को जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश ने चीनी मिल गेट से फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बाइक रैली मिल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंची और किसानों को जागरूक किया गया। रैली में किसानों से अपील की है कि अनुपयुक्त एवं अस्वीकृत गन्ना प्रजातियों की बुवाई न करें और उन्नत एवं स्वीकृत प्रजातियों को अपनाएं। आगामी पेराई सत्र में मिल प्रबंधन द्वारा अस्वीकृत प्रजातियों की खरीद नहीं की जाएगी। डीसीओ ने बसंतकालीन गन्ना बुवाई के लिए स्वीकृत प्रजातियों की जानकारी दी।

● अस्वीकृत गन्ना प्रजातियों की बुवाई न करने की अपील

चीनी मिल के उपाध्यक्ष/इकाई प्रमुख अवधेश गुप्ता ने किसानों से अपील की कि वे वैज्ञानिक पद्धति से स्वीकृत प्रजातियों की बुवाई कर उत्पादन और आय में वृद्धि सुनिश्चित करें। साथ ही अधिक से अधिक गन्ना चीनी मिल को आपूर्ति कर अपना बेसिक कोटा बढ़ाएं, ताकि आगामी पेराई सत्र में अतिरिक्त पर्चियों का लाभ मिल सके।

कार्यक्रम में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक परिषद-खंभारखेड़ा, सचिव प्रभारी समिति लखीमपुर, चीनी मिल के उपाध्यक्ष, महाप्रबंधक (गन्ना), सहायक महाप्रबंधक (गन्ना), राजकीय गन्ना विकास स्टाफ एवं चीनी मिल स्टाफ मौजूद रहे।

# इंडस टावर में चोरी की कोशिश, दो गिरफ्तार

संवाददाता, लखीमपुर खीरी



पुलिस हिरासत में गिरफ्तार आरोपी।

**अमृत विचारः** सदर कोतवाली के पनगी कलां में सोमवार की रात इंडस टावर पर चोरी की कोशिश मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से एक लोहे की रॉड, प्लास, आरी, पेचकस आदि उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों को चालान भेजा है।

सदर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार की रात चोरों ने पनगी कलां स्थित इंडस टावर पर धावा बोल दिया। फायर स्मोक अलार्म की सूचना कंट्रोल रूम पर जब पहुंची तो टेक्नीशियन संतोष कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि दो अज्ञात व्यक्ति चोरी के उद्देश्य से टावर के अंदर घुसे हुए थे। उन्हें देखते ही दोनों मौके पर बाइक छोड़कर भागने लगे। टेक्नीशियन ने जब पीछा भी किया, लेकिन दोनों हाथ नहीं आए। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर बाइक कब्जे में लेकर जांच की तो वह संजय निवासी रामनगर कॉलोनी की निकली।

सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से पहचान होने के बाद पुलिस ने संजय और उसके साथी थाना फरधान के गांव खजुहा निवासी आशुतोष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की घटना में प्रयुक्त होने वाले उपकरण भी बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों का चालान भेजा गया है।

# दौड़ में नितिन प्रथम और शानु रहे द्वितीय

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर



अतिथि का स्वागत करते प्रधानाचार्य पद्मेश पंकज। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** राजकीय पॉलिटेक्निक में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं बुधवार से शुरू हो गईं। परिसर का क्रीड़ा मैदान खिलाड़ियों की जोशपूर्ण भागीदारी से गुलजार नजर आया। छात्रों में प्रतियोगिता को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया और पूरे दिन खेल भावना का वातावरण बना रहा।

प्रतियोगिता का आरंभ मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा (मंडल) लखनऊ बीपी सिंह, विशिष्ट अतिथि यश प्रकाश आर्य, प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक पीलीभीत की मौजूदगी में हुआ। अतिथियों ने कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता ही नहीं बढ़ाते, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और सकारात्मक सोच भी विकसित करते हैं। संस्थान के प्रधानाचार्य पद्मेश पंकज ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रतियोगिता के महत्व और सभी प्रतिभागियों को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। पहले दिन 800 मीटर दौड़ (छात्र वर्ग) का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया।

● राजकीय पॉलिटेक्निक में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू, पहले दिन दिखा उत्साह

800 मीटर दौड़ में नितिन मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, शानु रस्तोगी द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि मुस्कान कुमारी ने तृतीय स्थान हासिल किया। संचालन कमलेश प्रताप सिंह ने किया। आयोजन में संयोजक अनुज कुमार तथा निर्णायक मंडल के सदस्य सुशील सिंह, रचना वर्मा, सुरेश कुमार पटेल, मोहित कुमार, धीरेंद्र कुमार, खुशी ऋचा आर्या, चंद्रपाल सिंह और अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# चीनी मिलअधिकारियों ने निकाली जागरुकता रैली

**केशवापुर, अमृत विचारः** बजाज चीनी मिल गोला के अधिकारियों ने बुधवार को क्षेत्र के किसानों में गन्ना बुवाई की स्वीकृत व अगेती प्रजाति का चयन करने के लिये जागरुकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से गांवों में स्वीकृत प्रजाति की किस्मों के बीज उपलब्ध कराने वाले किसानों को मिल द्वारा अनुदान देने की भी जानकारी दी गई। बसंतकालीन गन्ने की बुवाई का समय चल रहा है। जागरुकता रैली में गन्ना एजीएम डॉ. ओडी शर्मा ने बताया कि इस जागरुकता रैली के माध्यम से उन्नतशील व स्वीकृत किस्मों की बुवाई के लिए जागरुक करने के लिए की जा रही है। गेट इंचार्ज सत्येंद्र मिश्रा ने कहा कि किसानों द्वारा बेची गई पर्चियों पर स्वीकृति प्रजाति का गन्ना बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। केन इंचार्ज राजेश मिश्रा ने किसानों को बताया कि मिल द्वारा प्रमाणित बीजों की ही उपलब्धता कराई जा रही है।

# जनरेटरों का तार खोल ले गए डीसीएम सवार चोर

संवाददाता, मैगलगंज

**अमृत विचारः** कस्बे में बाईपास के निकट स्थित दुकानों के बाहर खड़े जनरेटरों से अल्टीनेटर के तार डीसीएम पर सवार होकर आए चोर खोल ले गए। घटनाएं पास में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई हैं।

बाईपास चौराहे पर शान टायर्स के यहां डीसीएम सवार चोरों ने दुकान के बाहर लगे जनरेटर सेट के अल्टीनेटर की फील्ड खोलकर उसमें लगे तांबे के सभी तार निकाल लिए। पास ही कृष्णा मिष्ठान भंडार के जनरेटर की फील्ड भी खोलने की कोशिश की, लेकिन चोर इसमें नाकाम रहे। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार घटना रात करीब 2:45 बजे की है। फुटेज में साफ दिखाई देता है कि एक डीसीएम वाहन आकर रुकता है, जिससे दो युवक उतरते हैं और जनरेटर के अल्टीनेटर को खोलते हुए तांबे के तार की पूरी फील्ड निकाल लेते हैं। इसके बाद वे दूसरे जनरेटर को खोलने का प्रयास करते हैं, लेकिन वहां पानी भरा होने के कारण तार नहीं निकाल पाते।

● आसपास के सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई तस्वीर

वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों युवक डीसीएम में बैठते हैं, वाहन को बैक करते हुए उसी दिशा में लौट जाते हैं, जिधर से आए थे। कुछ दिन पूर्व पास की ही हीरो एजेंसी सहित दो अन्य जनरेटरों की फील्ड चोरी की घटनाएं भी सामने आई थीं, लेकिन अब तक उनका कोई खुलासा नहीं हो सका है।

# लापता दो छात्राएं कासगंज से बरामद

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** शहर की कक्षा 7 की 14 वर्षीय छात्रा और उसकी सहेली मंगलवार को स्कूल में पढ़ने आई थीं, लेकिन अवकाश के बाद दोनों घर नहीं पहुंचीं। परिजन स्कूल पहुंचे और जानकारी दी कि उनकी बेटियां बिना बताए कहीं चली गई हैं। काफी खोजबीन के बाद भी जब सुराग नहीं मिला तो दोनों ने बेटियों के लापता होने की सूचना पुलिस को दी। एक साथ दो छात्राओं के लापता होने से पुलिस में हड़कंप मच गया। एसपी पवन कुमार गौतम ने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस सेल की मदद से छात्राओं की खोजबीन की। तकनीकी जांच और फुटेज के आधार पर पुलिस छात्राओं के पिता व भाई को साथ लेकर जनपद कासगंज पहुंची और सिकंदरा राव रोड स्थित एक ढाबा से दोनों छात्राओं को बरामद कर लिया।

# गोकशी को लेकर इंस्पेक्टर पर भड़के संगठनों के लोग

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** मझगई क्षेत्र में गोकशी की कथित बढ़ती घटनाओं को लेकर विश्व हिंदू परिषद सहित अन्य हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं में आक्रोश देखने को मिला। नाराज कार्यकर्ताओं ने तहसील में प्रदर्शन किया और मझगईं प्रभारी निरीक्षक को हटाने की मांग का मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम डॉ. अवनीश कुमार को सौंपा।

आरोप लगाया गया है कि इंस्पेक्टर राजू राव के प्रभारी निरीक्षक का कार्यभार संभालने के बाद क्षेत्र में गोकशी की घटनाओं में इजाफा हुआ है। संगठनों का कहना है कि इन घटनाओं में शामिल लोगों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही, जिससे असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं। यह भी आरोप लगाया गया कि संबंधित प्रभारी निरीक्षक के पूर्व तैनाती स्थल पर भी इसी प्रकार की घटनाएं सामने आती रही हैं। तिकुनिया कोतवाली प्रभारी पद पर रहते भी वह अपनी कार्यशैली को लेकर काफी विवादित रहे हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि प्रभारी निरीक्षक मझगई का तत्काल स्थानांतरण किया जाए।

### गोकशों को नहीं तलाश पाई पुलिस

**मझगईं, अमृत विचार :** मंगलवार की शाम थाना क्षेत्र के गांव बौधिया कलां के पास गोवंशीय पशु का शव क्षत-विक्षत मिलने में पुलिस की जांच दूसरे दिन भी एक कदम आगे नहीं बढ़ी है। इससे ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की लापरवाही से ही क्षेत्र में चोरी, गोवध आदि की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस कार्रवाई करने के बजाय मामले को दबाने की कोशिश में जुटी रहती है। जांच की बात कहकर कई दिनों तक रिपोर्ट भी दर्ज नहीं करती है। प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने बताया कि गोवध की घटना में शामिल आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही शामिल लोगों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

● तहसील में किया प्रदर्शन, इंस्पेक्टर को हटाने की मांग

● मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

गोकशी में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, जिससे क्षेत्र में कानून-व्यवस्था कायम रह सके। विहिप पदाधिकारियों ने पलिया के सिनेमा चौराहे के निकट खुले में बकरा काटकर बिक्री किए जाने पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने ऐसी दुकानों को निर्धारित मीट-मछली मंडी में स्थानांतरित कराने की मांग की, ताकि सार्वजनिक स्थानों पर अव्यवस्था न फैले और कानून का पालन सुनिश्चित हो। एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन पर रामकुमार राठौर, सत्येंद्र मिश्रा, सक्षम शुक्ला, चिंटू पुरी, शोभित कश्यप, संदीप कुमार, राहुल सिंह, राम सजीवन, रुद्र प्रताप, सर्वेश कुमार, शिवम कुमार, अंकित, राजीव कुमार, राजू, लकी, सोनू आदि युवाओं के हस्ताक्षर हैं।




एसडीएम को ज्ञापन देते संगठनों के पदाधिकारी। ● अमृत विचार


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र कमल निहायत को को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। अपने कृत्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **भगवान सिंह पुत्र श्री राम स्वरूप निवासी पस्तौर माफी तह. व जिला बदायूं**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र मुनीश कुमार व उसकी पत्नी कमलेश देवी को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। अपने कृत्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **रामबहादुर पुत्र स्व. बिहारीलाल नि. पंडित दीनानाथ मिश्र इंटर कॉलेज, जोगी नवादा तह. व जिला बरेली**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2019 का मूल प्रमाण पत्र-सह अंक पत्र जिसका अनुक्रमांक 0954796 है, जो वास्तव में कहीं खो गया है। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिला। **राहुल कुमार वर्मा पुत्र इंद्रपाल वर्मा निवासी ग्राम व पोस्ट बेलवा मोती थाना धौरहरा तहसील धौरहरा, जनपद लखीमपुर खीरी।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल अंकपत्र अनुक्रमांक 1220831246 वर्ष 2022 वास्तव में कहीं खो गया है। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिला। **रोशनी देवी पुत्री राजेन्द्र सिंह नि. ग्राम मियांपुर पो. विलन्दापुर तह. पुवायां जनपद शाहजहांपुर मो. 7523838488**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बड़े पुत्र असलम उसकी पत्नी मुकर्राबीन (पुत्रवधु) के गलत चाल चलन और दुर्व्यवहार के चलते उनसे सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से वेदखल कर दिया है, वह अपने कृत्य के लिए खुद जिम्मेदार होंगे। **असगर पुत्र नवी हुसैन नई वस्ती पश्चिमी नवाबगंज बरेली**

**आवश्यकता है**
लोहे/स्टील के कार्य हेतु अनुभवी व्यक्ति की जिसको लोहा खरीदने, बेचने, बिल बनाने, स्टाक रजिस्टर बनाने का अनुभव हो।
वेतन योग्यतानुसार
श्रीवर्धमान स्टील
निकट आदर्श धर्मकांटा, प्रेम नगर, बरेली
9411011666

**आवश्यकता**
मनमीत नगर महाविद्यालय, जगदेवपुर भीरा-खीरी को एम.ए. (कला संकाय) सहायक आचार्य 02 पद, (गृह-विज्ञान 01 पद, हिन्दी साहित्य 01 पद एवं बी.एड. शिक्षा संकाय विभागाध्यक्ष 01 पद) (योग्यता व वेतन यू.जी.सी. के मानकानुसार) आवेदन 10 दिन के अन्दर प्रस्तुत करें।
सम्पर्क सूत्रः- 7080844848, 7080223332
ई-मेल- mnmv21@gmail.com

**आवश्यकता**
मनमीत नगर लॉ कॉलेज जगदेवपुर भीरा-लखीमपुर-खीरी को एल.एल.बी. (विधि संकाय) सहायक आचार्य 05 पद (योग्यता व वेतन यू.जी.सी. के मानकानुसार) आवेदन 10 दिन के अन्दर प्रस्तुत करें।
सम्पर्क सूत्रः- 7080844848, 7080223332
ई-मेल- manmeetnagar37@gmail.com

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# सख्ती के बीच यूपी बोर्ड परीक्षा शुरू, 85556 परीक्षार्थी शामिल

## 129 केंद्रों पर हाईस्कूल सुबह और इंटरमीडिएट की परीक्षा दोपहर पाली में हुई, परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, 4552 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

## स्कूटी सवार छात्र की डंपर से कुचलकर मौत

**संसारपुर, अमृत विचारः** कस्बे के बीच गुजरे नेशनल हाईवे 730 पर बुधवार को ग्राम पंचायत ग्रंट डाटपुर के मजरा पसियापुर निवासी नैमिष (14) पुत्र कृष्णकांत स्कूटी से घर लौट रहा था। मौठीखेड़ा मोड़ के पास उसकी स्कूटी अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे साइकिल सवार दंपती से टकरा गई, जिसमें कुकुहापुर निवासी ओमप्रकाश पत्नी पार्वती देवी की दवा लेकर गांव लौट रहे थे। टक्कर लगते ही दोनों साइकिल सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। वहीं स्कूटी सवार छात्र भी गिर पड़ा। इसी दौरान पीछे से आ रहे डंफर ने सड़क नैमिष को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। डंफर चालक वाहन समेत फरार हो गया। संसारपुर चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। घायल दंपती को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। उधर, छात्र की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बताया कि नैमिष संसारपुर के एक विद्यालय में कक्षा 9 का छात्र था। वह अपने माता पिता का एकलौता पुत्र था। पुलिस अज्ञात डंपर की तलाश में जुटी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।


मृतक नैमिष।

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** बुधवार 18 फरवरी को जिले में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गई। जिले के 129 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित पहले दिन की परीक्षा में कुल 90,108 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 85,556 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 4,552 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रशासन की सख्ती और सतर्क निगरानी के बीच परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

प्रथम पाली में सुबह 8:30 बजे से 11:45 बजे तक हाईस्कूल की हिंदी एवं प्रारंभिक हिंदी की परीक्षा आयोजित की गई। हाईस्कूल में कुल 49,613 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 46,767 उपस्थित रहे, जबकि 2,846 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। हाईस्कूल की उपस्थिति लगभग 94.26 प्रतिशत दर्ज की गई। द्वितीय पाली में दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक इंटरमीडिएट की हिंदी एवं सामान्य हिंदी की परीक्षा संपन्न हुई। इंटर में कुल 40,495 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 38,789 उपस्थित रहे, जबकि 1,706 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पूर्व परीक्षार्थियों की तलाशी ली गई। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी एवं वॉयस रिकॉर्डर युक्त कैमरों से निगरानी की गई। स्टेटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ सचल दलों ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया। जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि परीक्षा की सभी तैयारियां पूर्व में ही पूर्ण कर ली थीं। नकलविहीन एवं पारदर्शी परीक्षा के लिए व्यापक इंतजाम हैं। सभी केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात हैं तथा जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट निगरानी कर रहे हैं।

**केंद्र से बाहर निकलते ही छात्रों ने शुरू की चर्चा :** हाईस्कूल का हिंदी पेपर समाप्त होते ही परीक्षा केंद्रों के बाहर विद्यार्थियों के बीच प्रश्नपत्र को लेकर चर्चा शुरू हो गई। अधिकांश छात्रों ने पेपर को संतुलित और पाठ्यक्रम आधारित बताया। निबंध और पत्र लेखन के प्रश्नों को लेकर विशेष चर्चा देखने को मिली।


पहले दिन की परीक्षा देकर केंद्र से बाहर निकलते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार


पलिया के एक परीक्षा केंद्र पर तलाशी देने को खड़े परीक्षार्थी।। ● अमृत विचार

### 10 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**पलिया कलां, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के विभिन्न कस्बों में 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। पहले दिन हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की दोनों पॉलियों में शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा संपन्न हुई। सेक्टर मजिस्ट्रेट, खंड शिक्षा अधिकारी पलिया रमन सिंह ने दो परीक्षा केंद्रों पब्लिक इंटर कॉलेज संपूर्णानगर व राजकीय हायर सेकेंडरी स्कूल रानीनगर पहुंचकर वहां की व्यवस्था देखी।

### एडी बेसिक ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

जिले में बोर्ड परीक्षाओं की व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने एडी बेसिक श्याम किशोर तिवारी निरीक्षण पर पहुंचे। उनके साथ सचल दल में बीएसए सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान आर्यकन्या इंटर कॉलेज में कुछ सुरक्षा व्यवस्थाओं में कमी पाई गई। इस पर अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापक से जानकारी ली और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

### कंट्रोल रूम से परीक्षा पर रही पैनी नजर

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से सभी 129 परीक्षा केंद्रों की लगातार निगरानी की गई। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील केंद्रों की लाइव फुटेज पर विशेष नजर रखी गई। अधिकारियों की टीम पूरे समय मॉनिटरिंग में जुटी रही, ताकि परीक्षा पूर्णत: नकलविहीन वातावरण में संपन्न हो सके।

### हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा उपस्थिति विवरण

| | |
|---|---|
| **इंटरमीडिएट** | |
| पंजीकृत | 40,495 |
| उपस्थित | 38,789 |
| अनुपस्थित | 1,706 |
| उपस्थिति | 95.78% |
| **हाईस्कूल** | |
| पंजीकृत | 49,613 |
| उपस्थित | 46,767 |
| अनुपस्थित | 2,846 |
| उपस्थिति | 94.26% |

### जो कुछ पढ़ा था, सब वही आया

**लखीमपुर खीरी।** हिंदी परीक्षा का प्रश्नपत्र देख कर परीक्षार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कहा कि पेपर बिल्कुल आसान था, चुटकियों में हल हो गया। वहीं कुछ विद्यार्थियों ने बताया कि जो भी सवाल आए थे उन्हें सभी अच्छी तरह से पढ़े हुए थे वही आया। विद्यार्थियों का कहना था कि जो विषय और सवाल पेपर में थे वह काफी सरल और समझ में आने वाले थे।

## पहले दिन हिंदी का पेपर देकर निकले परीक्षार्थियों में देखा गया उत्साह

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड परीक्षा के पहले दिन हिंदी कक्षा 10 और सामान्य हिंदी, हिंदी कक्षा 12 के पेपर ने विद्यार्थियों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है। छात्रों ने पेपर को आसान और पाठ्यक्रम के अनुसार बताया, जिससे वे खुश नजर आए।

नगर के सभी सात परीक्षा केन्द्रों सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, कृषक समाज इंटर कॉलेज, गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोला पब्लिक स्कूल, लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज और गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज में कड़ी सुरक्षा और सीसीटीवी निगरानी के बीच परीक्षा संपन्न हुई। रजगंज स्थित नेताजी सुभाष इंटर कॉलेज से दूसरी पाली की परीक्षा देकर निकले इंटरमीडिएट के छात्रों अभिनव बाजपेई, अक्षत यादव, संगम पटेल, रिशु मिश्रा, अर्पित शुक्ला, प्रशांत सिंह, कौशल राठौर, हर्ष कुमार, कटारिया, हर्षित मौर्या आदि विद्यार्थियों ने बताया कि पहले दिन के हुए हिंदी विषय के सकारात्मक पेपर ने उनका आत्मविश्वास बढ़ा दिया है, जिससे वे आगामी परीक्षाओं के लिए उत्साहित हैं।


सरस्वती विद्या निकेतन में सूचना पट्ट पर रोल नंबर और कक्ष क्रमांक देखती बालिकाएं।

## सीबीएसईः इंटरमीडिएट के 1450 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की बोर्ड परीक्षाओं के तहत बुधवार को जिले में इंटरमीडिएट की परीक्षा आयोजित हुई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। सीबीएसई बोर्ड की बुधवार की परीक्षा में 12वीं कक्षा का फिजिकल एजुकेशन विषय का पेपर हुआ।

परीक्षा में कुल 1503 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 1450 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 53 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश प्रक्रिया समय से पूर्ण कर ली गई थी और निर्धारित समय के बाद किसी को प्रवेश नहीं दिया गया। केंद्रों पर प्रश्नपत्र वितरण, उत्तर पुस्तिकाओं का संकलन तथा निगरानी की व्यवस्था सुचारु रूप से की गई। परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और कहीं से किसी प्रकार की अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली। परीक्षा समाप्त होने के बाद अधिकांश परीक्षार्थियों ने प्रश्नपत्र को संतुलित और पाठ्यक्रम आधारित बताया।

## वाहन की टक्कर से ग्रामीण घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** थाना न्यूरिया के गांव ललपुरिया निवासी 25 वर्षीय सूर्य प्रकाश पुत्र छोटेलाल गांव डंडिया भगत में बहन सावित्री पत्नी सत्यपाल के घर बाइक से गए थे। बुधवार शाम घर लौट रहे थे। जैपीलीभीत बीसलपुर मार्ग पर गांव नवादा महेश के पास पहुंचते ही अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस अपने वाहन से सीएचसी लाई। हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

## आईटीआई में 22 को लगेगा रोजगार मेला

**लखीमपुर खीरी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लखीमपुर में 22 फरवरी को रोजगार मेले आयोजित होगा। मेले में ट्रांससियन होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड (ग्रेटर नोएडा), अशोक लेलैंड (पंतनगर, रुद्रपुर, उत्तराखंड) सहित अन्य कई कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। आईटीआई के नोडल प्रधानाचार्य पीके शाक्यवार ने बताया कि मेले में आईटीआई उत्तीर्ण एवं अन्य इच्छुक अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। रोजगार मेला को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक आईटीआई नोडल संस्थान में लगेगा। प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को अपने सभी मूल प्रमाण-पत्र एवं उनकी छायाप्रतियां साथ लानी अनिवार्य होंगी। उन्होंने अधिक से अधिक अभ्यर्थियों से रोजगार मेले में अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।



## पेड़ के नीचे मिला युवक का शव

**बेहजम, अमृत विचारः** थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव रमुआपुर निवासी 29 वर्षीय मधुराम बचपन से अपने मामा रामपाल के यहां रहता था। बताते हैं कि सोमवार से वह घर नहीं लौटा तो उसकी तलाश शुरू हुई। मंगलवार की शाम सरैया नदी के किनारे एक पेड़ के नीचे उसका शव संदिग्ध हालत में पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के चाचा रामचन्द्र ने बताया कि मधुराम मूल रूप से सीतापुर जिले की देहात कोतवाली क्षेत्र के गांव सहियापुर का निवासी था, लेकिन बचपन से ही वह अपने मामा के यहां रहता था

# विधायक ने उठाया बजाज की मिलों पर गन्ना बकाए का मुद्दा

## पलिया चीनी मिल पर 241 करोड़, गोला चीनी मिल पर 340 करोड़ और खंभारखेड़ा मिल पर 242 करोड़ रुपये बकाया

संवाददाता, लखीमपुर खीरी


विधायक, रोमी साहनी।

- **भावुक होकर कहा, समय पर भुगतान न होने से गंभीर संकट में किसान**

**अमृत विचारः** पलिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोमी साहनी ने बजट सत्र के दौरान एक बार फिर बजाज ग्रुप की चीनी मिलों पर किसानों के गन्ना भुगतान का मुद्दा भावुक होकर उठाया। उन्होंने किसानों की पीड़ा को सदन के समक्ष रखते हुए कहा कि समय पर भुगतान न होने से किसान गंभीर संकट में हैं।

विधायक रोमी साहनी ने सदन में कहा कि उनका विधानसभा क्षेत्र बाढ़ प्रभावित है और वे कई बार सदन में गन्ना भुगतान का मुद्दा उठा चुके हैं। उन्होंने बताया कि उनके क्षेत्र में बजाज ग्रुप की तीन चीनी मिलें संचालित हैं, जिनमें पलिया चीनी मिल पर 241 करोड़ रुपये, गोला चीनी मिल पर 340 करोड़ रुपये और खंभारखेड़ा चीनी मिल पर 242 करोड़ रुपया का गन्ना बकाया है। भावुक होते हुए विधायक ने कहा कि भुगतान न होने से किसान बेटी की शादी नहीं कर पा रहा, बच्चों की स्कूल फीस नहीं भर पा रहा, दवाइयों और सिंचाई के लिए भी पैसे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि बकाया के कारण किसानों के बिजली कनेक्शन काट दिए जाते हैं और स्कूलों में बच्चों को फीस के लिए ठंड में खड़ा किया जाता है, जो बेहद पीड़ादायक है।

विधायक ने बताया कि जब मिल प्रबंधन से बातचीत की गई तो मिल के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि वर्ष 2004 में मुलायम सिंह यादव सरकार के दौरान बनी शुगर प्रमोशन पॉलिसी के तहत मिलें स्थापित की गई थीं, लेकिन अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिलने से मिलें घाटे में हैं और भुगतान करने में असमर्थ हैं। इस पर विधायक ने स्पष्ट कहा कि किसानों को नीति या घाटे से कोई मतलब नहीं है, उन्हें सिर्फ उनका मेहनताना चाहिए।

सदन में उन्होंने सरकार से मांग की कि किसानों के गन्ना भुगतान का तत्काल समाधान निकाला जाए और बकाया राशि का भुगतान सुनिश्चित कराया जाए। इसके साथ ही विधायक रोमी साहनी ने अपने क्षेत्र में स्वीकृत स्टेडियम और रोडवेज बस डिपो के लिए भूमि उपलब्ध न होने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन जमीन उपलब्ध नहीं करा पा रहा है तो उन्हें दी जाने वाली पांच करोड़ रुपये की विधायक निधि न दी जाए, बल्कि उसी धनराशि से जमीन खरीदकर स्टेडियम और रोडवेज डिपो का निर्माण कराया जाए।

बाढ़ की समस्या का जिक्र करते हुए विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत परियोजना से समस्या का समाधान हुआ था, लेकिन अब शारदा नदी में फिर से सिल्ट जम गई है।

उन्होंने आग्रह किया कि परियोजना के अधूरे कार्य पूरे कराए जाएं, ताकि क्षेत्र को बाढ़ से स्थायी राहत मिल सके। विधायक द्वारा किसानों के पक्ष में उठाए गए इस भावुक मुद्दे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसकी खूब सराहना की जा रही है।

# बिना नक्शा पास कराए निर्माण कराने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** शहर के इमली चौराहा क्षेत्र में बिना नक्शा पास कराए कराए जा रहे कथित अवैध निर्माण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। मामले में पीड़ित ने एसडीएम सदर से लिखित शिकायत कर निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की है।

इमली चौराहा निवासी अनिल कुमार टंडन ने एसडीएम को दिए गए पत्र में कहा है कि उनकी पैतृक भूमि में पूर्व में नरायनी देवी पार्क के नाम से भूमि छोड़ी गई थी, जहां पूर्वजों की समाधि भी बनी हुई है। आरोप है कि आरोपी पक्ष के कुछ लोग पार्क की जमीन पर बिना नक्शा पास कराए अवैध रूप से निर्माण कार्य करा रहे हैं। पीड़ित के अनुसार 16 फरवरी को सुबह करीब 10 बजे जब वह अपनी पैतृक भूमि की ओर गए तो देखा कि निर्माण कार्य जारी है। विरोध करने पर आरोपितों ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, दोबारा वहां आने पर परिवार सहित गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी गई।

आरोप लगाया है कि विपक्षी दबंग प्रवृत्ति के हैं और उनके खिलाफ अन्य मुकदमे भी विचाराधीन हैं, जिससे वह स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# प्रवेश पत्र नहीं मिलने से दर्जनों छात्रों की परीक्षा छूटी, दिया धरना


बिजुआ के जानकी इंटर कॉलेज के बाहर धरने पर बैठे छात्र। ● अमृत विचार

संवाददाता, भानपुर

**अमृत विचारः** बिजुआ के जानकी देवी इंटर कालेज में उस समय बवाल हो गया जब इंटरमीडिएट के दर्जनों छात्र-छात्राओं को प्रवेश पत्र न मिलने से उनकी परीक्षा छूट गई। नाराज छात्र-छात्राओं ने इंटर कालेज के गेट पर ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। मौके पर पहुंचे भीरा एसओ ने बच्चों को समझाबुझाकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर छात्र माने और प्रदर्शन समाप्त किया।

बुधवार को शुरू हुई यूपी बोर्ड परीक्षा में बिजुआ जानकी देवी इंटर कालेज के दर्जनों छात्रों की फीस जमा होने और उपस्थिति पूरी होने के बाद भी प्रवेश पत्र नहीं दिए गए। इससे छात्र परीक्षा देने से वंचित रह गए। छात्र-छात्राओं ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ कालेज गेट पर धरना दिया।

- **भीरा एसओ के आश्वसन पर माने छात्र**

भीरा एसओ रोहित दूबे ने छात्र-छात्राओं को समझाने का प्रयास किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक अजय पांडेय ने जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद मिश्रा को प्रकरण से अवगत कराया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने मामले की जांच के बाद दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वसन दिया। इसके बाद धरना समाप्त किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री अभिनव श्यामजी,जिला संगठन मंत्री सत्यम दूबे, सचिन राज, हेमंत वर्मा, दिनेश कुमार,शौमय शुक्ला,ऋषभ कुमार,सुधीर कुमार के अलावा दर्जनों छात्र-छात्रा मौजूद रहे। एसओ ने बताया कि छात्रों को समझाकर धरना समाप्त करा दिया है।

# राजापुर गेट से नहर पटरी तक जाम

## एंबुलेंस भी फंसी, एक घंटे से अधिक अन्य वाहन चालक होते रहे परेशान

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** यातायात पुलिस की लापरवाही के कारण शहर में आए दिन लगने वाली जाम से शहरवासी आजिज आ गए हैं। पूरे दिन लोग जाम से जूझने पर मजबूर हैं। बुधवार की राजापुर गेट से नहर पटरी तक भयंकर जाम लग गया। इससे वाहनों के पहिए थम से गए। जाम में मरीज को लेकर जा रही एक एंबुलेंस भी फंस गई। जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौके पर पहुंची पुलिस को जाम छुड़ाने में करीब एक घंटे से अधिक का समय लगा। तब जाकर यातायात बहाल हो सका।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह के व्यस्त समय में अचानक वाहनों का दबाव बढ़ गया। सड़क के दोनों ओर अव्यवस्थित खड़े वाहन, ई-रिक्शाओं की भीड़ और बीच-बीच में भारी वाहनों की आवाजाही ने हालात और बिगाड़ दिए। देखते ही देखते जाम करीब एक किलोमीटर तक फैल गया। बाइक सवार गलियों


राजापुर गेट के पास लगा जाम व फंसी एंबुलेंस। ● अमृत विचार

- **स्कूली बच्चे, कर्मचारी और मरीज रहे परेशान**

से निकलने की कोशिश करते दिखे, जबकि कार और स्कूल वैन में बैठे बच्चे गर्मी और देरी से परेशान नजर आए।

दफ्तर जाने वाले कर्मचारी समय पर नहीं पहुंच सके, वहीं कई अभिभावक बच्चों को स्कूल छोड़ने में लेट हो गए। कुछ मरीजों को भी अस्पताल पहुंचने में देरी हुई। जाम के दौरान कई जगह वाहन चालकों के बीच नोकझोंक भी देखने को मिली। जाम में मरीज को लेकर जिला अस्पताल जा रही एक एंबुलेंस भी फंस गई। वाहनों के आड़े-तिरछे होने के कारण एंबुलेंस को भी नहीं निकल सकी। सैकड़ों वाहनों के फंसे होने से जाम के हालात काफी खराब हो गए।

सूचना पर राजापुर चौकी पुलिस व ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची। टीमों ने करीब एक घंटे से अधिक समय तक कड़ी मशक्कत की। तब जाकर धीरे-धीरे वाहन आगे बढ़ने लगे। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। ट्रैफिक पुलिस की नियमित तैनाती न होने से स्थिति और बिगड़ जाती है। शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि राजापुर गेट से नहर पटरी तक यातायात का स्थायी समाधान निकाला जाए। अवैध पार्किंग पर सख्ती हो और व्यस्त समय में ट्रैफिक पुलिस की नियमित ड्यूटी लगाई जाए, ताकि लोगों को ऐसी परेशानी न झेलनी पड़े।

> जाम लगने की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी। कुछ देर बाद जाम खुलवा कर यातायात सुचारु करा दिया गया था। -**विवेक तिवारी**, सीओ सिटी।

### इन जगहों पर लगता है अक्सर जाम

- संकटा देवी तिराहा से लेकर ओवर ब्रिज पुल।
- मेला मैदान से पलिया बस अड्डा।
- राजापुर से डॉन बॉस्को नहर पुलिया।
- नौरंगाबाद चौराहा।

# तीन छात्रों ने जेईई मेन 2026 में लहराया परचम


माता-पिता के साथ सम्मानित किए गए बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** शहर में संचालित आकाश इंस्टीट्यूट शाखा के तीन बच्चों ने जेईई मेन 2026 में शानदार प्रदर्शन कर जनपद का नाम रोशन किया है। संस्थान के छात्र शीर्थ गुप्ता ने 98.51 परसेंटाइल व प्रखर वर्मा ने 93.44 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर अपने पहले ही प्रयास में सफलता हासिल की। दोनों विद्यार्थी वर्तमान में बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी भी कर रहे हैं।

इस अवसर पर ग्रीन फील्ड स्कूल के पूर्व छात्र शौर्य अवस्थी (74 परसेंटाइल) को भी सम्मानित किया गया। संस्थान ने विद्यार्थियों और उनके माता-पिता को पुष्पगुच्छ एवं प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया। संस्थान के निदेशक आलोक मिश्रा एवं दीपक पुरी ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों, बल्कि शिक्षकों, अभिभावकों और पूरे जनपद के लिए गर्व का विषय है। इस दौरान सह-निर्देशक मिहिर शंकर मिश्रा, अभय पुरी, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. पवन गर्ग, डॉ. सुबोध मिश्रा, वरिष्ठ व्यापारी रमेश अग्रवाल, आशु मिश्रा व रामजी दीक्षित आदि रहे।

# घर में दुपट्टे के सहारे लटका मिला किशोरी का शव

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के नकटहा अटलनगर गांव में बुधवार दोपहर करीब 13 वर्षीय किशोरी का शव उसके ही घर के छप्पर से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी कमलेश कुमार के अनुसार वह खेतों में मजदूरी करने गया था, जबकि उसकी पत्नी ईंधन के लिए लकड़ियां जुटाने बाहर गई थी। दोपहर बाद जब दोनों घर लौटे तो बेटी पिंकी

- **पिता कमलेश मजदूरी करने गया और मां ईंधन के लिए लकड़ियां जुटाने गई थी**

का शव छप्पर में दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। कमलेश ने आरोप लगाया कि करीब एक माह पूर्व गांव के लवलेश कुमार उर्फ लालू ने उसकी बेटी के साथ छेड़खानी की थी, जिसके संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी और आरोपी को जेल भेजा गया था। परिजनों का कहना है कि आरोपी के हाल ही में जमानत पर छूटने के बाद किशोरी मानसिक रूप से परेशान थी। मौके पर पहुंचे कोतवाल महेश चंद्र ने परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# रेडियो कॉलर व समुदाय आधारित मॉडल पर जोर

संवाददाता, पलिया कलां

- **दुधवा में मानव-हाथी संघर्ष प्रबंधन पर हुई कार्यशाला**

**अमृत विचारः** दुधवा टाइगर रिजर्व के ऑडिटोरियम में फील्ड डायरेक्टर के निर्देश पर मानव-हाथी संघर्ष प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य हाथियों की गतिविधियों की वैज्ञानिक निगरानी, ग्रामीण क्षेत्रों में समय रहते सूचना तंत्र विकसित करना तथा मानव-वन्यजीव सहअस्तित्व को बढ़ावा देना था।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया नई दिल्ली से आए एलीफेंट प्रोग्राम के प्रमुख डॉ. अरित्र खत्री एवं वरिष्ठ परियोजना अधिकारी दबीर हसन मौजूद रहे। उद्घाटन सत्र में उपनिदेशक दुधवा टाइगर रिजर्व जगदीश आर ने हाथियों की जंगल में निगरानी, प्राकृतिक आवास में सुधार और पूर्वानुमान आधारित सूचना प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यदि हाथियों को रेडियो कॉलर किया जाए तो उनके मूवमेंट पैटर्न की सटीक जानकारी मिल सकेगी, जिससे संरक्षण के साथ ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। तकनीक आधारित पहलों में सहयोग के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया से समन्वय का अनुरोध भी किया गया। दबीर हसन ने तराई हाथी रिजर्व क्षेत्र में मानव-हाथी संघर्ष कम करने के लिए अपनाए गए समुदाय आधारित उपायों जैसे गजमित्रों का गठन, नेपाल के सीमावर्ती समुदायों के साथ समन्वय, हल्दी की खेती को बढ़ावा और हाथी कॉरिडोर संरक्षण पर प्रकाश डाला। उन्होंने मुआवजा प्रक्रिया की जानकारी भी साझा की।

वनाधिकारी मझगई अंकित सिंह, दक्षिण निघासन रेंज के मोबिन आरिफ, मोहम्मदी के निर्भय प्रताप शाही तथा गोला रेंज के उपक्षेत्रीय वनाधिकारी राम नरेश वर्मा ने अपने-अपने क्षेत्रों के अनुभव साझा किए और जमीनी चुनौतियों पर चर्चा की। डॉ. अरित्र खेत्री ने रेडियो टेलीमेट्री मॉडल के माध्यम से हाथियों की निगरानी और उनके व्यवहार के अध्ययन पर जानकारी दी। वन विभाग व स्थानीय समुदाय को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। गोला के नायब तहसीलदार ताहिर परवेज ने आपदा राहत निधि से मुआवजा प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई।


कार्यशाला में भाग लेते अधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यशाला में हाथी प्रभावित गांवों के ग्राम प्रधानों ने भी अपनी समस्याएं और सुझाव रखे। उप प्रभागीय वनाधिकारी निघासन मनोज कुमार तिवारी ने इको विकास समितियों को प्रभावी बनाने, बाघ मित्रों व गज मित्रों को सशक्त करने तथा वन विभाग के ढांचागत विकास पर जोर दिया। अंत में उपप्रभागीय वनाधिकारी बेलरायां दीपक कुमार पांडे ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सफल आयोजन के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया की सराहना की। कार्यक्रम में दुधवा नेशनल पार्क के वार्डन महावीर प्रसाद, समस्त क्षेत्रीय वनाधिकारी, बफर जोन के अधिकारी-कर्मचारी, संबंधित ग्राम प्रधान तथा डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया के रोहित रवि, राधेश्याम और बायोलॉजिस्ट अपूर्व गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

**25 मार्च को काला दिवस मनाएंगे पेंशनर्स : शाहजहांपुर, अमृत विचार** : संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में सभी घटक संघों के प्रतिनिधियों और सक्रिय सदस्यों की बैठक पीडब्ल्यूडी संघ भवन में हुई। बैठक में वैलिडेशन एक्ट समाप्त करने, 25 मार्च 2026 को काला दिवस मनाने तथा पुरानी पेंशन बहाली के लिए जनजागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया।

# डीएम की पहल पर परिषदीय स्कूलों में हुई पीटीएम

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल से बुधवार को परिषदीय स्कूलों में पीटीएम आयोजित की गई। बैठक में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले 10 छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को तालियों की गड़गड़ाहट के बीच सम्मानित किया गया। वहीं जिन बच्चों की उपस्थिति कम रही, उनके अभिभावकों से सीधा संवाद कर जिम्मेदारी का अहसास कराया गया। अब एक भी दिन बेवजह अनुपस्थित नहीं-ऐसा संकल्प दिलाया गया।

डीएम के निर्देश पर हुई इस पहल का उद्देश्य स्पष्ट था कि हर बच्चा रोज़ स्कूल आए और पढ़ाई में गुणवत्ता दिखे। इससे पहले डीएम ने खंड विकास अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर उन्होंने साफ संदेश दे दिया कि फॉर्मर आईडी अभियान में ढिलाई नहीं चलेगी और स्कूलों में उपस्थिति सिर्फ कागजों पर नहीं, जमीन पर


प्राथमिक विद्यालय में पीटीएम में शामिल अभिभावक। ● अमृत विचार

- **सर्वाधिक उपस्थिति वाले छात्रों के अभिभावक हुए सम्मानित**

दिखनी चाहिए। बैठक में डीएम ने फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रगति तेज करने के निर्देश दिए और जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए सख्त रणनीति तय की।

कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार सिर्फ आदेश से नहीं, मैदान में उतरकर ही संभव है। निर्देश के बाद अधिकारी और बीडीओ फील्ड में निकल पड़े। कहीं फॉर्मर आईडी बनाने के आंकड़ों की पड़ताल हुई तो कहीं स्कूलों में बच्चों की हाजिरी और पढ़ाई का स्तर परखा गया। विद्यालयों में आयोजित पैरेंट-टीचर मीटिंग में अफसरों ने अभिभावकों से सीधा संवाद कर बच्चों की पढ़ाई, उपस्थिति और स्कूल के माहौल पर फीडबैक लिया।

डीएम ने दो टूक कहा कि सिर्फ उपस्थिति बढ़ाना लक्ष्य नहीं, कक्षाओं में गुणवत्ता दिखनी चाहिए। दिनभर की मॉनिटरिंग के दौरान वह खुद भी अपडेट लेती रहीं, जिससे अफसरों में हलचल बनी रही।


**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि०, सम्पूर्णानगर-खीरी**

**अल्प-कालीन निविदा सूचना**

केवल अनुभवी ठेकेदारों से इस मिल समिति में अल्प-कालीन निविदा दिनांक 26.02.2026 तक आमंत्रित की जाती है।

| क्रम० सं० | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | Planting work of Mollass tank No. 01, 02, 03 & 04 | रू० 20000/- | रू० 590/- |

उक्त कार्यों की नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र पर अंकित हैं निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में मिल में धरोहर धनराशि एवं निविदा प्रपत्र मूल्य जमा करने के उपरान्त मिल कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है तथा अधोहस्ताक्षरी को किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सर्व सुरक्षित होगा।

प्रधान प्रबन्धक

**कार्यालय ग्राम पंचायत जमुनिया विकासखंड नकहा लखीमपुर खीरी**

पत्रांकः- मेमो/ टेन्डर/2025-2026 दिनांकः 18.02.2026

**अल्पकालीन निविदा**

आर0जी0एस0ए0मनरेगा योजना, के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जमुनिया में निम्नलिखित कार्यो पर सीमेंट, मौरंग, दरवाजा, पाइप, ईट, गिट्टी, बालू, मिट्टी, लोहा, पेंट इत्यादि सामग्री पर आवश्यकता है। इच्छुक फर्म दिनांक- 19.02.2026 से 26.02.2026 तक अपना टेन्डर ग्राम पंचायत में समय दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध करा सकते हैं। दिनांक 26.02.2026, 4 बजे टेंडर ग्राम पंचायत जमुनिया में समिति के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर के सम्बन्ध में जानकारी प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी जमुनिया से किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत जमुनिया में पंचायत भवन निर्माण कार्य | 20.50 लाख |

निविदा की शर्तेः
1. निविदा फर्म क्रय की जाने वाली सामग्री सम्बन्धित दिशा निर्देश अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 500 निविदा मूल्य के साथ जमा करके प्राप्त किये जा सकते है।
2. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायालय खीरी होगा।
3. निविदा स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

जय देवी (ग्राम प्रधान) श्री सोनू वर्मा (सचिव)

**कार्यालय नगर निगम, शाहजहांपुर**

NOTICE FOR INVITATION OF TENER

पत्रांकः 933/PRO/नि.वि./न.नि.शाह./2025-26 दिनांकः 18.02.2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर निगम, शाहजहांपुर द्वारा राज्य सेक्टर योजना अन्तर्गत सी.सी. सड़क निर्माण के 67 कार्यो की दिनांक 24.1.2026 से दिनांक 12.02.2026 की सायं 03:00 बजे तक प्रथम वार ई-निविदा आमंत्रित की गई थी, जिसमें से 18 कार्यो में प्रतिस्पर्धा न होने के कारण पुनः 18 कार्यो की द्वितीय वार ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा प्रणाली की समस्त कार्यवाही वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर की जायेगी। कार्य की समस्त नियम व शर्तें वेबसाइट पर उपलब्ध है, जिनका अवलोकन करने उपरान्त ही निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। बिना कारण बताये टेण्डर को स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा। उक्त निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना वेबसाइट पर अपलोड कर दी जायेगी।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 23.02.2026 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड़ की प्रारम्भ तिथि/समय | 23.02.2026 - (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अंतिम तिथि/समय | 10.03.2026 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 10.03.2026 - (04:00 PM) |
| फाईनेन्शियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |

ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल www.etender.up.nic.in पर किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहांपुर

**न्यायालय श्रीमान् बन्दोवस्त अधिकारी, चकबन्दी, बरेली**

अपील सं. 20255412130000163 सन् 2025

1. अवतार सिंह पुत्र श्री जसवंत सिंह 2. मनजीत सिंह पुत्र श्री स्व. वलकार सिंह 3. गुरमेज सिंह पुत्र श्री वलकार सिंह निवासीगण ग्राम रहपुरा जागीर, तहसील मीरगंज, जिला बरेली हाल निवासी- विलोना, तहसील असन्धय, जिला करनाल (हरियाणा) **बनाम**

1. तैय्यव हुसैन 2. साविर हुसैन 3. अवतार हुसैन 4. ताहिर हुसैन 5. मुबारिक हुसैन 6. अरशद हुसैन पुत्रगण स्व. याकूब खां, निवासीगण सराय खटोला, तहसील पलवल जिला फरीदाबाद (हरियाणा) हाल निवासीः- रहपुरा जागीर, तहसील मीरगंज जिला बरेली 7. गांव सभा रहपुरा जागीर, तहसील मीरगंज, जिला बरेली द्वारा - प्रधान

चूंकि अवतार सिंह आदि ने आपके नाम एक वास्ते अपील ए.सी.ओ. वाद सं. 230 आदेश दिनांक 15.04.1998 धारा- सी.एच.एक्ट याकूब खां आदि बनाम बलकार सिंह चक संख्या- 370 के वावत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 19.2.2026 को अदालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा हाजा से वाखूवी वाकिफ हो, जो मुकदमा हाजा की हवाव देही कर सके मय कागजात उपस्थित हो। वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा का फैसला कर दिया जायेगा। आज बतारीख 17.02.2026 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

वास्ते बन्दोवस्त अधिकारी चकबन्दी
बरेली

**न्यायालय श्रीमान् अपर जिलाधिकारी महोदय, बदायूं**

वाद सं.- 329 सन् 2025

सोहनपाल पुत्र छोटेलाल निवासी मोहल्ला जहांगीरावाद कस्बा व परगना व तहसील सहसवान जिला बदायूं ........वादी

बनाम

1. नगर पालिका सहसवान द्वारा अध्यक्ष महोदय नगर पालिका सहसवान जिला बदायूं 2. सरकार उ.प्र. द्वारा श्रीमान् कलक्टर महोदय, बदायूं 3. खेमकरन पुत्र रामचन्द्र 4. श्रीमती कलावती पत्नी स्व. रामचन्द्र नि.गण मो. जहांगीरावाद कस्बा व पर.तह. सहसवान जिला बदायूं ........... प्रतिवादीगण

हरगाह वादी ने प्रतिवादीगण के विरूद्ध एक नालिश धारा बाबत 30 रा. सं. जहांगीरावाद परगना तहसील सहसवान जिला बदायूं दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप दिनांक 23.02.2026 समय सुबह 10 बजे अदालत में आकर असालतन या वकालतन जवाबदेही / उज्रदारी पेश करें अन्यथा आपकी गैर हाजिरी में आपके विरूद्ध एकपक्षीय वाद फैसल किया जायेगा। आज दिनांक 20.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर मोहर द्वारा जारी किया गया।

न्यायालय अपर जिलाधिकारी, बदायूं

**कार्यालय सहायक अभियन्ता-तृतीय रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली**

पत्रांकः- 12 /स0अ0-तृतीय/नीलाम आम बहार/ दिनांकः-11.02.2026

नीलाम सूचना आम बहार वर्ष 2026-27 (एक वर्ष) हेतु।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपखण्ड तृतीय, रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली के अन्तर्गत मौका क्रमशः (1) सिंचाई निरीक्षण, भवन शाही (2) डी0बी0 फीडर मील 12-6-0 से टेल तक (3)सिंचाई निरीक्षण भवन कुन्डरा (4) सिंचाई निरीक्षण भवन बसेंगा (5) रा0 शाही मील 18-0-0 तक (6) सिंचाई निरीक्षण भवन रहपुरा (7) नहर कोठी पिपरा नानकार एवं रा0 बरेली हेड से मील 0-3-0 तक (8) अहाता चुरैली डाम (9) निरीक्षण भवन भोजीपुरा की आम बहार नीलामी वर्ष 2026-27 (एक वर्ष) हेतु दिनांक 25.02.2026 को दोपहर 12:00 बजे स्थान कार्यालय सहायक अभियन्ता-तृतीय, रूहेलखण्ड नहर खण्ड, 117-118 सिविल लाईन्स कैनाल कालोनी, बरेली पर अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके नामित प्रतिनिधि द्वारा आयोजित की जायेगी। नीलामी की शर्तें एवं धरोहर की मात्रा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय सहायक अभियन्ता-तृतीय, रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

UP-246338 दिनांक 17.02.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(अजित कुमार)
सहायक अभियन्ता, तृतीय

## चारा कटर की टहनियां काटने के दौरान पेड़ से गिरकर मौत

संवाददाता, मझगईं

**अमृत विचारः** दुधवा टाइगर रिजर्व के जंगल में हाथियों के चारे के लिए टहनियां काट रहे चारा कटर की पेड़ से गिरकर मौत हो गई। वह बेलरायां वन रेंज के छंगा नाला क्षेत्र में चारा लेने गया था। मौत की खबर मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

थाना मझगईं की ग्राम पंचायत गुलरा टांडा निवासी आस मोहम्मद का पुत्र अफसान मोहम्मद (20) करीब डेढ़ वर्ष से दुधवा टाइगर रिजर्व की बेलरायां रेंज में डेली वेज पर हाथियों के लिए चारा कटर का कार्य कर रहा था। वह रोज की तरह हाथियों को लेकर बेलरायां रेंज के छंगा नाला क्षेत्र में चारा लेने गया था। पेड़ पर चढ़कर टहनियां काटते समय उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर पड़ा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी मिलते ही वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक के पिता आस मोहम्मद भी वन विभाग में बीट वाचर के रूप में कार्यरत हैं। जवान बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पोस्टमार्टम के बाद शव जब गांव लाया गया तो मृतक के परिवार में चीख पुकार मच गई। गमगीन माहौल में परिवार वालों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।



अफसान मोहम्मद।

## जिला पंचायत मार्केट में गेट पर दोबारा कब्जे की तैयारी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** जिला पंचायत मार्केट परिसर के मुख्य द्वार पर हटाया गया अतिक्रमण दोबारा किए जाने की कोशिश से विवाद की स्थिति बन गई है। पूर्व में संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई कर प्रवेश मार्ग खाली कराया था, लेकिन फिर से सड़क पर तख्त डालकर अतिक्रमण की तैयारी का मामला सामने आया है।

नौ जनवरी को नायब तहसीलदार भानुप्रताप सिंह, जिला पंचायत के कार्य अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार, जेई रमेशचंद विश्वकर्मा, आरआई देवेन्द्र वर्मा, एआरआई संजीव कुमार, लेखपाल रमेश कुमार तथा नगर पालिका परिषद की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर मुख्य द्वार से अतिक्रमण हटवाया था। कार्रवाई के बाद कॉम्पलेक्स का प्रवेश मार्ग पूरी तरह खुल गया। बुधवार को पुनः सड़क किनारे तख्त डालकर अतिक्रमण की तैयारी शुरू कर दी गई। इसकी जानकारी मिलते ही जिला पंचायत के दुकानदारों ने मौके पर पहुंचकर विरोध दर्ज कराया।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
### निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बदायूँ।
### ऑनलाइन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

No. : 334 /Nivida(E-T.)/2026 Date : 11/02/2026

1. महामहिम राज्यपाल, उ0 प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोनिवि बदायूँ के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑनलाइन ई–निविदा दि0 20.02.2026 से दि0 27.02.2026 की दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की गयी हैं:–
2.

| Sr. No. | District | Name of work | Estimated cost (in Rs. Lacs) | Bid Security (in Rs.lac) | Cost of Bid Document (Rs.) | Time of completion | Address of Executive Engineer Executing the work | Address of Superintending Engineer | Address of Chief Engineer | Eligible category of Contractor (A,B,C,D) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | Budaun | सहसवान डकारापुख्ता टोडपुर करसरी मार्ग (अजिमा) के किमी0 3,8 एवं 9 में थर्मोप्लास्टिक पेन्ट का कार्य | 4.00 | 0.40 | Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 767.00 | One Month | C.D. P.W.D., Budaun | BDN/PBT Circle PWD Bly. | Bareilly Zone P.W.D., Bareilly | (Registered in Road Signage) |
| 2 | Budaun | सहसवान से भवानीपुर खैरू नदायल दहगवॉ होते हुए मेरठ बदायूँ मार्ग तक (अजिमा) के किमी0 3(400), 4 मे थर्मोप्लास्टिक पेन्ट का कार्य | 2.15 | 0.22 | Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 679.00 | One Month | C.D. P.W.D., Budaun | BDN/PBT Circle PWD Bly. | Bareilly Zone P.W.D., Bareilly | (Registered in Road Signage) |

3- बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in. पर दिनांक 20.02.2026 से 27.02.2026 तक उपलब्ध है, निविदाये दिनांक 27.02.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक अपलोड की जा सकती हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 27.02.2025 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(देवपाल सिंह)
अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड,
लो.नि.वि., बदायूँ।

**UP-246396** दिनांक 17.02.2026 विज्ञापन
वेबसाइट **www.up.gov.in** पर उपलब्ध है।

## कार्यालय जिला पंचायत, शाहजहांपुर

दिनांक: 18.02.2026

### ई-निविदा सूचना

संशोधित निर्माण नियमावली के क्रम में जिला पंचायत, सिचाई विभाग एवं लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत शाहजहांपुर द्वारा वर्ष 2025–26 में प्राप्त शासकीय अनुदानों से निम्न कार्यो की अलग अलग ई–निविदा दिनांक 06.03.26 को समय 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। आमंत्रित – निविदायें www.etender.up.nic.in पर अपलोड/डाउनलोड की जा सकती है। ई–निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 06.03.26 को 3.00 बजे से टेंडर समिति के समक्ष खोली जायेंगी ई – निविदा की शर्ते निम्न्वत्त हैं।

1– टेंडर के साथ रजिस्ट्रेशन का प्रमाण, चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, जी.एस.टी. सर्टिफिकेट, लेबर पंजीकरण, घोषणा पत्र, टेंडर शुल्क एवं अर्नेस्टमनी की प्रति संलग्न करना अनिवार्य हैं तथा निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त इसकी एक हार्ड कापी कार्यालय में जमा करनी होगी।

2– टेंडर शुल्क ''बैंक ऑफ बडौदा'' के खाता संख्या 35930100005913 आई.एफ.एस.सी. कोड BARB0VIKBHA में आरटीजीएस अथवा DD के रूप में जमा किया जायेगा।

3– 2 प्रतिशत अर्नेस्टमनी बडौदा उ.प्र. ग्रामीण बैंक में नगद रूप से उपरोक्त खाते में अथवा FD/NSC मुख्य अधिकारी के पद नाम से बंधक हों संलग्न करना होगा ।

4– अपूर्ण या सशर्त ई–निविदाओं पर कोई विचार नही किया जायेगा।

5– सार्वजनिक निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाले उप खनिजों पर रायल्टी का भुगतान सुनिश्चित किये जाने विषयक भूतत्व एवं खनिज कर्म विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत शासनादेशों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।

6– पंजीकृत ठेकेदार को ठेका दिए जाने के पश्चात कभी भी यह संज्ञान में आता है कि वह ठेकेदार सक्रिय रूप से माफिया गतिविधियों, आसामाजिक कार्यो एवं संगठित आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तो उसे प्रदान किया गया कार्य का ठेका नोटिस जारी कर सक्षम प्राधिकारी द्वारा निरस्त कर दिया जावेगा एवं इस आशय का शपथपत्र 100 रु के स्टैम्प पर टेन्डर के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

7– प्रत्येक निविदा के साथ पंजीयन नवीनीकरण की रसीद / पंजीकरण प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा ।

8– निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का सर्वाधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित हैं ।

9– आमंत्रित निविदाओ के कार्यादेश धनराशि की उपलब्धता के आधार पर जारी किये जायेंगे आमंत्रित की जाने वाली निविदाओं का विवरण निम्नवत है–

| क्र. | कार्य का नाम | धनराशि GST रहित | 2% धरोहर धनराशि | निविदा शुल्क मय GST | कार्य पूर्ण करने की अवधि निर्धारित अवधि अनुबंध के अनुसार |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | वि.खं. पुवायां ग्राम पकडिया हकीम में कल्लू खां के घर से शमीम के घर से होते हुये तालाब तक नाला निर्माण। | 10.61 | 21200 | 1200 | – |
| 02. | वि.खं. बंडा में ग्राम बिरहेमपुर में हाईवे से सी.सी. निर्माण कार्य। | 6.16 | 12300 | 1200 | – |
| 03. | वि.खं. बंडा ग्राम नारायणपुर में नाला निर्माण | 8.13 | 16300 | 1200 | – |
| 04. | वि.खं. बंडा ग्राम मुडिया कुर्मियात में नाला | 11.02 | 22100 | 1200 | – |
| 05 | वि.खं. खुदागंज के ग्राम भूरखेड़ा में सड़क वाली पुलिया तक नाला निर्माण। | 8.36 | 16700 | 1200 | – |
| 06. | वि.खं. बंडा में ग्राम रनमस्तपुर में नाला निर्माण | 11.02 | 22100 | 1200 | – |
| 07. | वि.खं. भावलखेड़ा के ग्राम विझाड़ा हुसैनपुर में नाला | 8.93 | 17900 | 1200 | – |
| 08. | वि.खं. जैतीपुर के ग्राम खमरिया में रिटेनिंग वाल व नाला | 8.27 | 16500 | 1200 | – |
| 09. | वि.खं. जैतीपुर के ग्राम चावरखास में सुलभ शौचालय | 8.20 | 16400 | 1200 | – |
| 10. | वि.खं. भावलखेड़ा के ग्राम सातवां में भद्रकाली मंदिर से रामरतन वर्मा के मकान तक नाला निर्माण। | 8.27 | 16500 | 1200 | – |
| 11. | वि.खं. कलान के ग्राम खजुरी मझरा गयोड़ी में खडंजा | 2.62 | 5200 | 300 | – |
| 12. | वि.खं. कांट ग्राम पटियारी में अवशेष नाला निर्माण | 3.69 | 7900 | 300 | – |
| 13. | वि.खं. तिलहर के ग्राम रजपुरा में नाला निर्माण। | 7.31 | 14700 | 1200 | – |
| 14. | वि.खं. सिंधौली ग्राम मुड़िया पमार में नाली निर्माण। | 7.59 | 15800 | 1200 | – |
| 15. | वि.खं. ददरौल के ग्राम खिरिया हीर में नाला | 3.36 | 6800 | 300 | – |

**संजय सिन्हा**
**अभियंता**
**जिला पंचायत, शाहजहांपुर**

**महावीर सिंह यादव**
**अभियंता**
**जिला पंचायत, शाहजहांपुर**

## कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बहेड़ी (बरेली)

पत्रांक : कृ0उ0म0स0 / 2026– दिनांक : फरवरी 2026

### दुकान आवंटन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपमण्डी स्थल, रिछा की 02 ''अ'' श्रेणी की दुकान एवं 15 ''ब'' श्रेणी की दुकान, 03 ''स'' श्रेणी की दुकान तथा ए0एम0एच0 राठ की 08 ''स'' श्रेणी की दुकानों का आवंटन / नीलामी दिनांक 09.03.2026 समय प्रातः 03:00 बजे उपमण्डी स्थल, रिछा, बहेड़ी के सभाकक्ष में की जायेगी। अतः लाईसेंसी व्यापारी / इच्छुक व्यक्ति मण्डी समिति कार्यालय से रू. 250.00 + 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 नकद जमा करके आवंटन प्रार्थना पत्र प्राप्त कर पूर्ण रूप से भरकर पंजीकरण की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट मण्डी समिति, बहेड़ी के पक्ष में देय हो एवं जाति प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा। दुकानों का विवरण एवं पंजीकरण धनराशि, आवंटन सम्बन्धित कार्यक्रम निम्नवत है :–

| | |
|---|---|
| 05.03.2026 | आवेदन पत्रों की बिक्री एवं आवेदन पत्रों को मूल रूप में मण्डी समिति कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि अपरान्ह 03:00 बजे तक |
| 06.03.2026 | दुकान आवंटन में भाग लेने हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच उपरान्त श्रेणीवार अनन्तिम पात्रता का प्रकाशन। |
| 06.03.2026 | अनन्तिम सूची पर आपत्ति प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि अपरान्ह 02:00 बजे तक। |
| 07.03.2026 | प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण उपरान्त श्रेणीवार अन्तिम सूची का प्रकाशन अपरान्ह 05:00 बजे तक |
| 09.03.2026 | समस्त प्रकाशित दुकानों का आवंटन, स्थान मण्डी समिति, बहेड़ी के सभाकक्ष में किया जायेगा। |

| क्र. सं. | नाम रिक्त दुकान | दुकान की श्रेणी | कुल रिक्त दुकानों की संख्या | मण्डी समिति के लाइसेंसधारी व्यापारी एवं इच्छुक व्यक्ति हेतु आरक्षित दुकानों का विवरण | दुकानों की संख्यावार आरक्षण संशोधित स्थिति | | | | न्यूनतम प्रीमियम | पंजीकरण धनराशि (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अनुसूचित जाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनारक्षित | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | | |
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 | 09 | 10 | 11 |
| 01 | उपमण्डी स्थल, रिछा | 'अ' श्रेणी | 02 | लाईसेंसधारी व्यापारी | 1 | – | – | – | 539000.00 | 53900.00 |
| 02 | | | | इच्छुक व्यक्ति | 5 | – | – | – | 539000.00 | 53900.00 |
| 03 | | 'ब' श्रेणी' | 15 | लाईसेंसधारी व्यापारी | 1,5,15 | 19, 23 | 26 | 20 | 367000.00 | 36700.00 |
| 04 | | | | इच्छुक व्यक्ति | 11,21,25 | 17,27,29 | 28 | 30 | 367000.00 | 36700.00 |
| 05 | | 'स' श्रेणी' | 03 | लाईसेंसधारी व्यापारी | 1,5 | – | – | – | 194000.00 | 19400.00 |
| 06 | | | | इच्छुक व्यक्ति | 11 | – | – | – | 194000.00 | 19400.00 |
| 07 | ए.एम.एच. राठ | 'स' श्रेणी' | 08 | लाईसेंसधारी व्यापारी एवं इच्छुक व्यक्ति | 1,5 | 7,3 | 2,4,6 | 10 | 28000.00 | 2800.00 |

**नरेन्द्र कुमार गंगवार**
**सचिव**
**कृषि उत्पादन मण्डी समिति**
**बहेड़ी (बरेली)**

**इशिता किशोर**
**सभापति / उपजिलाधिकारी**
**कृषि उत्पादन मण्डी समिति**
**बहेड़ी (बरेली)**

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मोहम्मदी-खीरी

पत्रांक: 4590/आंकिक/पंचम/पन्द्रहवां वित्त आयोग/निविदा/2025–2026/ दिनांक: 18.02.2026

### निविदा आमंत्रण


महामहिम राज्यपाल महोदय उ.प्र. की ओर से खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदी खीरी हेतु पंचम राज्य वित्त आयोग एवं पन्द्रहवां केन्द्रीय वित्त आायोग टाइड/अनटाइड योजना के अन्तर्गत अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025–2026 में कराये जाने वाले निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित ठेकेदारों / फर्मो से प्रतिशत दरों में अद्योलिखित कार्यो हेतु जिनका आयकर, वाणिज्यकर विभाग में पंजीकरण हो से मोहरबंद निविदा दिनांक 18.02.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | योजना का नाम | कार्य का नाम | कार्य की आगणन | सिक्योरिटी (2%) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (टाइड) | ग्राम पंचायत शंकरपुर राजा के मजरा जलालपुर में पक्की रोड से रंजीत के मकान तक एक तरफ नाली (80 मी.) का निर्माण कार्य। | 156400.00 | 3128 | 855 | 03 माह |
| 2. | पंचम राज्य वित्त आयोग | ग्राम पंचायत भूड़ाखान के मजरा नेवली में पक्की रोड से उमेश के घर की ओर खडंजा निर्माण कार्य। 120 मी. | 305800.00 | 6116 | 855 | 03 माह |
| 3. | पंचम राज्य वित्त आयोग | ग्राम पंचायत हथेलावाजिदपुर में पक्की रोड से ध्मौला की ओर खडंजा निर्माण कार्य 360 मी. | 896000.00 | 17920 | 855 | 03 माह |
| 4. | पंचम राज्य वित्त आयोग | ग्राम पंचायत गुलरिया परवरत नगर में पक्की रोड से छोटे बाजपेई के घर तक खडंजा निर्माण कार्य 50 मी. | 134000.00 | 2680 | 855 | 03 माह |
| 5. | पंचम राज्य वित्त आयोग | ग्राम पंचायत गुलौली से महुरैया की ओर खडंजा निर्माण कार्य 400 मी. | 993800.00 | 19876 | 855 | 03 माह |
| 6. | पंचम राज्य वित्त आयोग (अनुपूरक) | ग्राम पंचायत बंजरिया में मेन रोड से मंदिर की ओर खडंजा निर्माण कार्य 300 मी. | 744000.00 | 14880 | 855 | 03 माह |
| 7. | पंचम राज्य वित्त आयोग (अनुपूरक) | ग्राम पंचायत छतिया सरैया में साबिर के खेत से डोमा तक खडंजा निर्माण कार्य 400 मी. | 987900.00 | 19758 | 855 | 03 माह |
| 8. | पंचम राज्य वित्त आयोग (अनुपूरक) | ग्राम पंचायत बौआ में भजन सिंह के घर से पक्की रोड की ओर खंडजा निर्माण कार्य 265 मी. | 606090.00 | 12122 | 855 | 03 माह |
| 9. | पंचम राज्य वित्त आयोग (अनुपूरक) | ग्राम पंचायत बरैचा के अखैराजपुर में खडंजा से आशाराम के घर तक तक खडंजा निर्माण कार्य 182 मी. | 182000.00 | 3640 | 855 | 03 माह |

**नियम व शर्तेः–**

1. निविदाफार्म व उससे सम्बन्धित निर्देश क्रय किये जाने हेतु खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदी के कार्यालय में दिनांक 18.02.2026 से 04.03.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक 855.00 रू. नकद धनराशि श्री सुशील कुमार कैशियर/भण्डार लिपिक के पास जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. निविदा प्रपत्र भरकर उसके साथ धरोहर की धनराशि मूल्य 2 प्रतिशत राष्ट्रीय बैंक का एफ.डी.आर./एन.एस.सी. खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदी के पक्ष में समस्त अभिलेख मोहर बन्द लिफाफे में निविदा प्रपत्र, के साथ संलग्न कर दिनांक 04.03.2026 तक अपरान्ह 12:00 तक खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदी के कार्यालय में सीलबन्द टेण्डर बाक्स में डाले जायेंगे/ डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते हैं, निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. कार्यआदेश निर्गत की तिथि से कार्यपूर्ण करने की अवधि 03 माह निर्धारित की जाती है।
4. धनराशि की उपलब्धता के आधार पर ही कार्य का भुगतान किया जायेगा।
5. प्राप्त टेण्डर को खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदी खीरी के द्वारा गठित समिति के समक्ष 04.03.2026 को समय अपरान्ह 02:00 बजे सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
6. भुगतान हेतु प्राप्त बिलों पर नियमानुसार 2% आयकर, 2%जी.एस.टी., 1% लेबर सेस 8 प्रतिशत जमानत तथा रायल्टी की कटौती करने बाद 16 प्रतिशत जी.एस.टी. बिल की धनराशि के साथ भुगतान की जायेगी।
7. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2025–26 में कोई मूल्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
8. किसी भी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी में निहित होगा।
9. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायालय खीरी ही मान्य होगा।
10. निविदा भरते समय निविदा की दरें अंकों के साथ–साथ शब्दों में भी उल्लिखित की जायें।
11. निविदा प्रपत्र के साथ सीलबन्द लिफाफे में 10 रू. के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र, फर्म रजिस्ट्रेशन आयकर, जी.एस.टी. तथा जमानत धनराशि का एफ.डी.आर. एवं आयकर रिटर्न की प्रति जिस पर ठेकेदार/फर्म स्वामी के हस्ताक्षर हो साथ में संलग्न किया जाये।

**अश्वनी कुमार सिंह**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**मोहम्मदी–खीरी**



सपने सच होने की संभावना ही जीवन को रोचक बनाती है।
-पाउलो कोएल्हो, ब्राजीलियन लेखक



# समझौता और संभावनाएं

भारत और फ्रांस के बीच रक्षा, शिक्षा, संस्कृति, नागरिक उड्डयन, तकनीक और आर्थिक सहयोग को व्यापक रूप से आगे बढ़ाने के लिए हुए उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय वार्तालाप और समझौतों ने दोनों देशों के पारंपरिक, सतत और रणनीतिक रिश्तों को नई ऊर्जा दी है। रक्षा सहयोग के तहत राफेल युद्धक विमान सौदा सर्वाधिक महत्व का है, जो भारतीय वायु सेना की टोही, नियंत्रण और संयुक्त ऑपरेशनल क्षमता को बढ़ाएगा। बड़ी बात है कि उन्नत हथियार एकीकरण, स्पेयर पार्ट्स लॉजिस्टिक्स और उत्पादन के तौर पर साझेदारी को और विस्तार देने की भी बात है।

शैक्षिक और मानव संसाधन सहयोग इस समझौते का दूसरा महत्वपूर्ण आयाम है। 3,000 भारतीय छात्रों को वीज़ा-मुक्त ट्रांज़िट की सुविधा मिलेगी, तो वे यूरोप में यात्रा, सीखने और इंटर्नशिप के अवसर लाभ उठा सकेंगे। यह कदम युवा प्रतिभा के वैकल्पिक स्थलों तक पहुंच का द्वार खोलेगा, जिससे वैश्विक कौशल प्रतिस्पर्धा में भारतीय छात्रों की भागीदारी बढ़ेगी, परंतु इसके लिए आवश्यक है कि भारत में इस प्रवाह की गुणवत्ता सुनिश्चित हो। यानी गुणवत्तापूर्ण, रोजगार-उन्मुख शिक्षा उपलब्ध कराना जरूरी है। फ्रांस और भारत की जलवायु परिवर्तन, साइबर सुरक्षा, एआई और हाई-टेक विनिर्माण तक फैली व्यापक साझेदारी को 'स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' कहा गया है, यह साझा सोच भारत की बहुपक्षीय कूटनीति की पुष्टि करती है। फ्रांस, यूरोपीय संघ का एक मजबूत अंश होने के नाते, भारत को संयुक्त राष्ट्र, जी20 जैसे तमाम वैश्विक मंच पर अपनी आवाज मजबूत करने में मदद कर सकता है। कुछ चुनौतियां और सवाल भी हैं। रक्षा तकनीक स्थानांतरण में भारत अपनी मांगों को स्पष्ट रूप से रखते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि कलपुर्जों का उत्पादन और उसमें स्थानीय भागीदारी बहुत सीमित न रहे। रक्षा संबंधित अधोसंरचना को स्वदेशी उद्योग के साथ मिलाकर इस साझेदारी को दीर्घकालिक, आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से व्यावहार्य बनाए रखने की चुनौती होगी। वर्तमान वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, मुद्रास्फीति और रक्षा बजट का दबाव दोनों देशों के बीच लागत लाभ का सामान्य समीकरण प्रभावित कर सकता है। भविष्य में, शिक्षा-प्लेटफ़ॉर्म के विस्तार के साथ, तकनीकी अनुसंधान और उद्यमशीलता कार्यक्रमों में साझेदारी को बढ़ावा देना होगा। द्विपक्षीय रिश्तों को गहराई देने के लिए भारत और फ्रांस के स्टार्टअप इकोसिस्टम के बीच आदान-प्रदान, सांस्कृतिक और भाषा आधारित प्रशिक्षण, अनुसंधान-अनुकूलित कोलैबोरेशन आवश्यक होगा। आर्थिक मोर्चे पर, दोनों देशों ने निवेश और व्यापार के लिए क्षेत्रीय साझेदारी को बढ़ाने की भी सहमति व्यक्त की है, जिससे औद्योगिक खंडों, नवाचार केंद्रों और हरित प्रौद्योगिकी को विकसित करने में मदद मिलेगी।

कुल मिलाकर ये समझौते भारत-फ्रांस संबंधों की परिपक्वता का प्रतीक हैं। इसकी खासियत अगर रणनीतिक साझेदारी, वैश्विक मंचों पर समर्थन, शिक्षा में अवसर है, तो तकनीकी हस्तांतरण पर आगे की चुनौतियां तथा लागत-लाभ की संरचना के दबाव संबंधी सवाल भी। उम्मीद है भविष्य में यह साझेदारी फलदायी होगी और दोनों देश अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों को समझदारी से संतुलित करते हुए सहयोग, संवाद और कार्यान्वयन सुनिश्चित करेंगे।

## प्रसंगवश

# डिजिटल इंडिया: महिलाएं सशक्त या शोषण की शिकार

एक क्लिक में पहचान, एक पोस्ट में आवाज़। डिजिटल इंडिया ने महिलाओं को मंच दिया है, लेकिन सवाल यह है, यह मंच उन्हें सशक्त बना रहा है या नए तरह के शोषण की ओर धकेल रहा है? डिजिटल इंडिया को जब भविष्य की तस्वीर के रूप में पेश किया गया था, तब उम्मीद थी कि तकनीक समाज की असमानताओं को कम करेगी। महिलाओं के संदर्भ में यह उम्मीद और भी बड़ी थी। घर की चारदीवारी से बाहर निकले बिना शिक्षा, रोजगार, बैंकिंग और अभिव्यक्ति का अवसर। बीते कुछ वर्षों में यह तस्वीर आंशिक रूप से सच भी साबित हुई है। आज भारत में करोड़ों महिलाएं स्मार्टफोन, इंटरनेट और डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ी हैं। वे ऑनलाइन पढ़ रही हैं, कमा रही हैं, बोल रही हैं, लेकिन इसी डिजिटल स्पेस में एक स्याह सच भी छिपा है, जहां सशक्तिकरण के साथ-साथ नया शोषण भी जन्म ले रहा है।



डॉ. सुनिधि मिश्रा
शिक्षाविद्

आज भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 80 करोड़ से अधिक है, जिनमें लगभग 35–40 प्रतिशत महिलाएं हैं। राष्ट्रीय सैंपल सर्वे और एनएफ़एस-5 जैसे सर्वे बताते हैं कि शहरी क्षेत्रों में महिलाओं की डिजिटल पहुंच तेज़ी से बढ़ी है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह अभी भी सीमित है। फिर भी स्वयं सहायता समूहों, जन-धन खातों, यूपीआई और डिजिटल भुगतान ने ग्रामीण महिलाओं को भी धीरे-धीरे डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ा है। बैंक जाने की मजबूरी कम हुई है, बिचौलियों पर निर्भरता घटी है और कई महिलाओं ने पहली बार अपने नाम से वित्तीय लेन-देन किया है। यह निःसंदेह सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम है।

डिजिटल प्लेटफॉर्म ने महिलाओं को अभिव्यक्ति की आज़ादी भी दी है। सोशल मीडिया पर वे अपने अनुभव साझा कर रही हैं, सामाजिक मुद्दों पर बोल रही हैं और अपने हुनर को दुनिया के सामने रख रही हैं। ऑनलाइन शिक्षा और स्किलिंग प्लेटफॉर्म ने उन महिलाओं के लिए नए रास्ते खोले हैं, जो किसी कारणवश औपचारिक संस्थानों तक नहीं पहुंच पाईं। ई-कॉमर्स और सोशल मीडिया आधारित छोटे व्यवसायों के ज़रिये हज़ारों महिलाएं घर बैठे आय अर्जित कर रही हैं। डिजिटल इंडिया की यह तस्वीर उम्मीद जगाती है कि तकनीक महिलाओं के लिए बराबरी का औज़ार बन सकती है।


इसी चमकदार तस्वीर के पीछे एक कड़वी सच्चाई भी है। जैसे-जैसे महिलाएं ऑनलाइन स्पेस में दिखने लगी हैं, वैसे-वैसे वे नए तरह के उत्पीड़न का शिकार भी हो रही हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि साइबर अपराधों में महिलाओं को निशाना बनाए जाने के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। ऑनलाइन ट्रोलिंग, साइबर स्टॉकिंग, अश्लील संदेश, डीपफेक वीडियो और फोटो मॉर्फिंग अब आम समस्या बनती जा रही है। कई मामलों में महिलाओं की निजी तस्वीरों का इस्तेमाल उन्हें डराने, बदनाम करने या ब्लैकमेल करने के लिए किया जाता है।

डिजिटल शोषण की सबसे खतरनाक बात यह है कि यह अदृश्य होता है। पीड़िता घर में बैठी होती है, लेकिन हमला उसकी मानसिक शांति पर होता है। कई युवा लड़कियां सोशल मीडिया पर अपनी पहचान बनाने से पहले सौ बार सोचती हैं। कुछ महिलाएं ऑनलाइन उत्पीड़न के डर से अपनी प्रोफाइल बंद कर देती हैं, अपनी आवाज़ दबा देती हैं। यह सशक्तिकरण नहीं, बल्कि एक नई तरह की चुप्पी है, जो तकनीक के नाम पर थोपी जा रही है। डिजिटल धोखाधड़ी और साइबर फ्रॉड में भी महिलाएं तेजी से शिकार बन रही हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# पर्यावरण रक्षक सरकारों पर लगाम के खतरे





कुमार सिद्धार्थ
वरिष्ठ पत्रकार

आज की दुनिया ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां जलवायु संकट मानव सभ्यता के भविष्य को तय करने वाला बड़ा प्रश्न बन चुका है। वैज्ञानिक लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि यदि कोयला, तेल और गैस पर हमारी निर्भरता जल्द कम नहीं हुई, तो धरती का तापमान ऐसे स्तर तक पहुंच जाएगा, जहां जीवन की वर्तमान संरचनाएं टिक नहीं पाएंगी। इसके बावजूद वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा आज भी जीवाश्म ईंधनों के इर्द-गिर्द घूम रहा है। इस पूरी व्यवस्था की भयावह बात यह है कि जब कोई सरकार पर्यावरण और जनता के हित में कदम उठाने की कोशिश करती है, तो उसे 'न्याय' के नाम पर दंडित किया जाता है।

पिछले कुछ दशकों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और निवेश समझौतों के ज़रिये एक ऐसा कानूनी ढांचा खड़ा किया गया है, जिसमें बहुराष्ट्रीय कंपनियां सरकारों पर मुकदमा कर सकती हैं। इसे 'निवेशक–राज्य विवाद निपटान प्रणाली' (आईएसडीएस) कहा जाता है। इसके तहत यदि कोई सरकार पर्यावरण, स्वास्थ्य या सामाजिक हित में ऐसा निर्णय लेती है, जिससे किसी कंपनी के मुनाफे पर असर पड़ता है, तो वह कंपनी सरकार से न केवल अपने निवेश की भरपाई, बल्कि 'संभावित भविष्य के मुनाफे' का भी दावा कर सकती है। ये मुकदमे सामान्य अदालतों में नहीं, बल्कि गुप्त ट्रिब्यूनलों में चलते हैं, जहां न पारदर्शिता होती है, न जनता की भागीदारी और न ही लोकतांत्रिक जवाबदेही।

पिछले कुछ दशकों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और निवेश समझौतों के जरिए एक ऐसा कानूनी ढांचा खड़ा किया गया है, जिसमें बहुराष्ट्रीय कंपनियां सरकारों पर मुकदमा कर सकती हैं।

यह व्यवस्था अपने आप में लोकतंत्र के लिए एक गहरा खतरा है। सरकारें जनता द्वारा चुनी जाती हैं, ताकि वे जनता और पर्यावरण के हित में फैसले लें। लेकिन आईएसडीएस जैसे प्रावधानों के कारण वही सरकारें कंपनियों के डर से पीछे हटने लगती हैं। आईएसडीएस की मार सबसे पहले उन देशों पर पड़ी है, जिन्होंने पर्यावरण और जनता के हित में साहसिक फैसले लिए। जर्मनी ने जब परमाणु ऊर्जा से बाहर निकलने का निर्णय किया तो ऊर्जा कंपनी वाटनफॉल ने उस पर अरबों यूरो का दावा ठोक दिया। पाकिस्तान ने एक खनन परियोजना को पर्यावरणीय कारणों से रोका तो उस पर छह अरब डॉलर से अधिक का जुर्माना लगाया गया, जो उसके पूरे शिक्षा और स्वास्थ्य बजट से भी ज़्यादा था। स्लोवेनिया में एक ब्रिटिश कंपनी को केवल यह कहने पर कि फ्रैकिंग से पहले पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन ज़रूरी है, सरकार पर 120 मिलियन यूरो का मुकदमा कर दिया गया और अंततः सरकार को झुकना पड़ा। कोलंबिया में आदिवासी समुदायों के संघर्ष से एक कोयला खदान परियोजना रुकी, लेकिन कंपनियों ने ब्रिटेन–कोलंबिया संधि के तहत सरकार से मुआवज़ा वसूल लिया।

इन उदाहरणों का खतरनाक असर यह है कि सरकारें पर्यावरण बचाने से पहले अब यह सोचने लगती हैं कि कहीं उन्हें अंतर्राष्ट्रीय अदालतों में अरबों डॉलर का हर्जाना न भरना पड़ जाए। इसे 'रेगुलेटरी चिल' कहा जाता है, यानी कानून बनाने की हिम्मत तो रहती है, मगर उन्हें लागू करने का साहस नहीं बचता। नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री जोसेफ स्टिग्लिट्ज़ ने इस व्यवस्था को 'कानूनी आतंकवाद' निरूपित किया है, क्योंकि यह सरकारों को डराकर लोकतांत्रिक फैसलों को पलटने का हथियार बन चुकी है।

यह प्रक्रिया केवल कानूनी तंत्र तक सीमित नहीं है। इसका एक और, उससे भी अधिक क्रूर रूप वेनेजुएला में देखने को मिलता है। वेनेजुएला के पास दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार हैं। लंबे समय से यह देश अमेरिकी साम्राज्यवाद और वैश्विक तेल कंपनियों की नज़र में खटकता रहा है, क्योंकि उसने अपने तेल संसाधनों पर राष्ट्रीय नियंत्रण स्थापित करने की कोशिश की। अमेरिका ने वहां की निर्वाचित सरकार को अस्थिर करने के लिए आर्थिक प्रतिबंध लगाए, उसकी अर्थव्यवस्था को पंगु बनाने की कोशिश की और खुले तौर पर सत्ता परिवर्तन की राजनीति चलाई। तेल के लिए एक संप्रभु देश के लोकतंत्र को कुचल देना और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों की धज्जियां उड़ाना यह दिखाता है कि जब संसाधनों का सवाल आता है, तो लोकतंत्र और मानवाधिकार कितने बौने साबित हो जाते हैं।

अब सवाल यह है कि भारत इस पूरी तस्वीर में कहां खड़ा है? क्या हम खुद को इस खतरे से सुरक्षित मान सकते हैं? शायद नहीं। भारत आज तेजी से वैश्विक पूंजी और निवेश के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। कोयला खनन, तटीय औद्योगिक परियोजनाएं, परमाणु संयंत्र, बड़े बांध, तेल और गैस की खोज ये सभी क्षेत्र पहले से ही पर्यावरण और स्थानीय समुदायों के अधिकारों को लेकर विवादों में घिरे हुए हैं। यदि भविष्य में भारत ऐसे निवेश समझौतों का हिस्सा बनता है, जिनमें आईएसडीएस जैसे प्रावधान होंगे, तो हमारी सरकारों पर भी वही दबाव आएगा, जो आज कई अन्य देशों पर है।

भारत में पर्यावरणीय मंज़ूरी की प्रक्रियाओं को 'विकास में बाधा' बताकर कमजोर किया जा रहा है। कई बार परियोजनाओं को तेजी से मंज़ूरी देने के लिए नियमों में ढील दी जाती है, जनसुनवाई को औपचारिकता बना दिया जाता है और स्थानीय लोगों की आपत्तियों को अनदेखा कर दिया जाता है। यदि इसके ऊपर अंतर्राष्ट्रीय मुकदमों का डर भी जुड़ गया, तो पर्यावरण संरक्षण लगभग असंभव हो जाएगा। तब सरकारें जनता और प्रकृति के नहीं, बल्कि निवेशकों और कंपनियों के प्रति जवाबदेह होंगी।

भारत जैसे देश के लिए यह विशेष रूप से खतरनाक है, क्योंकि यहाँ विकास की कीमत पहले गरीब, आदिवासी और हाशिए पर पड़े समुदाय चुकाते हैं। जंगलों से विस्थापन, खनन से प्रदूषण, नदियों के सूखने और ज़मीन के बंजर होने से उनकी आजीविका छिन जाती है। यदि सरकारें अंतरराष्ट्रीय दबाव में आकर पर्यावरणीय फैसलों से पीछे हटने लगेंगी, तो इन समुदायों के अधिकार पूरी तरह कुचल दिए जाएंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने



चोटी नहीं खींचना चाहिए था, ये महापाप है। जिन लोगों ने चोटी को छुआ है, उन्हें पाप लगेगा। कई बरस बाद भी बहुत पाप पड़ेगा। सब खाता बही में लिखा जा रहा है। इस पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।
-ब्रजेश पाठक
डिप्टी सीएम
उत्तर प्रदेश सरकार

वे उसी का पार्टी का हिस्सा हैं, मंत्रिमंडल में भी हैं। अगर उन्हें इतना ही बुरा लगा है, तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। पाप तो उन्हें भी लगेगा, क्योंकि वे उसी मंत्रिमंडल के सदस्य हैं और अपमान तो वहीं से हुआ है।
-शिवपाल यादव
समाजवादी पार्टी के नेता



# अब एआई कंटेंट की होगी बेहतर निगरानी



रोहित माहेश्वरी
स्वतंत्र पत्रकार

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने जहां दुनिया को तेज और स्मार्ट बनाया है, वहीं इसके दुरुपयोग ने भी गंभीर चिंता पैदा कर रखी है। डीपफेक वीडियो, फर्जी तस्वीरें और एआई जनित भ्रामक सामग्री न केवल लोगों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रही हैं, बल्कि साइबर ठगी और सामाजिक भ्रम का कारण भी बन रही हैं। इन खतरों को मध्य में रखकर केंद्र सरकार की ओर से सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में किए गए हालिया संशोधन को डिजिटल दुनिया में बढ़ती चुनौतियों के बीच एक महत्वपूर्ण कदम कहा जा सकता है।

आगामी 20 फरवरी से लागू होने जा रहे इन नियमों के तहत अब एआई से तैयार किए गए फोटो और वीडियो पर लेबल लगाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही फेक कंटेंट को हटाने की समय सीमा 36 घंटे से घटाकर तीन घंटे कर दी गई है। नए प्रावधानों के तहत एआई कंटेंट में स्थायी मेटाडेटा और डिजिटल पहचान चिह्न जोड़ने की अनिवार्यता भी तय की गई है, ताकि ऐसे कंटेंट की पहचान आसानी से की जा सके। यह बदलाव डिजिटल पारदर्शिता और नागरिक सुरक्षा के लिहाज से बेहद अहम है।

साइबर सुरक्षा अब सबसे बड़ी चुनौती है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल की मदद से नकली आधार और पैन कार्ड तक बनाए जा सकते हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारतीय कंपनियों के लिए साइबर सुरक्षा अब सबसे बड़ी चुनौती है। हाल ही में आई एक रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल, जैसे कि चैट जीपीटी की मदद से नकली आधार और पैन कार्ड बनाए जा सकते हैं। इस रिपोर्ट ने एआई के संभावित दुरुपयोग की क्षमता के बारे में नई चिंताएं पैदा कर दी हैं।

एक नए सर्वे में 51 फीसदी बिजनेस लीडर्स ने इसे प्राथमिक जोखिम माना। 'फिक्की-ईवाय रिस्क सर्वे 2026' की रिपोर्ट से यह खुलासा हुआ है। इसमें डिजिटल युग के बढ़ते खतरों पर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तकनीकी जोखिम अब सीधे कंपनी के कामकाज से जुड़ गए हैं।

61 फीसदी लोग साइबर हमलों से डरे हुए हैं। डेटा चोरी और धोखाधड़ी को 57 फीसदी ने बड़ा जोखिम माना। लगभग 47 फीसदी कंपनियां इन आधुनिक खतरों से निपटने में नाकाम हैं। साइबर हमलों से कंपनियों की प्रतिष्ठा और वित्त पर असर पड़ता है। डिजिटल बदलाव कंपनियों की प्रतिस्पर्धी स्थिति को प्रभावित कर रहे हैं। यह सर्वे 137 सीईओ और सीनियर डिसीजन-मेकर्स पर आधारित है। इसमें 21 फीसदी प्रतिभागी टेक्नोलॉजी सेक्टर से थे। प्रोफेशनल सर्विसेज दूसरे नंबर पर।

साइबर अटैक अब सिर्फ आईटी मुद्दा नहीं। यह ऑपरेशनल कंटिन्यूटी से जुड़ा है। 61 फीसदी लीडर्स मानते हैं कि साइबर हमले वित्तीय और रेपुटेशनल खतरा हैं। तेज टेक्नोलॉजिकल बदलावों को 61 फीसदी कंपनियां प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करने वाला मान रहे हैं। सर्वे के अनुसार, आज के दौर में एआई एक 'दोधारी तलवार' बन गया है। करीब 60 फीसदी विशेषज्ञों का मानना है कि तकनीकी पिछड़ापन घातक है। सही समय पर नई तकनीक न अपनाना नुकसानदेह हो सकता है। वहीं, 54 प्रतिशत लोग एआई के एथिकल और गवर्नेंस संबंधी जोखिमों से चिंतित हैं। इन जोखिमों का प्रबंधन अभी भी प्रभावी ढंग से नहीं हो रहा है।

ग्लोबल साइबरपीस समिट 2026 में भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के अनुसार 2024–2025 के दौरान दर्ज साइबर हमलों में एआई और ऑटोमेशन का व्यापक इस्तेमाल देखने को मिला है। अब साइबर अपराधी किसी छोटे गैंग की तरह नहीं, बल्कि कंपनियों की तरह संगठित ढांचे में काम कर रहे हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका, मध्य-पूर्व और भारत के कुछ हिस्सों से संचालित ये नेटवर्क अलग-अलग विभागों में बंटे हुए हैं। इन गिरोहों के पास भर्ती करने वाली टीम, वेतन और प्रमोशन देखने वाले लोग और यहां तक कि रिसर्च एंड डेवलपमेंट यूनिट भी होती है। ये टीमें टेक्नोलॉजी की कमियों और इंसानी व्यवहार की कमजोरियों को खोजकर उनका फायदा उठाती हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में साइबर अपराध से दुनिया को लगभग 10.8 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान होने का अनुमान था, जो इस साल करीब 12 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। कई अंतर्राष्ट्रीय थिंक टैंकों का दावा है कि अब लगभग 80 प्रतिशत साइबर हमलों में किसी न किसी रूप में एआई की भूमिका है। एआई का इस्तेमाल अब डीपफेक तकनीक में भी हो रहा है। डिजिटल अरेस्ट जैसे मामलों में अपराधी किसी प्रसिद्ध पुलिस अधिकारी का चेहरा और आवाज नकली तरीके से दिखाकर पीड़ित को डराते हैं।


साइबर अपराध में अब ट्रिपल एक्सटॉर्शन मॉडल भी सामने आया है। इसमें पहले रैनसमवेयर से डेटा लॉक किया जाता है फिर उसे लीक करने की धमकी देकर पैसे वसूले जाते हैं। इसके अलावा क्राइम-एस-ए-सर्विस का ट्रेंड भी तेजी से बढ़ रहा है। इसमें संगठित गिरोह उन लोगों को भी अपराध की सुविधा देते हैं, जिनके पास तकनीकी जानकारी नहीं होती। यानी पैसे दो और तैयार साइबर क्राइम सेवा लो।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# अपूर्णता से जन्मता है प्रेम

हम अक्सर प्रेम को बहुत ऊंचे आसन पर बैठा देते हैं, मानो वह किसी तपस्या का परिणाम हो, लेकिन सच यह है कि प्रेम मनुष्य की अपूर्णता से जन्म लेता है। हमें किसी की आवश्यकता होती है, कोई हमारे होने की पुष्टि करे, हमारे सुख में शामिल हो और हमारे दुःख को बांट ले। यह आवश्यकता ही प्रेम का बीज है। आवश्यकता को हीन समझना भूल है। जो कहता है कि उसे किसी की ज़रूरत नहीं, वह अक्सर भीतर से बहुत टूटा हुआ होता है।



मनोज अभिज्ञान
ब्लॉगर

साथ रहने का मन न हो, ज़रूरत न हो, तो साथ रहना प्रेम नहीं, जड़ता है। प्रेम में स्वेच्छा होती है। रोज़ का चुनाव होता है। सुबह उठकर यह महसूस करना कि मैं इस व्यक्ति के साथ रहना चाहता/चाहती हूं, क्योंकि यह मेरे जीवन को अर्थ देता है। अगर यह इच्छा मर जाए, तो संबंध ढांचा मात्र रह जाता है और ऐसे ढांचे में लोग रहते तो हैं, पर जीते नहीं।

और जहां सुख-दुःख में साथ न हो, वहां प्रेम का दावा खोखला है। जब सब ठीक चल रहा हो, तब साथ देना आसान है। पर जब बीमारी हो, असफलता हो, आर्थिक संकट हो, या मन का अंधेरा हो, तब जो साथ खड़ा रहता है, वही प्रेम को सार्थक करता है। जो व्यक्ति आपके आंसू से असहज होकर दूर चला जाए, वह आपकी मुस्कान का भी सच्चा भागीदार नहीं हो सकता।

प्रेम में ज़रूरत होना और निर्भरता में डूब जाना, दोनों अलग बातें हैं। ज़रूरत का अर्थ है कि आप किसी को अपने जीवन में चाहते हैं, पर उसके बिना आप शून्य नहीं हो जाते। निर्भरता का अर्थ है कि आप अपनी संपूर्णता किसी और पर टिका देते हैं। पहला प्रेम है, दूसरा भय। प्रेम दो पूर्ण होते व्यक्तियों के बीच भी हो सकता है। निर्भरता में दो अपूर्णताएं एक-दूसरे को ढंकने की कोशिश करती हैं।

कभी-कभी लोग साथ इसलिए रहते हैं, क्योंकि वे अकेले होने से डरते हैं। यह प्रेम नहीं, डर है। और कभी लोग अलग हो जाते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि अब उनकी ज़रूरत, उनका मन, उनका सम्मान उस रिश्ते में नहीं बचा। यह अलग होना भी ईमानदारी हो सकता है। कई बार सही समय पर अलग हो जाना दोनों के लिए बेहतर होता है। अगर कोई व्यक्ति आपके संघर्ष में अनुपस्थित है, तो उसके प्रेम के दावे पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। प्रेम का अर्थ है उपस्थिति। केवल शारीरिक नहीं, भावनात्मक उपस्थिति। आपकी बात सुनना, आपकी थकान को समझना, आपकी विफलताओं में आपको छोटा न करना। जो इन क्षणों में साथ नहीं देता, उसका प्रेम शायद सुविधा का प्रेम है।

-फेसबुक वॉल से




## सामयिकी

# जिंदगी की पाठशाला के बीच मौत चुनते छात्र

हाल ही में छात्रों में सुसाइड के मामलों में तेजी से वृद्धि देखने को मिल रही है। ऐसा देश सहित पूरी दुनिया में हो रहा है। कुछ समय पहले जयपुर में एक बीटेक छात्र और बारां में दसवीं क्लास की छात्रा के आत्महत्या का मामला सामने आया है। इन घटनाओं ने छात्रों में आत्महत्या जैसे मसले पर चिंता की स्थिति को और बढ़ा दिया है। देखा जा रहा है 15 से 24 साल के नौजवान छात्रों में सुसाइड यानी आत्महत्या का चलन तेजी से बढ़ रहा है। आंकड़े बताते हैं कि सुसाइड दुनिया में मृत्यु का तीसरा बड़ा कारण है। ऐसे अनगिनत मामले रोजाना परिवार और समाज के लिए एक सवाल बन रहे हैं कि आखिर जीवन की कक्षा के बीच छात्र जिंदगी छोड़ मौत को क्यों चुन रहे हैं?

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में छात्रों की आत्महत्याएं चिंताजनक स्तर पर पहुंच गई हैं। देश में आत्महत्या करने वाले कुल लोगों में छात्रों की संख्या 7.6 फीसदी है। 2022 के आंकड़ों पर आधारित इस ताजा रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में हर साल अनुमानित तौर पर करीब 13,000 छात्र आत्महत्या करते हैं। हालांकि 2023 और 2024 में आत्महत्या के आधिकारिक आंकड़े अभी जारी नहीं हुए हैं, लेकिन लगातार बढ़ते मामलों से स्थिति चिंताजनक बनती जा रही है।



डॉ. मोनिका शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

छात्रों की आत्महत्याओं के पीछे मुख्य कारण तनाव बताया जा रहा है। शैक्षणिक और सामाजिक तनाव के साथ-साथ कॉलेजों या संस्थाओं से मदद न मिलना और जागरूकता का अभाव भी है। सुसाइड (आत्महत्या) का मतलब है जानबूझकर और स्वेच्छा से अपना जीवन समाप्त कर लेना। यह एक गंभीर मानसिक स्वास्थ्य मुद्दा है, जो अक्सर असहनीय दर्द, हताशा या मानसिक पीड़ा के कारण होता है। आत्महत्या एक रोकी जा सकने वाली घटना है और यह अक्सर मानसिक विकारों या अचानक आए तनावपूर्ण बदलावों का परिणाम होती है।

मनोरोग विशेषज्ञों का कहना है कि आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में छात्रों पर लगातार बेहतर प्रदर्शन करने का दबाव है। यह तनाव जब असहनीय हो जाता है, तो कई छात्र आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम उठा लेते हैं। यह न केवल एक परिवार को बर्बाद करता है, बल्कि पूरे समाज के लिए एक बड़ा प्रश्नचिह्न है। इसके कारणों में अत्यधिक शैक्षणिक दबाव के बीच बेहतर अंक लाने की दौड़ और प्रतियोगी परीक्षाओं का डर, पारिवारिक अपेक्षाएं, जिसमें माता-पिता द्वारा बच्चों पर अपनी इच्छाएं थोपना, अकेलापन और अवसाद जिसमें घर से दूर रहकर पढ़ाई करने वाले छात्रों में अकेलापन, भेदभाव और शोषण जिसमे यौन, शारीरिक या भावनात्मक शोषण, असफलता का डर, कॅरियर या परीक्षाओं में असफल होने का डर जैसे कारक शामिल हैं।

स्टूडेंट आत्महत्या एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जो मुख्य रूप से अकादमिक दबाव, परीक्षा का डर, भविष्य की चिंता, अकेलापन और पारिवारिक अपेक्षाओं के कारण बढ़ रही है। इसे रोकने के लिए छात्रों को भावनात्मक समर्थन, परामर्श और तनावमुक्त माहौल प्रदान करना आवश्यक है, जिसमें माता-पिता और शिक्षकों की भूमिका अहम है। बढ़ते मामलों की चिंता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई, 2025 में छात्रों की आत्महत्याओं को रोकने के लिए ऐतिहासिक निर्देश जारी किए, जिसमें शैक्षणिक संस्थानों के लिए मानसिक स्वास्थ्य नीति, अनिवार्य परामर्शदाता और हेल्पलाइन की व्यवस्था अनिवार्य की गई है। कोर्ट ने इसे एक संरचनात्मक अस्वस्थता माना और परीक्षा-केंद्रित दबाव को कम करने, भेदभाव मुक्त माहौल सुनिश्चित करने तथा आत्महत्या की घटनाओं की अनिवार्य रिपोर्टिंग के आदेश दिए हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# कैम्पस

## वर्ड स्मिथ

### ऐसे बना बॉयकाट शब्द




आज 'बॉयकाट' शब्द विरोध, असहमति और सामाजिक बहिष्कार का पर्याय बन चुका है। इस शब्द की उत्पत्ति 19 वीं सदी के आयरलैंड से जुड़ी है। उस समय आयरलैंड ब्रिटिश शासन के अधीन था और वहां किसानों की हालत बेहद दयनीय थी। बड़े जमींदारों की जमीन पर खेती करने वाले किसानों से अत्यधिक किराया वसूला जाता था। ऐसे ही एक जमींदार की जमीन का प्रबंधन ब्रिटिश अधिकारी चार्ल्स बॉयकाट (Charles Boycott) के हाथ में था। वे कठोर और असंवेदनशील माने जाते थे। साल 1880 में जब किसानों ने फसल खराब होने के कारण किराया कम करने की मांग की, तो चार्ल्स बॉयकाट ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने कई किसानों को जमीन से बेदखल करने की कार्रवाई भी शुरू कर दी। इससे किसानों में जबरदस्त आक्रोश फैल गया, लेकिन उन्होंने हिंसा का रास्ता नहीं चुना। इसके बजाय आयरिश राष्ट्रवादी संगठन लैंड लीग के नेतृत्व में एक नया, शांतिपूर्ण तरीका अपनाया गया- सामाजिक बहिष्कार। इस बहिष्कार के तहत कोई भी व्यक्ति चार्ल्स बॉयकाट से बात नहीं करता था। मजदूर उनके खेतों में काम करने से मना कर देते थे, दुकानदार उन्हें सामान नहीं बेचते थे, डाकिया तक उनकी चिट्ठियां नहीं पहुंचाता था। वे समाज में पूरी तरह अलग-थलग पड़ गए।

यह अहिंसक विरोध इतना प्रभावी सिद्ध हुआ कि अंततः उन्हें उस क्षेत्र को छोड़ना पड़ा। इस अनोखे विरोध की खबरें ब्रिटिश अखबारों में प्रमुखता से छपीं। पत्रकारों ने इस सामाजिक बहिष्कार को उसी व्यक्ति के नाम पर "Boycott" कहना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे यह शब्द अंग्रेजी भाषा में स्थापित हो गया और बाद में दुनिया की अनेक भाषाओं में फैल गया। आज 'बॉयकाट' का अर्थ किसी व्यक्ति, संस्था, देश या उत्पाद का संगठित और शांतिपूर्ण तरीके से बहिष्कार करना है। इस प्रकार 'बॉयकाट' केवल एक शब्द नहीं, बल्कि इतिहास की वह सीख है, जो बताती है कि संगठित सामाजिक चेतना बिना हिंसा के भी बड़े बदलाव ला सकती है।

## नोटिस बोर्ड

- 24 फरवरी को मुरादाबाद में एक विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जहां साक्षात्कार के आधार पर युवाओं को नौकरी दी जाएगी। खास बात यह है कि इस मेले में बड़ी संख्या में स्थानीय कंपनियां भाग ले रही हैं, जिससे युवाओं को अपने ही जिले में रोजगार मिलने की संभावना बढ़ गई है। सहायक निदेशक सेवायोजन रत्नेश चंद्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत यह रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। मेला राजकीय पॉलिटेक्निक के मैदान में लगाया जाएगा, जो कांठ रोड पर विवेकानंद हॉस्पिटल के सामने स्थित है। इस मेले में लगभग 50 कंपनियां प्रतिभाग करेंगी।



- बरेली कॉलेज में प्रथम सेमेस्टर के वे विद्यार्थी, जिन्होंने वोकेशनल विषय के अंतर्गत रिसर्च सर्वे किया है, अपने असाइनमेंट 19 फरवरी को जमा कर सकते हैं। यह प्रक्रिया कॉलेज के नए परीक्षा भवन में दोपहर 1:45 बजे से 2:45 बजे तक आयोजित की जाएगी। मीडिया सेल प्रभारी प्रो. ए.सी. त्रिपाठी ने बताया कि इसी दिन राजनीति विज्ञान विभाग के एमए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा भी आयोजित होगी। यह परीक्षा दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगी। संबंधित विद्यार्थियों को समय से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।



# बनना है इंजीनियर, जेईई मेन के बाद आगे का सफर

देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन छात्र-छात्राओं के लिए देश के शीर्ष तकनीकी कॉलेजों में प्रवेश दिलाने का रास्ता खोलती है। हर साल लाखों छात्र इसे क्वालिफाई करने की तैयारी करते हैं। जेईई मेन-2026 के सत्र-1 का रिजल्ट आने के बाद छात्र-छात्राओं के मन में सबसे बड़ा सवाल यही है कि अब आगे क्या करना है? इसका जवाब यही है कि अगर आप अपने सत्र-1 के स्कोर से संतुष्ट नहीं हैं या इसे और सुधारना चाहते हैं, तो जल्दी से सत्र-2 के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 25 फरवरी है। परीक्षा 1 अप्रैल से 10 अप्रैल के बीच आयोजित की जाएगी। दोनों सत्रों में से सर्वश्रेष्ठ स्कोर ही फाइनल रैंक के लिए मान्य होगा।



डॉ. क्षमा त्रिपाठी
प्रोफेसर डीजी पीजी कॉलेज

एक्सपर्ट की मानें, तो इस बार जेईई मेन का प्रश्नपत्र मीडियम स्तर का था। ऐसे में अनुमान है कि सामान्य वर्ग के लिए जेईई एडवांस्ड में बैठने की पात्रता कटऑफ लगभग 91 से 93 परसेंटाइल के बीच हो सकती है। हालांकि वास्तविक और अंतिम कटऑफ की घोषणा दूसरे सत्र का परिणाम जारी होने के बाद ही की जाएगी। अब यदि आपका स्कोर कट ऑफ ढाई लाख उम्मीदवारों के भीतर है, तो आईआईटी में प्रवेश के लिए पात्र हैं और आईआईटी में प्रवेश के लिए जेईई एडवांस्ड की तैयारी शुरू कर सकते हैं। इसके लिए पंजीकरण 23 अप्रैल से शुरू होगा और परीक्षा 17 मई को आयोजित की जाएगी।

### जेईई मेन के बाद काउंसिलिंग

जेईई मेन के स्कोर के आधार पर देश के अनेक प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों में प्रवेश मिलता है। छात्र-छात्राएं इस परीक्षा के माध्यम से B.E./B.Tech और वास्तुकला (B.Arch) पाठ्यक्रमों में दाखिला ले सकते हैं। देश के सभी 31 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT) जेईई मेन का स्कोर स्वीकार करते हैं। इसी तरह देश में स्थित 26 भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (IIITs) भी इस परीक्षा के आधार पर प्रवेश देते हैं। 28 केंद्रीय वित्त पोषित तकनीकी संस्थान (GFTIs) भी जेईई मेन के स्कोर को दाखिले के लिए पात्रता प्रदान करते हैं। इनके अलावा कई राज्यों के सरकारी कॉलेज जैसे बिहार का MIT, दिल्ली स्थित DTU, जामिया मिलिया इस्लामिया और धीरूभाई अंबानी संस्थान भी जेईई मेन स्कोर को मान्यता देते हैं। हाल ही में IIM लखनऊ जैसे कुछ प्रबंधन संस्थानों ने भी जेईई स्कोर के आधार पर नए AI और डेटा साइंस पाठ्यक्रमों में प्रवेश देना शुरू किया है।

### जेईई मेन बढ़िया विकल्प पर एकमात्र रास्ता नहीं

ऐसे छात्र जिनका जनवरी जेईई मेन में परसेंटाइल 99 से अधिक है, उनको जेईई एडवांस्ड की परीक्षा की तैयारी पूरे फोकस के साथ करनी चाहिए। क्योंकि इस परसेंटाइल पर उन्हें अच्छे एनआईटी में कोर ब्रांच मिलने का विकल्प लगभग सुरक्षित हो गया है, जबकि 99 से 98 परसेंटाइल स्कोर के बीच वाले उम्मीदवार जेईई मेन के अप्रैल सेशन में भाग ले सकते हैं। ऐसे विद्यार्थी जिनका परसेंटाइल 98 से कम है, उन्हें भी अप्रैल माह में जेईई-मेन के साथ एडवांस्ड की तैयारी पर भी पूरा ध्यान देना चाहिए, लेकिन वे छात्र जो जेईई मेन परीक्षा पास नहीं कर पाए हैं। उनके लिए ऐसा नहीं है कि इंजीनियरिंग में प्रवेश के रास्ते बंद हो गए हैं। आप अन्य इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होने की तैयारी कर सकते हैं। इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने के लिए जेईई मेन बढ़िया प्रवेश विकल्प है, लेकिन यह एकमात्र रास्ता नहीं है। कुछ विश्वविद्यालय और कॉलेज अपनी स्वयं की प्रवेश परीक्षा आयोजित करते हैं, जबकि अन्य राज्य स्तरीय अंकों को स्वीकार करते हैं। आप इस ओर ध्यान दे सकते हैं।

### कितने परसेंटाइल पर कहां मिलेगा प्रवेश लेने का मौका



एनआईटी त्रिची, वारंगल, सूरतकल, इलाहाबाद, राउरकेला, कालीकट, जयपुर और कुरूक्षेत्र में 99 परसेंटाइल से ज्यादा होने पर मनचाही ब्रांच मिलने का पूरा मौका रहता है। इसके अलावा ट्रिपलआईटी इलाहाबाद में भी दाखिला मिल सकता है। 98 से अधिक परसेंटाइल पर भी शीर्ष के टॉप 15 एनआईटी में कोर ब्रांच के अलावा ट्रिपल आईटी जबलपुर, ग्वालियर, गुवाहाटी, कोटा में कोर ब्रांच मिल सकती है। 98 से 96 परसेंटाइल पर टॉप 20 एनआईटी में कोर के अलावा अन्य ब्रांच और नॉर्थ ईस्ट की एनआईटी के साथ पटना, रायपुर, अगरतला, श्रीनगर, सिल्चर, उत्तराखंड, पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज चंडीगढ़, जेएनयू, हैदराबाद यूनिवर्सिटी में प्रवेश मिल सकता है। नए ट्रिपलआईटी डोदरा, पुणे, सोनीपत, सूरत, नागपुर, भोपाल, त्रिची, रायचूर, कांचीपुरम, रांची, धारवाड़, अगरतला, कल्याणी में भी कोर ब्रांच मिलने की संभावना रहती है। 96 से 94 परसेंटाइल पर सभी 1 एनआईटी के अलावा जीएफटीआई में प्रवेश मिलने की संभावनाएं बनती हैं।



### क्या है जेईई मेन और एडवांस्ड

जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम (JEE) में दो मुख्य परीक्षाएं होती हैं, जेईई मेन और एडवांस्ड। जेईई मेन परीक्षा का पहला चरण है, जिसका संचालन राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) द्वारा किया जाता है। जेईई एडवांस्ड परीक्षा का दूसरा चरण है, जिसका संचालन संयुक्त प्रवेश बोर्ड (JAB) की ओर से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (IIT) में से किसी एक द्वारा किया जाता है। जेईई एडवांस्ड में बैठने के लिए, छात्र को जेईई मेन उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जेईई मेन और एडवांस्ड दोनों ही अत्यधिक प्रतिस्पर्धी परीक्षाएं हैं। इन परीक्षाओं में अच्छा स्कोर करने से प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के द्वार खुलते हैं और उज्ज्वल करियर का मार्ग प्रशस्त होता है।


## कैंपस में पहला दिन - सीखने का उद्देश्य और सपनों को नई दिशा

कॉलेज का पहला दिन जीवन के उन यादगार क्षणों में से एक होता है, जो समय बीतने के साथ और भी मूल्यवान हो जाता है। मेरे जीवन में यह दिन तब आया, जब मैंने क्राइस्ट चर्च कॉलेज में बीएससी बायोलॉजी स्ट्रीम में प्रवेश लिया। यह केवल एक नए संस्थान में दाखिला नहीं था, बल्कि जीवन की दिशा तय करने वाला एक महत्वपूर्ण पड़ाव था। उस सुबह मन में उत्साह और संकोच दोनों भाव मौजूद थे। नई पोशाक, हाथ में जरूरी कागजात और मन में भविष्य को लेकर कई सपने- सब कुछ नया-सा लग रहा था। जैसे ही कॉलेज परिसर में प्रवेश किया, वहां का ऐतिहासिक वातावरण, विशाल भवन और अनुशासित चहल-पहल ने गहरा प्रभाव डाला। चारों ओर अलग-अलग स्थानों से आए छात्र थे, जिनकी आंखों में भी मेरे ही जैसे सपने और उम्मीदें झलक रही थीं।



राहुल चंद्रा
पूर्व महामंत्री, इनकम टैक्स बार एसोसिएशन कानपुर

बीएससी बायोलॉजी स्ट्रीम में प्रवेश लेने का निर्णय मेरे लिए विशेष महत्व रखता था। विज्ञान के प्रति रुचि और जीवन की जैविक प्रक्रियाओं को समझने की जिज्ञासा मुझे इस विषय तक ले आई थी। पहली कक्षा में बैठते समय मन में यह एहसास गहराता जा रहा था कि अब पढ़ाई का स्तर और दृष्टिकोण दोनों बदलने वाले हैं। जब शिक्षक कक्षा में आए, तो उनके अनुभवपूर्ण शब्दों और विषय के प्रति समर्पण ने हमें तुरंत प्रभावित किया।



उन्होंने स्पष्ट किया कि बायोलॉजी केवल पाठ्यपुस्तकों का विषय नहीं, बल्कि जीवन को समझने की कुंजी है। धीरे-धीरे सहपाठियों से परिचय हुआ। नाम पूछने से शुरू हुई बातचीत कब मित्रता में बदल गई, यह पता ही नहीं चला। प्रयोगशाला, विभागीय गलियारे और कैंटीन, हर जगह नई बातचीत, नई सीख और नए रिश्ते आकार लेने लगे। उस दिन यह अनुभव हुआ कि कॉलेज केवल शैक्षणिक ज्ञान का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त मंच है।

आज जब उस पहले दिन को याद करता हूं, तो क्राइस्ट चर्च कॉलेज में बीएससी बायोलॉजी स्ट्रीम में लिया गया प्रवेश गर्व और आत्मविश्वास से भर देता है। कॉलेज का पहला दिन वास्तव में जीवन की उस यात्रा की शुरुआत था, जिसने सोचने की दृष्टि, सीखने का उद्देश्य और भविष्य के सपनों को एक नई दिशा दी।

## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में नई दिल्ली में भारत की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना को वर्ष 2025 की बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्स वुमेन ऑफ द ईयर चुना गया। मंधाना ने भारत की 2025 महिला विश्व कप में ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इसके साथ ही शतरंज की भारतीय स्टार दिव्या देशमुख को सिर्फ 20 साल की उम्र में ऐतिहासिक फिडे महिला विश्व कप जीतने के लिए इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया।
- अफगानिस्तान टीम के क्रिकेटर राशिद खान ने T20 क्रिकेट में एक ऐसा मुकाम हासिल कर लिया है, जो आज तक दुनिया का कोई भी गेंदबाज नहीं कर पाया। हाल ही में खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप मैच में उन्होंने यह रिकॉर्ड बनाया। UAE के खिलाफ खेलते हुए राशिद खान T-20 फॉर्मेट में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए हैं।
- बीती 16 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में ओल चिकी लिपि के शताब्दी समारोह का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें 1925 में संताली भाषा के लिए विकसित ओल चिकी लिपि के 100 वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया गया। राष्ट्रपति ने संताली भाषा के संरक्षण और युवा पीढ़ी के बीच ओल चिकी लिपि के प्रसार के महत्व पर बल दिया। इस ऐतिहासिक अवसर पर उन्होंने संताल समुदाय की सांस्कृतिक विरासत को सम्मानित करते हुए एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया।
- हाल ही में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने सर्वेश रंजन को चीफ जनरल मैनेजर (CGM) के पद पर पदोन्नत किया गया है। यह नियुक्ति भास्कर राव कारे के सेवानिवृत्त (सुपरएनुएशन) होने के बाद की गई है।

## जॉब अलर्ट

### रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया (RBI)




- पद का नाम- असिस्टेंट
- पदों की संख्या -650
- सैलरी- बेसिक पे 29,000/-, 29,000-78,640 (प्लस अलाउंस) के स्केल पर। ग्रॉस सैलरी लगभग 58,514/- (बिना HRA के)
- योग्यता- कम से कम 50% मार्क्स के साथ बैचलर डिग्री (SC/ST/PwBD के लिए पास क्लास)
- आयु- 20 से 28 साल
- आवेदन की अंतिम तिथि-08 मार्च2026
- वेबसाइट- www.rbi.org.in

### स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI)

- पद का नाम -सर्किल बेस्ड ऑफिसर
- पदों की संख्या-2273 (2050 रेगुलर + 223 बैकलॉग)
- सैलरी- Rs. 48,480 - 85,920 प्रति महीना
- योग्यता- किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से किसी भी सब्जेक्ट में ग्रेजुएशन
- आयु- 21 से 30 साल
- आवेदन की अंतिम तिथि- 25 फरवरी 2026
- वेबसाइट-https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings

### यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन

- सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन (CSE) 2026
- पद- टाइप ग्रुप A और ग्रुप B सर्विसेज़, टोटल वैकेंसी काउंट लगभग 933 पोस्ट
- सर्विसेज IAS, IPS, IFS, IRS, इंडियन ऑडिट एंड अकाउंट्स, DANICS, DANIPS, और दूसरी सेंट्रल सर्विसेज़
- योग्यता- ग्रेजुएट डिग्री (कोई भी डिसिप्लिन)
- आयु-21-32 साल
- आवेदन की अंतिम तिथि- 24 फरवरी 2026
- वेबसाइट- www.upsc.gov.in

# करियर की नई राह: डिजिटल मार्केटिंग या बीबीए



12 वीं बोर्ड की परीक्षाएं समाप्त होते ही छात्रों के सामने करियर को लेकर सबसे बड़ा सवाल खड़ा हो जाता है कि अब आगे क्या पढ़ें? आज के प्रतिस्पर्धी और तेजी से बदलते जॉब मार्केट में सिर्फ डिग्री ही नहीं, बल्कि स्किल और अवसर भी मायने रखते हैं। ऐसे समय में दो कोर्स सबसे ज्यादा चर्चा में हैं, डिजिटल मार्केटिंग और बीबीए (BBA)। दोनों के अपने फायदे, अवसर और करियर पाथ हैं, लेकिन कौन सा कोर्स आपके लिए बेहतर रहेगा, यह आपके लक्ष्य, रुचि और भविष्य की योजना पर निर्भर करता है। आइए आज आपको बताते हैं कि इन दोनों में कौन सा कोर्स आपके लिए बेहतर रहेगा।



ज्ञानेंद्र कुमार दीक्षित
असिस्टेंट प्रोफेसर, बीबीडी यूनिवर्सिटी, लखनऊ



### क्या है डिजिटल मार्केटिंग

डिजिटल मार्केटिंग का मतलब है इंटरनेट और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए किसी प्रोडक्ट, सर्विस या ब्रांड का प्रचार करना। जब आप सोशल मीडिया पर किसी कंपनी का विज्ञापन देखते हैं, यूट्यूब पर वीडियो से पहले ऐड आता है या गूगल सर्च में कोई वेबसाइट सबसे ऊपर दिखाई देती है, यह सब डिजिटल मार्केटिंग का हिस्सा है। यह कोर्स स्किल-बेस्ड होता है और कम समय में पूरा किया जा सकता है।

### करियर के विकल्प

- डिजिटल मॉर्केटिंग एग्जीक्यूटिव
- सोशल मीडिया मैनेजर
- एसईओ एग्जीक्यूटिव
- कंटेंट राइटर
- गूगल एड्स एग्जीक्यूटिव
- फ्रीलांस डिजिटल मार्केटर
- ऑनलाइन ब्रांड मैनेजर
- इस फील्ड में फ्रीलांस और वर्क फ्रॉम होम के अवसर भी भरपूर हैं।

### क्या है बीबीए

Bachelor of Business Administration अर्थात बीबीए एक 3 साल का ग्रेजुएशन डिग्री कोर्स है, जो बिजनेस और मैनेजमेंट की बुनियादी समझ देता है। इसमें मार्केटिंग, ह्यूमन रिसोर्स, फाइनेंस, ऑपरेशंस और कॉर्पोरेट वर्क कल्चर के बारे में पढ़ाया जाता है। यह कोर्स उन छात्रों के लिए बेहतर है, जो आगे चलकर कॉर्पोरेट सेक्टर में मैनेजर बनना चाहते हैं या MBA करने की योजना रखते हैं।

### BBA के बाद जॉब ऑप्शन

- सेल्स एग्जीक्यूटिव
- मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव
- एचआर असिस्टेंट
- ऑफिस मैनेजर
- बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव
- ऑपरेशन एग्जीक्यूटिव

### सैलरी और जॉब की तुलना

डिजिटल मार्केटिंग में कोर्स छोटा होता है और नौकरी जल्दी मिलने की संभावना रहती है। शुरुआत में सैलरी सामान्य होती है, लेकिन अनुभव और स्किल बढ़ने के साथ आय तेजी से बढ़ती है। वहीं BBA में पढ़ाई लंबी है और जॉब थोड़ा समय लेकर मिलती है, लेकिन अगर इसके बाद MBA कर लिया जाए, तो सैलरी और पद दोनों ही काफी बेहतर हो सकते हैं।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 83,734.25 | 25,819.35 |
| बढ़त | 283.29 | 93.95 |
| प्रतिशत में | 0.34 | 0.37 |

सोना 1,56,700 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,46,000 प्रति किलो

अमृत विचार

बरेली, गुरुवार, 19 फरवरी 2026

www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन : तुलसी 2565, राज श्री 1880, फ़ॉर्चून कि. 2395, रविन्द्रा 2490, फॉर्चुन 13 किग्रा 2115, जय जवान 2080, सचिन 2085, सूरज 2080, अवसर 1940, उजाला 2060, गृहणी 13 किग्रा1930, क्लासिक (किग्रा) 2280, मोर 2275, चक्र टिन 2330, ब्लू 2170, आशीर्वाद मस्टर्ड 2380, स्वास्तिक 2520

किराना : महाराष्ट्र हल्दी 17300, जीरा 28000, लाल मिर्च 19000-21000, धनिया 11000-12000, अजवाइन 14000-20000, मेथी 7000-8000, सौंफ 10000-20000, सोंठ 37000, प्रतिकिलो : लौंग 850-1000, बादाम 800-1080, काजू 2 पीस 880, किशमिश पीली 350-400, मखाना 950-1100

चावल प्रति कुंटल : डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा,5 किग्रा) 10100, हरी पत्ती नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200

दाल दलहन : मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200-12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450, मलका दाल 7350-9200, मलका छांटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10000-11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 10000, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100-11800, अरहर कोरी छोटी 13100

चीनी : पीलीभीत 4420, बहेड़ी 4260

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती 3600, मसूरी 1000 बासमती 8200-9200, परमल 2100-4500

**दाल दलहन :** काला चना 2000-3200, साबुत चना दाल 1200, मूंग साबुत 5200, राजमा 9000-12500, दाल उड़द 7000, साबुत मसूर दाल 3600, मसूर दाल 1200, उड़द साबुत 10000 काबुली चना 7200-10300, अरहर दाल 10000 -12200, लोबिया/करमानी 2200-4000

# एआई के आधारभूत ढांचे में निवेश बढ़ाए भारत

## एनवीडिया ने दिया निवेश को वैश्विक स्तर पर ले जाने का सुझाव, कहा- कर छूट घोषणा बड़ा अवसर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत को एआई में मौजूदा 1.2 अरब डॉलर के निवेश को वैश्विक स्तर के अनुरूप बढ़ाने की जरूरत है। बजट में विदेशी कंपनियों को 20 वर्ष की कर-छूट की घोषणा से एआई के विस्तार के लिए आधारभूत ढांचा तैयार होगा। बुधवार को चिप विनिर्माता कंपनी एनवीडिया में उद्यम कारोबार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकर त्रिवेदी ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि दुनिया की करीब 2,000 बड़ी कंपनियों में से लगभग 1,800 की भारत में बड़े वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) हैं। इनमें इस समय 20 लाख से अधिक लोग काम कर रहे हैं और यह संख्या जल्द ही 30 लाख तक पहुंचने वाली है। उन्होंने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में कहा, इन सभी वैश्विक क्षमता केंद्रों को स्थानीय स्तर पर 'एआई कारखाना' चाहिए, जहां से वे अपने डेटा, कारोबारी प्रक्रियाएं और बौद्धिक संपदा से लेकर बुद्धिमत्ता पर काम कर सकें। इसलिए बजट की यह घोषणा भारत के लिए बहुत बड़ा अवसर है। जैसा हम कहते हैं, यह आधारभूत ढांचा है।

केंद्रीय बजट 2026-27 में यह घोषणा की गई है कि भारत में डेटा केंद्र सेवाएं लेने वाली किसी भी विदेशी कंपनी को 2047 तक 20 वर्ष की कर-छूट मिलेगी। इससे इस आशंका का समाधान होगा कि उनकी वैश्विक आय पर भारतीय कर लगेगा।



इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में एक स्टॉल पर एआई टूल्स देखते लोग।

### एनपीसीआई की एनवीडिया के साथ साझेदारी

इस बीच, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम( एनपीसीआई ) ने भारत के भुगतान तंत्र के लिए विशेष रूप से निर्मित अपने स्वायत्त एआई मॉडल की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए एनवीडिया के साथ सहयोग की घोषणा की। उसने बयान में कहा कि यह पहल बड़े पैमाने पर वास्तविक समय भुगतान प्रणालियों की बढ़ती आवश्यकताओं का समर्थन करेगी जिसमें विश्वास, मजबूती, सुरक्षा और तंत्र को सक्षम बनाने पर जोर दिया गया है। एनपीसीआई के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी विशाल कनवती ने कहा, एनवीडिया के साथ इस सहयोग के माध्यम से एनपीसीआई का लक्ष्य भारत के भुगतान तंत्र के लिए विशेष रूप से तैयार की गई एआई क्षमताओं को आगे बढ़ाना है।

## इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026

### एआई में दक्ष प्रतिभाएं तैयार करने को ओपनएआई का आईआईटी दिल्ली, आईआईएम अहमदाबाद से करार

**नई दिल्ली।** ओपनएआई ने देश के प्रमुख विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों के साथ साझेदारी की घोषणा की। इसका उद्देश्य प्रबंधन, इंजीनियरिंग, स्वास्थ्य और रचनात्मक शिक्षा के क्षेत्रों में एआई को शामिल कर प्रौद्योगिकी आधारित अर्थव्यवस्था के लिए एआई में कुशल प्रतिभा तैयार करना है। ओपनएआई ने कहा, पहले चरण में आईआईटी दिल्ली, आईआईएम अहमदाबाद, एम्स नई दिल्ली, मणिपाल अकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन, यूपीईएस और पर्ल अकेडमी शामिल हैं। इस पहल के जरिए अगले एक वर्ष के दौरान एक लाख से अधिक छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों को सहायता दी जाएगी।

### मेकमाईट्रिप-इक्सिगो ने भी की साझेदारी की घोषणा

**नई दिल्ली।** यात्रा प्रौद्योगिकी कंपनी मेकमाईट्रिप और यात्रा मंच इक्सिगो ने अपने कारोबार में एआई को बढ़ावा देने के लिए ओपनएआई के साथ सहयोग करने की घोषणा की। इसका उद्देश्य एआई आधारित यात्रा खोज को बेहतर तरीके से पहचानना तथा यात्रियों की इच्छा को समझकर उन्हें बुकिंग योग्य नतीजों में बदलना है। यह घोषणा ऐसे समय आई है, जब देश के यात्रा बुकिंग परिवेश में मंचों द्वारा जेनएआई का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है और संवादात्मक उपकरणों, जैसे बातचीत आधारित सहायक के जरिये यूजर्स की मंशा समझकर उन्हें बुकिंग में तब्दील करने की कोशिश की जा रही है।

### माइक्रोसॉफ्ट 10 वर्ष में 50 अरब डॉलर निवेश करेगी

**नई दिल्ली।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने विकसित देशों के मुकाबले वैश्विक दक्षिण के देशों में एआई की पहुंच आधी होने का जिक्र करते हुए कहा कि वह दशक के अंत तक इस फासले को दूर करने के लिए 50 अरब डॉलर का निवेश करने की राह पर है। माइक्रोसॉफ्ट की वाइस चेयर एवं अध्यक्ष ब्रैड स्मिथ और उपाध्यक्ष एवं एआई प्रभारी नताशा क्रैम्पटन ने इस निवेश योजना की घोषणा करते हुए कहा कि वैश्विक उत्तर (विकसित देश) और वैश्विक दक्षिण (विकासशील देश) के बीच एआई खाई पैदा होने से आर्थिक असमानताएं और गहरी हो सकती हैं।

# गलगोटिया विश्वविद्यालय एआई समिट से बाहर

## चीनी रोबोट को अपना बताकर फजीहत कराने पर सरकार ने की कार्रवाई

**नई दिल्ली।** निजी विश्वविद्यालय गलगोटिया को 'एआई इम्पैक्ट समिट' में अपना स्टॉल खाली करने के लिए कहा गया है। चीन में निर्मित एक रोबोटिक डॉग को खुद के नवाचार के तौर पर प्रदर्शित करने को लेकर हुए विवाद के बाद उसे प्रदर्शनी से हटने को कहा गया है।

सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस. कृष्णन ने विवाद के बाद कहा कि सरकार नहीं चाहती कि कोई भी प्रदर्शक ऐसी वस्तुओं का प्रदर्शित करे जो उसकी अपनी न हों। आयोजकों द्वारा गलगोटिया विश्वविद्यालय को अपना 'स्टॉल' खाली करने के लिए कहे जाने के बाद उन्होंने कहा, हम इस तरह की चीजों को प्रदर्शित करना जारी नहीं रखना चाहते। यह विवाद तब शुरू हुआ जब विश्वविद्यालय में संचार की प्रोफेसर नेहा सिंह ने

- **निजी विश्वविद्यालय को तुरंत एआई इम्पैक्ट समिट में स्टॉल खाली करने का आदेश**

मंगलवार को डीडी न्यूज को 'ओरियन' नामक एक 'रोबोटिक डॉग'को दिखाते हुए कहा था कि इसे गलगोटिया विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस द्वारा विकसित किया गया है।

वीडियो के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद लोगों ने इस रोबोट के वास्तव में एक 'यूनिट्री गो2' होने की बात कही जिसे चीन की यूनिट्री रोबोटिक्स द्वारा निर्मित किया गया है। इसका इस्तेमाल आमतौर पर दुनिया भर में अनुसंधान एवं शिक्षा के लिए किया जाता है।विवाद अधिक बढ़ने पर विश्वविद्यालय को स्टॉल खाली करने के लिए कहा गया है। आलोचनाओं के बीच गलगोटिया और प्रो. नेहा सिंह दोनों ने बुधवार को कहा कि रोबोट, विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित नहीं है और संस्थान ने ऐसा दावा कभी नहीं किया है। हालांकि सूचना प्रौद्योगिकी सचिव कृष्णन ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार यह बर्दाश्त नहीं करेगी कि किसी दूसरे के बनाए उत्पाद को अपना मौलिक उत्पाद बताकर प्रदर्शित करे।

गलगोटिया को 'एआई इम्पैक्ट समिट' में चीन में निर्मित एक रोबोटिक डॉग को खुद के नवाचार के तौर पर प्रदर्शित करने को लेकर हुए विवाद के बाद उसे प्रदर्शनी से हटने को कहा गया है। सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस. कृष्णन ने विवाद के बाद कहा कि सरकार नहीं चाहती कि कोई भी प्रदर्शक ऐसी वस्तुओं का प्रदर्शित करे जो उसकी अपनी न हों।

### स्टॉल खाली करने के आदेश की जानकारी नहीं : गलगोटिया




**नई दिल्ली।** प्रदर्शनी में गलगोटिया विश्वविद्यालय के स्टॉल पर बुधवार को कुछ भी प्रदर्शित नहीं किया गया। हालांकि, विश्वविद्यालय के छात्र स्टॉल पर नजर आए। गलगोटिया विश्वविद्यालय की प्रो. नेहा सिंह ने कहा, यह विवाद इसलिए खड़ा हुआ क्योंकि शायद बातों को स्पष्ट रूप से व्यक्त नहीं किया गया और इसके पीछे की मंशा को ठीक से समझा नहीं गया। सरकार द्वारा विश्वविद्यालय को प्रदर्शनी क्षेत्र खाली करने के लिए कहे जाने के बारे में उन्होंने कहा, मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। मुझे बस इतना पता है कि आज हम सभी यहां मौजूद हैं।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 283 अंक चढ़ा

**मुंबई।** मजबूत वैश्विक रुझान के बीच बुधवार को बैंक, धातु एवं एफएमसीजी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार लगातार तीसरे सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 283 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 94 अंक की मजबूती रही।




बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 283.29 अंक यानी 0.34 प्रतिशत चढ़कर 83,734.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 83,770.05 अंक के उच्च स्तर तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 93.95 अंक यानी 0.37 प्रतिशत बढ़कर 25,819.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा स्टील, आईटीसी, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में प्रमुख रूप से बढ़त रही। इन्फोसिस, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अदाणी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, मारुति सुजुकी इंडिया और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट रही।

# नए स्नातकों की भर्ती करना चाहते हैं 73% नियोक्ता

मुंबई, एजेंसी

देश में जनवरी-जून, 2026 के दौरान 73 प्रतिशत नियोक्ता नए स्नातकों की भर्ती करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि अब भर्ती का निर्णय केवल डिग्री के बजाय इंटर्नशिप एवं वास्तविक परियोजना अनुभव पर अधिक निर्भर होता जा रहा है।

कौशल विकास एवं उद्योग-उन्मुख शिक्षा में सक्रिय फर्म टीमलीज एडटेक की जनवरी-जून, 2026 छमाही के लिए जारी रिपोर्ट के मुताबिक, कॉलेज से पढ़कर निकले युवाओं की भर्ती का इरादा पिछले छह माह की तुलना में तीन प्रतिशत अंक बढ़ा है। 'करियर आउटलुक रिपोर्ट' नवंबर, 2025 से जनवरी, 2026 के बीच भारत के विभिन्न शहरों एवं उद्योगों के 1,051 नियोक्ताओं के सर्वेक्षण पर आधारित है। क्षेत्रवार मांग के मामले में खुदरा क्षेत्र 91 प्रतिशत के साथ शीर्ष पर है। इसके बाद ई-कॉमर्स

- **भर्ती का निर्णय डिग्री के बजाय इंटर्नशिप-अनुभव पर आधारित**

एवं प्रौद्योगिकी स्टार्टअप (90 प्रतिशत) तथा विनिर्माण (85 प्रतिशत) का स्थान है। खुदरा क्षेत्र में 'डार्क स्टोर असिस्टेंट' और 'इन्वेंट्री मैनेजमेंट असिस्टेंट' की मांग अधिक है।

ई-कॉमर्स एवं प्रौद्योगिकी स्टार्टअप में 'डिजिटल सेल्स एसोसिएट' और 'जूनियर वेब डेवलपर' पदों पर भर्ती हो रही है जबकि विनिर्माण में 'इन्वेंट्री एंड लॉजिस्टिक कोऑर्डिनेटर' और 'बैटरी असेंबली टेक्नीशियन' की मांग ज्यादा है। टीमलीज एडटेक के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी शांतनु रूज ने कहा, नए स्नातकों की भर्ती करने का नियोक्ताओं का इरादा 73 प्रतिशत तक पहुंचना दर्शाता है कि नियोक्ताओं का युवा प्रतिभा पर भरोसा बढ़ रहा है। हालांकि, चयन प्रक्रिया अधिक व्यावहारिक कौशल आधारित हो गई है।



# लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अभिशाप हैं भाई-भतीजावाद और खुदगर्जी

## हरियाणा सरकार की आवासीय समिति में फ्लैटों के आवंटन में धांधली पर सुप्रीम टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने भाई-भतीजावाद और खुदगर्जी को लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अभिशाप बताते हुए हरियाणा सरकार की एक आवासीय समिति की ओर से शासी निकाय के एक सदस्य और उनके अधीनस्थ को किए गए दो फ्लैटों का आवंटन रद्द कर दिया है। न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसमें आवंटन प्रक्रिया में हस्तक्षेप से इन्कार कर दिया गया था।

आदेश में कहा गया कि शासी निकाय के एक सदस्य और उसके अधीनस्थ को किए गए आवंटन मनमाने, पक्षपातपूर्ण थे और आवासीय समिति के खुद के पात्रता मानदंडों का उल्लंघन करते हैं। पीठ ने कहा, भाई-भतीजावाद और स्वार्थपरता लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रतिकूल हैं, विशेषकर तब जब यह ऐसे समाज के भीतर हो, जिसमें सरकारी सेवा के सदस्य शामिल हों और जो अपने सदस्यों को पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराता हो। अदालत हुडा, शहरी संपदा और नगर एवं ग्रामीण योजना कर्मचारी कल्याण संगठन (एचईडब्ल्यूओ) के सदस्य



- **शासी निकाय के सदस्य, उसके अधीनस्थ को फ्लैट आवंटन रद्द**
- **मामले में हस्तक्षेप न करने का हाईकोर्ट का आदेश भी खारिज**

दिनेश कुमार की उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें उच्च श्रेणी के दो सुपर डीलक्स फ्लैट के आवंटन को चुनौती दी गई थी।

शीर्ष अदालत ने कहा कि अपीलकर्ता ने विज्ञापन के तहत आवेदन किया था और वह सभी मानदंडों पर पात्र था, उसने प्रतिनियुक्ति अवधि और मूल वेतन दोनों आवश्यकताओं को पूरा किया था। पीठ ने कहा, उस शासी निकाय के सदस्य को कोई तरजीही आवंटन नहीं दिया जा सकता था, जो हुडा की सेवा में छह महीने की प्रतिनियुक्ति अवधि को भी पूरा नहीं कर रहा था।

### आदिवासी ईसाइयों के शव कब्र से निकालने पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ सरकार से उस याचिका पर जवाब मांगा है जिसमें आरोप लगाया गया है कि वहां के गांवों में आदिवासी ईसाइयों के शवों को जबरन कब्र से निकाला गया और फिर दफनाया गया। अदालत ने आगे शव निकालने पर रोक भी लगा दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें दावा किया गया था कि छत्तीसगढ़ में आदिवासी ईसाइयों को उनके गांवों में स्थित कब्रिस्तानों में अपने मृत परिवार के सदस्यों को दफनाने से रोका जा रहा है। 'छत्तीसगढ़ एसोसिएशन फॉर जस्टिस एंड इक्वैलिटी' और अन्य द्वारा अधिवक्ता सत्य मित्रा के माध्यम से दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि यह संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत उनके मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंसाल्वेस ने कहा कि याचिकाकर्ताओं में से एक की मां के शव को उनकी जानकारी के बिना कब्र से निकालकर कहीं और दफना दिया गया। एक अन्य याचिकाकर्ता के पति के शव को भी बहुसंख्यक समुदाय के ग्रामीणों द्वारा जबरन कब्र से निकाला गया और दूर किसी स्थान पर फिर से दफना दिया गया।

- **छत्तीसगढ़ का मामला, शवों को दफनाने से रोकने का भी आरोप**

### नस्लीय हिंसा के खिलाफ जनहित याचिका पर सुनवाई से इन्कार, अटॉर्नी जनरल को विचार करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पूर्वोत्तर और अन्य क्षेत्रों के नागरिकों के खिलाफ भेदभाव और हिंसा रोकने संबंधी जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। हालांकि टिप्पणी की कि नस्ल, क्षेत्र, लिंग और जाति के आधार पर व्यक्तियों की पहचान करना प्रतिगामी मार्ग पर चलने के समान होगा। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा, अपराध, अपराध है और इससे सख्ती से निपटा जाना चाहिए। पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी को याचिका पर विचार करने और उसे उचित प्राधिकारी को भेजने का निर्देश दिया। इससे पहले याचिकाकर्ता वकील अनूप प्रकाश अवस्थी ने कहा कि यह मुद्दा संसद में उठाया गया था, लेकिन सांसदों ने इस तरह के घृणा अपराधों से निपटने के लिए कोई एजेंसी बनाने से इन्कार कर दिया। त्रिपुरा के 24 वर्षीय एमबीए छात्र अंजेल चकमा की देहरादून के सेलाक्वी इलाके में निर्मम हत्या के बाद पिछले साल 28 दिसंबर को जनहित याचिका दायर की गई थी। वकील ने कहा कि चकमा को बचाने के लिए कोई आगे नहीं आया।

- **त्रिपुरा के एंजेल चकमा की हत्या के बाद दायर की गई थी याचिका**

# दिव्यांगता पेंशन पर टैक्स सेना के मनोबल पर गहरी चोट : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल रोहित चौधरी ने बुधवार को केंद्र सरकार पर सैनिकों की दिव्यांगता पेंशन को आयकर के दायरे में लाने का आरोप लगाते हुए इस फैसले को सैन्य मनोबल पर चोट बताया। उन्होंने कहा कि प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू ने इसे आयकर मुक्त रखा था लेकिन मौजूदा सरकार ने यह फैसला पलट दिया।

कर्नल चौधरी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमारे जवान व्यक्तिगत चिंताओं को त्यागकर देश की रक्षा करते हैं, तब नागरिक चैन की नींद सो पाते हैं। केंद्र का नया फैसला उनके मनोबल को प्रभावित करेगा। कांग्रेस नेता ने कहा, नई नीति के अनुसार केवल उन्हीं सैनिकों की दिव्यांगता पेंशन टैक्स मुक्त रहेगी जो युद्ध या सेवा के दौरान चोटिल होकर सेवा से बाहर हो चुके हैं। जो सैनिक चोट लगने के बाद भी सेवा पूरी कर सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उन्हें आयकर देना होगा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि खुद को राष्ट्रवादी बताने वाली सरकार अब सैनिकों के सम्मान और उनके अधिकारों में कटौती कर रही है। कर्नल चौधरी ने बताया कि हाल ही में पूर्व सैनिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने राहुल गांधी से मुलाकात कर अपनी चिंताओं से अवगत कराया था।

- **केंद्र पर नेहरू का आदेश पलटकर सैनिकों के सम्मान और अधिकारों में कटौती का आरोप**

# गोगोई ने हिंदू धर्म पर हिमंत को आमने-सामने बहस की चुनौती दी

**गुवाहाटी।** कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने बुधवार को कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल होने वाले लोग अपने राजनीतिक सफर में महत्वहीन हो गए। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा का भी यही हश्र होगा। बोरा के 22 फरवरी को भाजपा में शामिल होने की संभावना है।

लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता ने गोगोई ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को हिंदू धर्म पर आमने-सामने बहस के लिए चुनौती दी, ताकि यह पता चल सके कि धर्म की मूलतत्त्व और सिद्धांतों को कौन बेहतर तरीके से जानता है। उन्होंने कहा, भाजपा में शामिल हुए लोग महत्वहीन हो गए। हम सर्वानंद सोनोवाल और कई अन्य लोगों का उदाहरण देख सकते हैं। अगप पार्टी (सोनोवाल की पूर्ववर्ती पार्टी) खत्म होने की कगार पर है। मुझे नहीं लगता कि मुझे भूपेन बोरा के भाजपा में शामिल होने के बारे में विशेष रूप से कुछ कहने की जरूरत है।

# राज्यपाल की नियुक्ति विधानसभा की सिफारिशों के आधार पर हो

चेन्नई, एजेंसी

न्यायमूर्ति कुरियन जोसेफ की अध्यक्षता वाली केंद्र-राज्य संबंधों पर गठित उच्च स्तरीय समिति ने सिफारिश की है कि राज्यपालों की नियुक्ति राज्य विधानसभा की ओर से अनुमोदित नामों के आधार पर की जानी चाहिए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बुधवार को विधानसभा में यह रिपोर्ट पेश की गई। समिति ने रिपोर्ट में राज्यपालों के लिए पांच साल का कार्यकाल तय करने का सुझाव दिया है और इसका विस्तार न करने की सिफारिश की है।

समिति ने कहा, केंद्र और राज्यों के बीच एक तटस्थ संवैधानिक कड़ी के रूप में परिकल्पित राज्यपाल का कार्यालय, अपने इच्छित उद्देश्य से लगातार भटकता जा रहा है। राज्यपाल की ओर से की गई मनमानी की हर घटना जैसे सरकार गठन या पतन में हेरफेर करना, विधानसभा को बुलाने से इन्कार करना, मंजूरी को रोकना या अनिश्चितकाल तक विलंबित करना, निर्वाचित सरकार की सार्वजनिक रूप से आलोचना करना या राजभवन को केंद्र में सत्तारूढ़ दल का पक्षपात करने वाला एक स्थान बनाना, इस संस्था में विश्वास को कमतर करती है। समिति

- **केंद्र-राज्य संबंधों पर गठित उच्चस्तरीय समिति ने की सिफारिश, कहा- 5 साल का हो कार्यकाल, इसका विस्तार न किया जाए**

ने कहा कि उसका दृढ़ मत है कि भारतीय संघवाद को अब 1991 के आर्थिक सुधारों के समान महत्वाकांक्षी संरचनात्मक पुनर्स्थापना की आवश्यकता है।

केंद्र-राज्य संबंधों पर मंथन करने के लिए 15 अप्रैल 2025 को न्यायमूर्ति कुरियन जोसेफ की अध्यक्षता में समिति गठित की गई। इसने समकालीन संघीय चुनौतियों की विस्तृत अध्ययन करने के बाद 16 फरवरी को मुख्यमंत्री को अपनी पहली रिपोर्ट प्रस्तुत की। समिति ने संवैधानिक ढांचे के भीतर संघीय संतुलन को बहाल करने और वास्तविक सहकारी संघवाद को मजबूत करने के उद्देश्य से कई सिफारिशें की हैं जिनमें संविधान के अनुच्छेद 155 में संशोधन करने की सिफारिश भी शामिल है ताकि राष्ट्रपति को राज्य विधानसभा की कुल सदस्यता के बहुमत की ओर से अनुमोदित तीन नामों में से एक को राज्य के राज्यपाल के रूप में नियुक्त करने के लिए बाध्य किया जा सके।

# साजिश के तहत क्रैश कराया गया था अजित पवार का विमान

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार ) के विधायक रोहित पवार ने गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया है कि दिवंगत उप मुख्यमंत्री अजित पवार को ले जा रहे विमान को पायलट ने जानबूझकर क्रैश कराया था। उन्होंने यह दावा भी किया कि यह कोई दुर्घटना नहीं बल्कि तोड़फोड़ की कार्रवाई थी।

पवार ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कुछ जानकारियां साझा करते हुए कहा कि इससे उन्हें साजिश के पीछे का राजनीतिक संदर्भ पता चलता है। पवार ने विमान में ईंधन की अत्यधिक मात्रा को भी बड़ी साजिश का हिस्सा बताया। उन्होंने सवाल उठाया, मुंबई-बारामती की काफी छोटी यात्रा के लिए विमान में लगभग 3,500 लीटर ईंधन क्यों भरा गया था। इसके अलावा विमान के टॉयलेट के पास अतिरिक्त ईंधन रखा गया था। उन्होंने कहा, ये तथ्य एक बड़े धमाके और टक्कर के बाद आग लगने की साजिश का हिस्सा थे।

विधायक रोहित पवार ने पायलट सुमित कपूर और प्राइवेट एविएशन कंपनी वीआरएस पर गंभीर आरोप लगाए। दावा किया, मुंबई में उड़ान योजना के लिए जिम्मेदार गोपी नाम के एक मैनेजर ने शायद अजित पवार की फ्लाइट के इंतजाम में बदलाव किया होगा। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि कंपनी लीपापोती के तहत ज़रूरी दस्तावेज जमा करने में देरी कर रही है और शायद हादसे से जुड़े सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर रही है।

- **राकांपा विधायक रोहित पवार ने साजिश के पीछे राजनीतिक मकसद होने का लगाया आरोप**

### शायद किसी को रास नहीं आया दोनों गुटों का एकीकरण, किया जा रहा था विरोध

रोहित पवार ने साजिश के पीछे राजनीतिक मकसद का जिक्र करते हुए कहा कि राकांपा के दोनों गुटों को फिर मिलाने की कोशिशें हो रही थीं। एकजुट पार्टी राजग में शामिल होकर सत्ता में साझेदारी कर सकती थी, जिसका कुछ गुटों ने विरोध किया था। उन्होंने कहा कि अजित पवार की शायद राजग को छोड़कर जमीनी आंदोलनों में शामिल होने की योजना रही होगी जो राजनीतिक हितों के कारण कुछ लोगों के लिए नामंजूर हो सकता था। रोहित के अनुसार, इससे भी अजित पवार की मौत के पीछे की साजिश का संदर्भ मिल सकता है।

### जांच पूरी होने तक हटाए जाएं विमानन मंत्री

**मुंबई।** रोहित पवार ने दावा किया कि वीएसआर कंपनी को बचाया जा रहा है, साथ ही मांग की कि जांच पूरी होने तक नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू को पद से हटा दिया जाए। आरोप लगाया कि नायडू और उनकी तेलुगु देशम पार्टी वीएसआर कंपनी के मालिकों के करीबी हैं। महाराष्ट्र के कुछ पूर्व मंत्रियों और आंध्र प्रदेश के शीर्ष तेदेपा मंत्रियों ने वीएसआर के मालिक वीके सिंह के बेटे रोहित सिंह की शादी में शिरकत की थी। रोहित ने कहा कि अभी तक प्रारंभिक जांच रिपोर्ट भी नहीं आई है और यह मानने का कारण है कि वीएसआर को बचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**सुनेत्रा ने की है सीबीआई जांच की मांग :** रोहित पवार ने कहा कि उनकी चाची सुनेत्रा पवार और राकांपा नेतृत्व ने देवेंद्र फडणवीस से मिलकर मामले की सीबीआई जांच कराए जाने की मांग की है। सुनेत्रा ने फडणवीस को पत्र सौंपा है, उसमें उनकी ओर से उठाए कई मुद्दों को भी शामिल किया गया है।

# एआई को विनियमित करना संयुक्त राष्ट्र का काम नहीं : संरा प्रमुख

● गुतारेस बोले-वार्षिक वैश्विक वार्ता की बनाई जा रही योजना

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने इस बात पर जोर दिया कि कृत्रिम मेधा (एआई) को विनियमित करना संयुक्त राष्ट्र का काम नहीं है। गुतारेस ने बताया कि एआई पर एक वार्षिक वैश्विक वार्ता की योजना बनाई जा रही है जिसमें सभी देशों, सरकारों, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज की भागीदारी होगी।

गुतारेस जल्द भारत पहुंचेंगे और वहां वह इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेंगे, जो ग्लोबल साउथ के किसी देश में आयोजित होने वाला कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर पहला शिखर सम्मेलन है। ग्लोबल साउथ से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं। भारत की यात्रा से पहले गुतारेस ने एआई पर वैश्विक सहयोग के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय संगठन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की रूपरेखा प्रस्तुत की और जोर दिया कि ये एआई शिखर सम्मेलन में प्रदर्शित उसकी रणनीति के पूरी तरह से अनुरूप हैं।


### वैश्विक समिति में भारत भी शामिल

गुतारेस ने वैश्विक एआई ढांचे में योगदान देने के लिए संयुक्त राष्ट्र में शुरू किए गए ग्लोबल डिजिटल कॉम्पैक्ट के तहत तीन प्रमुख क्षेत्रों पर प्रकाश डाला। कृत्रिम मेधा पर एक नए उच्च स्तरीय स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक समिति का गठन होना है, जिसमें दुनिया भर के 40 विशेषज्ञ शामिल होंगे। इसमें आईआईटी मद्रास में डेटा साइंस एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विभाग के प्रमुख बालारमन रविंद्रन भी हैं, जिनकी सिफारिश गुतारेस ने की है।

## क्या एआई खा रहा रोजगार

## आशंका और उम्मीदें

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आज केवल एक तकनीकी शब्द नहीं, बल्कि एक वैश्विक क्रांति बन चुका है जो हमारे काम करने के तरीकों को बुनियादी तौर पर बदल रहा है। यह एक ऐसा मोड़ है जहां डर और उम्मीद दोनों साथ-साथ चल रहे हैं। जहां एक ओर एआई को 'नौकरी खाने वाली मशीन' के रूप में देखा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर इसे उत्पादकता का नया इंजन माना जा रहा है। ऐतिहासिक रूप से, हर नई तकनीक जैसे इंटरनेट या औद्योगिक क्रांति ने शुरुआती दौर में विस्थापन का डर पैदा किया था, लेकिन अंततः उन्होंने नए और बेहतर रोजगार के अवसर सृजित किए। वर्तमान में एआई के साथ भी कुछ ऐसा ही हो रहा है। विभिन्न शोध संस्थाओं और बैंकों की रिपोर्ट्स एआई के प्रभाव को लेकर अलग-अलग लेकिन महत्वपूर्ण संकेत दे रही हैं।




### क्या कह रहीं रिपोर्ट

- गोल्डमैन सैक्स : इनकी रिपोर्ट के अनुसार, एआई दुनिया भर में 30 करोड़ पूर्णकालिक नौकरियों को प्रभावित कर सकता है। अमेरिका और यूरोप में करीब एक चौथाई काम पूरी तरह से एआई द्वारा किए जा सकते हैं।
- वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम : फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट 2025 के अनुसार, 2030 तक लगभग 9.2 करोड़ नौकरियां खत्म हो सकती हैं, लेकिन अच्छी खबर यह है कि इसी दौरान 17 करोड़ नई नौकरियां पैदा होने की भी उम्मीद है।
- गार्टनर : एक चौंकाने वाला तथ्य यह है कि 2026 के अंत तक, लगभग 20% बड़े संगठन मध्य-प्रबंधन के आधे से ज्यादा पदों को एआई के जरिए खत्म करने की योजना बना रहे हैं।
- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष : उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में 60% नौकरियां एआई के खतरे के दायरे में हैं, जबकि विकासशील देशों में यह जोखिम कम (करीब 26%) है।

### कहां पर अधिक प्रभाव

- सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र : डेटा एंट्री, सॉफ्टवेयर टेस्टिंग, एचआर एडमिनिस्ट्रेशन और कस्टमर सर्विस जैसे क्षेत्रों में मांग कम हो रही है क्योंकि ये कार्य एआई टूल्स द्वारा आसानी से किए जा सकते हैं।
- नए अवसरों का उदय : एआई विशेषज्ञों, मशीन लर्निंग इंजीनियरों, डेटा एनालिस्ट, एआई एथिक्स अधिकारियों की मांग में भारी वृद्धि देखी जा रही है।
- भारत पर प्रभाव : नीति आयोग के अनुसार, भारत के आईटी क्षेत्र में लगभग 20 लाख नौकरियां प्रभावित हो सकती हैं, लेकिन अगले पांच वर्षों में 40 लाख नई नौकरियों के सृजन की भी संभावना है।

नई दिल्ली एआई इम्पैक्ट समिट 2026में विशेषज्ञों ने कहा कि एआई नौकरियों को खत्म नहीं करेगा, बल्कि उन्हें अनबंडल करेगा।

### तो क्या करें

- री और अप-स्किलिंग : यह सबसे प्रभावी समाधान है। कर्मचारियों को एआई टूल्स का उपयोग करना सीखना होगा। रिपोर्ट कहती है कि एआई कौशल वाले पेशेवरों को औसत से 28% से 56% अधिक वेतन मिल रहा है।
- यूनिवर्सल बेसिक इनकम : विस्थापित श्रमिकों को आर्थिक सुरक्षा देने के लिए सरकारें यूबीआई जैसे पायलट प्रोजेक्ट शुरू कर सकती हैं।
- शिक्षा प्रणाली में सुधार : शिक्षा को रटने के बजाय समस्या समाधान और डिजिटल माइंडसेट पर केंद्रित करना होगा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### खुद की गाड़ी में ही चलेंगे पीएम रहमान

**ढाका।** बांग्लादेश के नवनियुक्त प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने सादगी और जन-सुविधा की मिसाल पेश करते हुए सरकारी वाहन के बजाय अपने निजी वाहन का उपयोग करने का अनोखा फैसला लिया है। उनकी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की मीडिया सेल के सदस्य अतीकुर रहमान रुमोन ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री अपनी निजी टोयोटा कार, निजी ड्राइवर और अपने खर्च पर खरीदे गए ईंधन का उपयोग करेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री के लिए आवंटित किसी भी सरकारी वाहन का उपयोग न करने का फैसला किया है।

### सलीम खान की तबीयत में सुधार

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज पटकथा लेखक एवं अभिनेता सलमान खान के पिता सलीम खान की तबीयत में सुधार हो रहा है। सलीम खान को तबीयत बिगड़ने पर मंगलवार को उनके पारिवारिक चिकित्सक डॉ. संदीप चोपड़ा उन्हें लीलावती अस्पताल लेकर पहुंचे थे। नब्बे वर्षीय सलीम खान को मंगलवार को सुबह करीब साढ़े आठ बजे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉ. जलील पारकर ने बताया कि खान को थोड़ा सा ब्रेन हेमरेज हुआ था। सर्जरी की जरूरत नहीं है। आज सुबह उनका एक प्रोजीसर न्यूरोसर्जन डॉ. नितिन डांगे ने किया है।

### बुल्गारिया में 19 अप्रैल को मध्यावधि चुनाव

**सोफिया।** बुल्गारिया की राष्ट्रपति इलियाना इओतोवा ने बुधवार को घोषणा की कि देश में 19 अप्रैल को मध्यावधि संसदीय चुनाव आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मनोनीत कार्यवाहक प्रधानमंत्री आंद्रेई गुरोव ने कार्यवाहक सरकार की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव दिया है, जिसके पर वह एक आधिकारिक आदेश जारी करेंगी। उन्होंने यह बयान तब दिया, जब टेलीविजन पर सीधे प्रसारित एक बैठक के दौरान गुरोव ने उन्हें कार्यवाहक सरकार की सूची सौंपी।

### वाहन दुर्घटनाग्रस्त शिक्षिका की मौत

**सवाना।** अमेरिका के जॉर्जिया में संघीय आव्रजन अधिकारियों द्वारा रोके जाने के बाद भागने की कोशिश कर रहे ग्वाटेमाला के चालक ने एक अन्य वाहन में टक्कर मार दी जिससे एक शिक्षिका की मौत हो गई। आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन विभाग (आईसीई) के अनुसार, हादसा सवाना के बाहरी इलाके में हुआ, आरोपी चालक ऑस्कर वास्केज लोपेज पर लापरवाही से गाड़ी चलाने और बिना वैध लाइसेंस के गाड़ी चलाने सहित कई आरोप हैं।

# दोनों पक्षों के बीच बनी आम सहमति अब तैयार होगा समझौते का मसौदा

## परमाणु मुद्दे पर अमेरिका से दूसरे दौर की वार्ता के बाद बोले ईरानी विदेशमंत्री अराघची

● अराघची बोले-ज्यादा सकारात्मक रही दूसरे दौर की बातचीत

काहिरा, एजेंसी

अमेरिका के साथ हुई दूसरे दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता के बाद ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए कहा कि यह बातचीत ओमान की राजधानी मस्कट में हुई पहले दौर की वार्ता से बेहतर और ज्यादा रचनात्मक थी। अराघची ने मंगलवार को सरकारी प्रसारक इरिब (इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टर) के साथ विशेष बातचीत में कहा कि दिशा देने वाले सिद्धांतों पर दोनों पक्षों के बीच आम सहमति बन गई है और जल्द ही एक संभावित समझौते का मसौदा तैयार करने की दिशा में बढ़ेंगे।

ओमान की मध्यस्थता में स्विट्ज़रलैंड की राजधानी जिनेवा में ओमानी दूतावास में हुई इस बैठक के बाद उन्होंने कहा कि एक बार मसौदा तैयार होने पर दोनों पक्ष तीसरे दौर की बातचीत के लिए तारीख निर्धारित करेंगे। अराघची ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच की खाई पाटने में समय लगेगा। अराघची ने बैठक के बाद संयुक्त राष्ट्र के एक निरस्त्रीकरण सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बातचीत से एक टिकाऊ समाधान के लिए एक नया रास्ता खुल गया है जो ईरान के अधिकारों का सम्मान करते हुए पूरे क्षेत्र और सभी पक्षों के हितों की रक्षा करेगे।

बैठक की मध्यस्थता करने वाले ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हम्माद बिन हमूद अलबुसैदी ने कहा कि बातचीत रचनात्मक थी और दोनों पक्षों ने तकनीकी मुद्दों एवं सामान्य उद्देश्य पहचानने में अच्छी प्रगति की है। साथ ही अंतिम समझौते के मार्गदर्शक सिद्धांतों को शक्ल देने के लिए महत्वपूर्ण कोशिशें की गईं। इससे पहले जैसे ही वार्ताकार जिनेवा में मिले, ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड ने होर्मुज की खाड़ी में स्मार्ट कंट्रोल ऑफ़ द स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज नाम का अभ्यास शुरू कर दिया था।



### राष्ट्रपति ट्रंप की कुछ बातों को मानना होगा

इस बीच, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैन्स ने मीडिया को बताया कि मंगलवार की बातचीत के कुछ पहलू सकारात्मक थे, लेकिन ईरान ने अभी तक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कुछ बातों को नहीं माना है, और इनसे पीछे नहीं हटा जा सकता। उन्होंने कहा कि सब कुछ अभी भी टेबल पर है। ट्रंप अपने पहले कार्यकाल में ईरान के साथ हुए पहले के परमाणु समझौते से हट गए थे। लेकिन दूसरे कार्यकाल में उन्होंने ईरान पर अधिकतम दबाव बनाया है और बार-बार चेतावनी दी है कि वह ईरान की परमाणु कार्रवाई रोकने के लिए सैन्य बल का इस्तेमाल कर सकते हैं। ईरान ने भी इसके जवाब में कहा है कि वह किसी भी हमले का उसी तरह जवाब देगा।

### शांतिपूर्ण परमाणु तकनीक नहीं छोड़ेंगे


ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियन ने कहा कि ईरान अपनी शांतिपूर्ण परमाणु तकनीक नहीं छोड़ेगा, लेकिन यह साबित करने के लिए किसी भी तरह के सत्यापन के लिए तैयार है कि उसका कार्यक्रम हथियार बनाने के मकसद से नहीं है। उम्मीद जताई कि अमेरिका और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय उन अफवाहों को खारिज कर देगा जिनमें यह दावा किया जाता है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर रहा है। सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने ट्रंप की सैन्य हमलों की हालिया धमकियों का जवाब देते हुए कहा कि पूर्व के अमेरिकी राष्ट्रपतियों की तरह ट्रंप भी ईरान के इस्लामिक गणराज्य को हराने में नाकाम रहेंगे।

## बांग्लादेश में अब भीड़ संस्कृति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : सरकार

**ढाका।** बांग्लादेश की नई सरकार ने बुधवार को कहा कि भीड़ द्वारा की जाने वाली हिंसा और अल्पसंख्यक समुदायों पर हमले बढ़ने को ध्यान में रखते हुए भीड़ संस्कृति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की नव गठित सरकार में सबसे वरिष्ठ मंत्री मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा कि कानून व्यवस्था का मुद्दा तीन प्राथमिकताओं में से एक है और प्रशासन भीड़ द्वारा की जाने वाली हिंसा पर नकेल कसने के लिए कदम उठाएगा। उनसे जब पूछा गया कि क्या नया प्रशासन इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए उचित कदम उठाएगा, तो उन्होंने कहा, बिल्कुल। आलमगीर बीएनपी महासचिव भी हैं और उन्हें स्थानीय शासन मंत्रालय का प्रभार सौंपा गया है।

उन्होंने कहा कि भीड़ द्वारा की जाने वाली हिंसा पर नकेल कसा जाएगा। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था की स्थिति चाहे कितनी भी बिगड़ गई हो, हमें उसमें सुधार लाने का प्रयास करना होगा। प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने बुधवार को अपने नवगठित मंत्रिमंडल की पहली बैठक की अध्यक्षता की।

# विविध क्षेत्रों में संबंध और प्रगाढ़ करेंगे भारत-सर्बिया



नई दिल्ली में सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुचिच के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

● मोदी-वुचिच में रक्षा सहित कई मुद्दों पर सहयोग पर वार्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में हिस्सा लेने आए सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्ज़ेंडर वुचिच ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को प्रगाढ बनाने के उपायों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने विशेष रूप से रक्षा, विनिर्माण, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, उर्वरक और अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत बनाने के बारे में विस्तार से बात की।

मुलाकात के बाद मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के अवसर पर राष्ट्रपति अलेक्ज़ेंडर वुचिच से मुलाकात हुई। हमने रक्षा, विनिर्माण, डीपीआई, उर्वरक और अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और सुदृढ़ करने पर चर्चा की। कई वर्षों से भारत-सर्बिया ने मिलकर कार्य किया है और मुझे विश्वास है कि भविष्य में हमारे संबंध और अधिक गति प्राप्त करेंगे।

### कई अन्य देशों के प्रमुख मोदी से मिले

**नई दिल्ली।** एस्टोनिया के राष्ट्रपति अलार करिस और क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज़ प्लेंकोविक ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढाने के बारे में बातचीत की। मोदी और करिस ने भविष्य की प्रौद्योगिकियों, ऊर्जा प्रबंधन, कौशल विकास और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज़ प्लेंकोविक से सार्थक चर्चा हुई।

## अभिनेता जयसूर्या की 39 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क

**कोच्चि।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन मामले की जांच के तहत मलयालम अभिनेता जयसूर्या की 39 लाख रुपये मूल्य की अचल संपत्ति को कुर्क कर लिया है। संघीय जांच एजेंसी ने अभिनेता और उनकी पत्नी से सेव बॉक्स नामक एक ऑनलाइन बोली ऐप्लीकेशन के जरिए ठगी के मामले में दिसंबर 2025 में पूछताछ की थी। बताया जा रहा है कि स्वाति रहीम नामक एक व्यक्ति ने यह कथित निवेश योजना चलाई। सूत्रों ने बताया कि ईडी की जांच त्रिशूर ईस्ट पुलिस द्वारा दर्ज चार प्राथमिकी से जुड़ी है। केरल में जयसूर्या को दी गई 39.01 लाख की अचल संपत्ति को जब्त करने के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मंगलवार को अंतरिम आदेश जारी किया गया।

# कूनो राष्ट्रीय उद्यान में तीन चीता शावकों का जन्म

● अब भारत में कुल चीतों की संख्या बढ़कर 38 हुई

श्योपुर (मप्र), एजेंसी

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को कहा कि मध्यप्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएमपी) में चीता 'गामिनी' ने तीन शावकों को जन्म दिया है, जिससे भारत में चीतों की संख्या बढ़कर 38 हो गई है। यादव ने इसे चीतों को भारत में फिर से बसाने के सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम की शानदार सफलता करार देते हुए कहा कि यह देश के दृढ़ और ऐतिहासिक संरक्षण प्रयासों का शक्तिशाली प्रतीक है।

भारत में चीतों को पुनः बसाने के लिए 2022 में आरंभ महत्वाकांक्षी परियोजना के हिस्से के रूप में गामिनी को दक्षिण अफ्रीका से भारत स्थानांतरित किया गया था। चीते दशकों पहले भारत में विलुप्त हो गए थे। यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कूनो तीन नए शावकों का स्वागत करता है। दक्षिण अफ्रीका से चीतों के आगमन के 3 साल पूरे होने के अवसर पर कूनो में एक नया अध्याय। कूनो राष्ट्रीय उद्यान में जश्न का माहौल है क्योंकि दक्षिण अफ्रीकी चीता और दूसरी बार मां बनने वाली गामिनी ने 3 शावकों को जन्म दिया है। उन्होंने कहा कि भारत की धरती पर यह नौवें शावक का जन्म है और इसके साथ ही भारत में जन्मे शावकों की संख्या बढ़कर 27 हो गई है।

## कनाडा ने घोषित की पहली रक्षा औद्योगिक नीति

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने देश की पहली रक्षा औद्योगिक रणनीति की घोषणा कर दी है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करना, उच्च वेतन वाली नौकरियों का सृजन करना और तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में कनाडा की रणनीतिक स्वायत्तता को सुदृढ़ करना है।

कार्नी ने मंगलवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था के कमजोर पड़ने और प्रौद्योगिकी के कारण संघर्षों के विस्तार ने कनाडा की रक्षा नीति में बदलाव को आवश्यक बना दिया है। उन्होंने कहा, कनाडा की नयी सरकार कनाडाई सशस्त्र बलों (सीएएफ) के पुनर्निर्माण, पुनःसज्जा, पुनर्निवेश पर केंद्रित है।

# तकाइची फिर से संभालेंगी जापानी प्रधानमंत्री का पद

● पिछले सप्ताह हुए चुनावों में भारी बहुमत से दर्ज की थी जीत

तोक्यो, एजेंसी

जापान की प्रधानमंत्री सनाए तकाइची के पिछले सप्ताह चुनाव में भारी बहुमत से जीत दर्ज करने के बाद बुधवार को देश की संसद उन्हें फिर से प्रधानमंत्री नियुक्त करेगी और वह अपने दूसरे कार्यकाल के लिए मंत्रिमंडल का गठन करेंगी। तकाइची जापान की सैन्य क्षमता और हथियारों की बिक्री को मजबूत करना चाहती हैं और आव्रजन नीतियों को सख्त करना चाहती हैं।

तकाइची ने घरेलू जीवन यापन की लागत को कम करने के लिए खाद्य उत्पादों पर दो साल के लिए बिक्री कर में कटौती का प्रस्ताव रखा है। विशेषज्ञों का मानना है कि उनकी उदार राजकोषीय नीति से कीमतों को बढ़ोत्तरी हो सकती है और जापान के भारी राष्ट्रीय ऋण को कम करने की दिशा में प्रगति में देरी हो सकती है। तकाइची अगले महीने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ होने वाले एक महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन की तैयारी में जुटी हैं। ट्रंप अप्रैल में चीन का दौरा करेंगे।



## नेपाल-भारत में कानूनी सहायता को समझौता

**काठमांडू।** नेपाल और भारत ने आपराधिक जांच और कानूनी कार्यवाही में सहयोग करने के लिए परस्पर कानूनी सहायता पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। नेपाल के विधि, न्याय और संसदीय मामलों के मंत्रालय में मंगलवार को आपराधिक मामलों में परस्पर कानूनी सहायता पर समझौता पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता दोनों देशों को आपराधिक जांच और कानूनी कार्यवाही में सहयोग करने में सक्षम बनाएगा। इसका उद्देश्य आपराधिक मामलों से संबंधित जांच, अभियोजन और न्यायिक प्रक्रियाओं में सहयोग को मजबूत करना है। इस समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के बीच आपराधिक मामलों में कानूनी सहायता को सुविधाजनक बनाना है।

## आज का भविष्यफल

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 19 फरवरी, गुरुवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वितीया 15.58 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- पूर्व भाद्रपद 20.52 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

**मेष** - आज इंटरव्यू आदि में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। विवाह योग्य संतान का विवाह तय हो सकता है। आप अत्यधिक लोकप्रिय रहेंगे। ललित कलाओं का आनंद ले सकते हैं। परिवार में तालमेल शानदार रहने वाला है।

**वृष** - आज आपकी आर्थिक स्थिति सबल रहेगी। किसी बड़ी समस्या से आपको छुटकारा मिल सकता है। अधीनस्थ कर्मचारी आप से अत्यंत प्रसन्न रहेंगे। विदेश से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आपके साहस और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** - आज आध्यात्मिक विषयों में आप रुचि लेंगे। दूर के रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। नई परियोजनाओं को लेकर आप अत्यधिक सक्रिय रहने वाले हैं। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा पद दिया जा सकता है। वैवाहिक जीवन में संवादहीनता हो सकती है।

**कर्क** - आज भाग्य का साथ न मिलने से आपके काम प्रभावित हो सकते हैं। यात्रा के दौरान बड़ी परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। अकारण लोगों से विवाद होने की आशंका है। लेन-देन में त्रुटि होने के कारण आर्थिक नुकसान हो सकता है।

**सिंह** - आज व्यवसाय में बड़े अनुबंध हो सकते हैं। धन कमाने के नए स्रोत निर्मित कर सकते अपनी कार्यप्रणाली में अपेक्षित सुधार कर लेंगे। हैं। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है। अविवाहित लड़कियों का विवाह तय हो सकता है।

**कन्या** - आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रेमीजन के साथ पर्यटन की योजना बना सकते हैं। सुबह काम का तनाव रहेगा, लेकिन शाम तक आप काफी शांत मूड में आ जाएंगे। पारिवारिक कार्यों को लेकर भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

**तुला** - आज दिन काफी अच्छा रहेगा। शेयर मार्केट से होने वाले नुकसान की भरपाई करने के लिए दिन अच्छा है। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के ऊपर से काम का दबाव कम होगा। व्यापार को लेकर आपके मन में पूरे दिन आइडियाज आते रहेंगे।

**वृश्चिक** - आज नए ज्ञान को सीखने का प्रयास करेंगे, लेकिन धन की कमी के कारण आपके काम रुक सकते हैं। विद्वान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। वाहन में खराबी आ सकती है। कानूनी मामलों में उलझन की आशंका है।

**धनु** - आज नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अत्यंत शुभ है। कारोबार को लेकर यात्रा कर सकते हैं। आपकी कोई इच्छा पूरी हो सकती है। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। दिखावे की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए।

**मकर** - आज आप लोगों की सहायता करने के लिए उधार दे सकते हैं। गुप्त शत्रु आपका अहित करने का प्रयास करेंगे। आपके कार्यों से परिजन नाराज होंगे। किंतु आपको उनसे झगड़ने के बजाय उन्हें अपनी बातें मनानी चाहिए।

**कुंभ** - आज आपको नौकरी में उच्च पद मिल सकता है। आपके सपने साकार हो सकते हैं। जीवनसाथी आपकी निष्ठा से बहुत प्रभावित होगी। किसी मांगलिक समारोह में सम्मिलित होने की संभावना है। छात्रों का पढ़ाई में प्रदर्शन बहुत शानदार रहेगा।

**मीन** - आज व्यापार को लेकर बड़ी मीटिंग कर सकते हैं। अनुशासनहीनता पूर्ण व्यवहार से आपको बचना चाहिए। बढ़ते खर्चों को नियंत्रित करने के लिए आप काम करेंगे। कारोबारियों को बड़ा निवेश करने से बचना चाहिए। घर में उत्साह का वातावरण रहेगा।

## सुडोकू -66

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 9 | | | 7 | | |
| | | 8 | | | | | | 9 |
| | 7 | | 4 | | 2 | | 6 | |
| | 9 | | | | 8 | | 4 | |
| | | 2 | 7 | | | 8 | | |
| | 8 | | 5 | | | | 3 | |
| | 1 | | | 3 | 5 | | 7 | |
| 7 | | | | | | 1 | | 5 |
| | | 6 | | | 4 | | | 3 |

### सुडोकू - 65 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 6 | 8 | 3 | 2 |
| 3 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 | 1 | 5 | 9 |
| 9 | 8 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 6 | 4 |
| 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 | 2 | 8 |
| 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 6 |
| 8 | 9 | 1 | 6 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 |
| 7 | 6 | 8 | 2 | 5 | 1 | 4 | 9 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 1 |
| 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 5 |



" जम्मू-कश्मीर में प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन वहां एक उचित व्यवस्था की जरूरत है। जब मैंने प्रशासक का पद संभाला था, तब यह इतना आसान नहीं था। टीम को पटरी पर लाने के लिए जो भी जरूरी था, वह किया।

–मिथुन मन्हास, बीसीसीआई अध्यक्ष


# स्टेडियम

बरेली, गुरुवार, 19 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| इटली-वेस्टइंडीज | पूर्वाह्न 11 बजे |
| श्रीलंका-जिम्बाब्वे | दोपहर 3 बजे |
| अफगानिस्तान-कनाडा | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### इटली पर बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा वेस्टइंडीज

**कोलकाता।** दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज की टीम गुरुवार को यहां इटली के खिलाफ टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के अपने अंतिम मैच में अपने टीम संयोजन को और बेहतर बनाने की कोशिश करेगी। वेस्टइंडीज ने एक दशक पहले इसी मैदान पर अपना दूसरा टी20 विश्व कप जीतने के बाद अच्छा प्रदर्शन नहीं किया लेकिन वर्तमान टूर्नामेंट में उसने शुरू से लय पकड़ ली थी और वह इसे जारी रखने में किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेगा। टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ वेस्टइंडीज का प्रदर्शन भी बेहतर होता जा रहा है। सुपर आठ में वेस्टइंडीज 23 फरवरी को मुंबई में जिम्बाब्वे और 26 फरवरी को अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगा।

### ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल करना चाहेंगे श्रीलंका और जिम्बाब्वे

**कोलंबो।** पहले ही सुपर आठ में जगह बना चुकी श्रीलंका और जिम्बाब्वे की टीम गुरुवार को यहां जब टी20 विश्व कप के मैच में आमने-सामने होगी तो उनका लक्ष्य ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल करना होगा। श्रीलंका ने स्थानीय परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए ओमान और आयरलैंड को हराया और फिर ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर खुद को खिताब के एक मजबूत दावेदार के रूप में पेश किया है। दूसरी ओर जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया पर अपनी अप्रत्याशित जीत और खराब मौसम की बदौलत पहली बार सुपर आठ में जगह पक्की कर ली। आयरलैंड के खिलाफ उसका मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था जिससे उसे एक अंक मिला। इससे ऑस्ट्रेलिया की आगे बढ़ने की उम्मीद पर पानी फिर गया। दासुन शनाका की अगुवाई वाली श्रीलंका की टीम सुपर आठ के लिए क्वालीफाई करने के बावजूद किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतना चाहेगी। वह अपनी जीत की लय को बनाए रखने और ग्रुप में शीर्ष पर रहने का लक्ष्य रखेगी।

### औपचारिक मुकाबले में कनाडा से भिड़ेगा अफगानिस्तान

**चेन्नई।** दर्शकों को अपने जज्बे और जोश भरे खेल से रोमांचित करने के बावजूद टूर्नामेंट से बाहर हो चुके अफगानिस्तान और कनाडा बृहस्पतिवार को यहां टी20 विश्व कप के अपने अंतिम मुकाबले में आमने-सामने होंगे तो दोनों टीम जीत के साथ टूर्नामेंट का अंत कर एक मजबूत छाप छोड़ना चाहेंगी। अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए यादगार ''डबल सुपर ओवर'' मुकाबले में अफगानिस्तान ने शानदार प्रदर्शन से प्रशंसकों का दिल जीत लिया था। हालांकि उन्हें अंततः दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा। कनाडा के किशोर बल्लेबाज युवराज सामरा ने चेन्नई में अपने शानदार प्रदर्शन से क्रिकेट जगत का ध्यान आकर्षित किया और टी20 शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने।

# दुबे-चक्रवर्ती ने भारत को दिलाई नीदरलैंड्स पर 17 रनों की जीत

## टी-20 विश्व कप : फिर नहीं चला अभिषेक का बल्ला, शून्य पर आउट



**अहमदाबाद, एजेंसी**

शिवम दुबे के तूफानी अर्धशतक के बाद वरुण चक्रवर्ती के फिरकी के जादू से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में बुधवार को यहां नीदरलैंड्स को 17 रनों से हराकर टूर्नामेंट में लगातार चौथी जीत दर्ज की। भारत चार मैच में आठ अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहा जबकि नीदरलैंड ने अपने अभियान का अंत चार मैच में एक जीत से दो अंक के साथ किया।

भारत के 194 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड की टीम चक्रवर्ती (14 रन पर तीन विकेट) और शिवम दुबे (35 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदों के सामने सात विकेट पर 176 रन ही बना सकी। नीदरलैंड की ओर से बास डि लीडे ने सर्वाधिक 33 रन बनाए। नोह क्रोस (12 गेंद में नाबाद 25 रन) तथा जैक लियोन कैशे (16 गेंद में 26 रन) ने सातवें विकेट के लिए 23 गेंद में 47 रन की साझेदारी की लेकिन टीम को जीत नहीं दिला पाए।

दुबे ने इससे पहले अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 31 गेंद में छह छक्कों और चार चौकों से 66 रन की पारी खेलने के अलावा हार्दिक पंड्या (21 गेंद में 30 रन, तीन छक्के) के साथ पांचवें विकेट के लिए 35 गेंद में 76 रन की साझेदारी की जिससे भारत ने छह विकेट पर 193 रन बनाए। कप्तान सूर्यकुमार यादव (34) और तिलक वर्मा (31) ने भी उपयोगी पारियां खेली। दुबे और पंड्या 14वें ओवर में उस समय साथ आए जब भारत 110 रन पर चार विकेट गंवाकर संकट में था। इन दोनों की पारियों से भारत अंतिम पांच ओवर में 75 रन जोड़ने में सफल रहा।

नीदरलैंड् की ओर से तेज गेंदबाज लोगान वान बीक सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 56 रन देकर तीन विकेट चटकाए। ऑफ स्पिनर आर्यन दत्त ने 19 रन देकर दो विकेट हासिल किए। भारतीय टीम अपना अगला मैच इसी मैदान पर सुपर आठ चरण में रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलेगी।



विकेट का जश्न मनाते वरुण चक्रवर्ती, विकेटकीपर ईशान किशन और कप्तान सूर्यकुमार यादव।

### भारत

**193/6 (20 ओवर)**

| | |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा बो दत्त | 00 |
| ईशान किशन बो दत्त | 18 |
| तिलक वर्मा का वान डेर मर्व बो वान बीक | 31 |
| सूर्यकुमार का स्थानापन्न बो क्लेन | 34 |
| शिवम दुबे का स्थानापन्न बो वान बीक | 66 |
| हार्दिक का वान डेर मर्व बो वान बीक | 30 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 06 |

गेंदबाजी : दत्त 4-0-19-2, वान बीक 4-0-56-3, एकरमैन 3-0-36-0, क्लेन 4-0-38-1, डि लीडे 4-0-28-0, वान डेर मर्व 1-0-15-0

### नीदरलैंड्स

**176/7 (20 ओवर)**

- माइकल लेविट का वाशिंगटन बो पंड्या 24
- मैक्स ओडाउड बो चक्रवर्ती 20
- बास डि लीडे का चक्रवर्ती बो दुबे 33
- कोलिन एकरमैन का रिंकू बो चक्रवर्ती 23
- आर्यन दत्त बो चक्रवर्ती 00
- स्कॉट एडवर्ड्स बो बुमराह 15
- जैक लियोन कैशे का वाशिंगटन बो दुबे 26
- नोह क्रोस नाबाद 25
- लोगान वान बीक नाबाद 04

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 3-0-22-0, बुमराह 3-0-17-1, वाशिंगटन 4-0-36-0, चक्रवर्ती 3-0-14-3, पंड्या 3-0-40-1, अभिषेक 1-0-10-0, दुबे 2-0-25-1

**66** रन शिवम दुबे ने बनाए सिर्फ 31 गेंदों में जिसमें चार चौके और छह छक्के शामिल हैं



विकेट लेने के बाद जश्न मनाते दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी कोर्बिन बॉश। एजेंसी

# गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका विजयी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- यूएई को छह विकेट से हराया कोर्बिन बॉश ने किए तीन शिकार

कोर्बिन बॉश की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप के अपने आखिरी ग्रुप लीग मैच में बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात को छह विकेट से हराकर सुपर आठ की तैयारी पुख्ता कर ली। पिछली उपविजेता दक्षिण अफ्रीका को सुपर आठ चरण के पहले मैच में 22 फरवरी को अहमदाबाद में मौजूदा चैम्पियन और मेजबान भारतीय टीम से खेलना है। वहीं यूएई की टीम ने इस हार के साथ टूर्नामेंट से विदा ली।

हल्की बूंदाबांदी और ठंडे मौसम के बीच भारतीय टीम का मैच नहीं होने के बावजूद अरुण जेटली स्टेडियम पर 12000 से अधिक दर्शक यह मैच देखने मौजूद थे। पहले गेंदबाजी करते हुए बॉश के तीन विकेट की मदद से यूएई को छह विकेट पर 122 रन पर रोकने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने 13.2 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। उसके लिये सबसे बड़ी राहत की बात 'जूनियर एबी डिविलियर्स' कहे जाने वाले डेवाल्ड ब्रेविस का फॉर्म में लौटना रहा जिन्होंने 36 रन बनाए।

यूएई ने गेंदबाजी की शुरुआत अच्छी की और पहले ओवर में ध्रुव पाराशर ने सिर्फ एक रन दिया। कप्तान एडेन माक्ररम ने हालांकि दूसरे ओवर में जुनैद सिद्दीकी को दो चौके जड़कर दबाव हटाया। तीसरे ओवर में उन्होंने हैदर अली शाह को नसीहत देते हुए तीन चौके और एक छक्का लगाया लेकिन आखिरी गेंद पर बोल्ड हो गए।

मार्करम ने 11 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के के साथ 28 रन बनाए। नए बल्लेबाज रियान रिकेलटन ने छठे ओवर में मोहम्मद जवादुल्लाह को दो चौके लगाकर दक्षिण अफ्रीका का पचासा पूरा किया लेकिन इसी ओवर में क्विंटोन डिकॉक ने हैदर शाह को कैच थमा दिया। पावरप्ले के बाद स्कोर दो विकेट पर 56 रन था। इस साल एसए20 में 370 रन बनाकर सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज रहे ब्रेविस ने टूर्नामेंट में पहली बार खुलकर खेलते हुए पहले आठवें ओवर में जवादुल्लाह को मिडविकेट के ऊपर और फिर अगले ओवर में हैदर को लांग आन पर छक्का लगाया।

# अजेय बढ़त हासिल करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**कैनबरा, एजेंसी**

- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा टी-20 मुकाबला आज
- तेज गेंदबाजों ने बढ़ाया टीम का आत्मविश्वास

भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार को यहां जब दूसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी तो वह पहले मैच में तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी ने पहले मैच में चार विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी को झकझोर दिया था। ऑस्ट्रेलिया की टीम 20 ओवर भी पूरे नहीं खेल पाई और केवल 133 रन पर आउट हो गई।

भारतीय बल्लेबाजों को हालांकि बारिश के कारण खेलने का खास मौका नहीं मिला। भारत ने यह मैच डकवर्थ-लुईस प्रणाली के आधार पर जीता जिसमें केवल सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ही कुछ समय क्रीज पर बिता पाईं। लेकिन भारत की बल्लेबाजी मजबूत है और उसके खिलाड़ियों ने हाल में महिला प्रीमियर लीग में खेला था जिससे वह अच्छी तैयारी के साथ ऑस्ट्रेलिया आई है। भारत एक बार फिर शेफाली की तूफानी शुरुआत पर निर्भर रहेगा, जिन्होंने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया था। इसके अलावा मंधाना की करिश्माई बल्लेबाजी तथा कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स की भूमिका भी महत्वपूर्ण होगी। इस साल इंग्लैंड में होने वाले महिला टी20 विश्व कप को देखते हुए भारत के लिए यह श्रृंखला काफी महत्वपूर्ण है। तीन मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज जीतने से भारत को आत्मविश्वास मिलेगा। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह का प्रदर्शन उत्साहजनक रहा, जिन्होंने चार किफायती ओवर फेंके और दो विकेट लिए।

# ऑस्ट्रेलियाई टीम का अभियान बहुत खराब रहा: पोंटिंग

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने आईसीसी टी20 विश्व कप से ऑस्ट्रेलिया के बाहर होने के बाद कहा कि यह बहुत खराब अभियान रहा और मौजूदा टीम में वह चमक नहीं है जो वैश्विक टूर्नामेंट में पिछली टीमों में हुआ करती थी। आईसीसी रिव्यू में पोंटिंग ने कहा कि कागज पर यह टीम उन पिछली ऑस्ट्रेलियाई टीम जैसी प्रभावशाली नहीं दिखती जिन्होंने आईसीसी टूर्नामेंट में दबदबा बनाया था।

पोंटिंग ने कहा जब आप इस ऑस्ट्रेलियाई टीम को कागज पर देखते हैं, तो उसमें वह आभा नजर नहीं आती जो कई अन्य ऑस्ट्रेलियाई टीम में आईसीसी टूर्नामेंट और विश्व कप से पहले दिखाई देती थी। इन टूर्नामेंटों में आगे बढ़ने और जीतने के लिए आपके सर्वश्रेष्ठ और सबसे अनुभवी खिलाड़ियों को बड़े मौकों पर प्रदर्शन करना होता है। उन्होंने शीर्ष क्रम के निराशाजनक प्रदर्शन की ओर इशारा किया जिसमें कैमरन ग्रीन और टिम डेविड शामिल थे।

# पाकिस्तान ने पूरी की सुपर-8 की लाइनअप

**कोलंबो, एजेंसी**

- फरहान के शतक के बाद स्पिनरों ने की मारक गेंदबाजी

सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (नाबाद 100) के पहले शतक के बाद स्पिनर शादाब खान (19 रन देकर तीन विकेट) और उस्मान तारिक (16 रन देकर चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन से पाकिस्तान ने बुधवार को यहां टी20 विश्व कप के 'करो या मरो' के ग्रुप मैच में नामीबिया को 102 रन से हराकर सुपर आठ में प्रवेश किया।

फरहान की 11 चौके और चार छक्के जड़ित 58 गेंद की पारी की बदौलत पाकिस्तान ने तीन विकेट पर 199 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। फरहान को 50 से 100 रन तक पहुंचने में महज 20 गेंद लगी। वह विश्व कप में शतक जड़ने वाले पाकिस्तान के दूसरे खिलाड़ी बन गए। इससे पहले 2014 में मीरपुर में अहमद शहजाद ने बांग्लादेश के खिलाफ शतक लगाया था।

पाकिस्तान ने 'मिस्ट्री' स्पिनर तारिक और लेग स्पिनर शादाब के स्पिन जाल से दबदबा बनाते हुए नामीबिया की टीम को 17.3 ओवर में महज 97 रन पर समेट दिया। सलमान मिर्जा और मोहम्मद नवाज ने भी एक एक विकेट झटका। इस तरह नामीबिया का अभियान चारों मैच में हार के साथ समाप्त हुआ। इस जीत से पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप के अगले चरण के लिए अपना क्वालीफिकेशन भी सुनिश्चित किया जो 2028 में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की सह मेजबानी में खेला जाएगा। यह टी20 विश्व कप में पाकिस्तान की रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत भी है।

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम साइम अयूब (14 रन) का विकेट गंवाकर पावरप्ले में महज 47 रन ही बना सकी। पर फरहान ने कप्तान सलमान आगा (38 रन) के साथ मिलकर 67 रन जोड़े जबकि शादाब खान (नाबाद 36 रन) के साथ 81 रन की भागीदारी निभाई। पाकिस्तान ने ख्वाजा नफे को मध्यक्रम में शामिल कर अपनी बल्लेबाजी को मजबूती दी जबकि खराब फॉर्म में चल रहे शाहीन शाह अफरीदी को बाहर किया।

पाकिस्तान ने शुरू में रक्षात्मक बल्लेबाजी की जो उनके स्कोर से जाहिर हो रहा है। लेकिन कप्तान सलमान ने नौवें ओवर की शुरुआत में विलेम माइबर्ग की गेंद पर छक्का लगाकर रन गति बढ़ाने की कोशिश की। इसके बाद उन्होंने लांग-ऑन पर एक और छक्का लगाया। फिर अपने कप्तान से प्रेरित होकर फरहान ने लेग-स्पिनर माइबर्ग की गेंद पर डीप मिडविकेट के ऊपर से एक बड़ा छक्का मारा और फिर उनकी गुगली को फिर उसी जगह भेजा। एक ओवर में तीन छक्कों से पाकिस्तान का रन रेट बढ़ गया।



शतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते पाकिस्तानी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान। एजेंसी

**रणजी ट्रॉफी**

67 साल में पहली बार हासिल की उपलब्धि, हुबली में कर्नाटक के खिलाफ होगा खिताबी मुकाबला

# जम्मू-कश्मीर ने रचा इतिहास, पहली बार फाइनल में

**कल्याणी (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**

जम्मू कश्मीर ने सेमीफाइनल के चौथे दिन दो बार के पूर्व चैंपियन बंगाल को छह विकेट से करारी शिकस्त देकर अपने 67 साल के इतिहास में पहली बार रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया। फाइनल 24 फरवरी से हुबली के केएससीए स्टेडियम में कर्नाटक के खिलाफ खेला जाएगा।

बंगाल ने जम्मू कश्मीर के सामने 126 रन का लक्ष्य रखा था। जम्मू कश्मीर में 34.4 ओवर में चार विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर दिया। उसकी तरफ से वंशज शर्मा ने नाबाद 43 और अब्दुल समद ने नाबाद 30 रन बनाए।

इससे पहले तेज गेंदबाज आकिब नबी ने मैच में नौ विकेट लेकर बंगाल की जीत की संभावनाओं को पूरी तरह से खत्म कर दिया था। आकिब नबी के शानदार प्रदर्शन और आईपीएल स्टार अब्दुल समद की बेखौफ बल्लेबाजी ने यह सुनिश्चित किया कि जिस टीम को कभी लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं करने वाली टीम के रूप में जाना जाता था वह अब खिताब से सिर्फ एक कदम दूर है। समद ने 22 वर्षीय वंशज को विजयी रन बनाने का मौका दिया और इस युवा बल्लेबाज ने मुकेश कुमार की गेंद पर लॉन्ग ऑन के ऊपर से छक्का मारकर जम्मू कश्मीर की टीम में जबरदस्त जश्न का माहौल बना दिया। जम्मू कश्मीर ने पहली बार 1959-60 के सत्र में रणजी ट्रॉफी में हिस्सा लिया था और तब से लेकर अब तक उसे मजबूत दावेदार नहीं माना जाता था।



जम्मू और कश्मीर के वंशज शर्मा (दाएं) और अब्दुल समद। एजेंसी

### कर्नाटक के रविचंद्रन स्मरण ने दूसरी पारी में भी ठोका शतक, 802 रनों की विशाल बढ़त

**लखनऊ, अमृत विचार।** लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में कर्नाटक ने उत्तराखंड के खिलाफ मैच पर पूरी तरह शिकंजा कस लिया है। चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक कर्नाटक ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 299 रन बना लिए हैं। उसकी कुल बढ़त 802 रन तक पहुंच गई है। इससे पहले उत्तराखंड ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 149 रन से आगे बढ़ाई, लेकिन पूरी टीम 88.5 ओवर में 233 रन पर सिमट गई। लक्ष्य रायचंदानी 55 रन बनाकर विजय कुमार की गेंद पर बोल्ड हुए, जिसके बाद विकेटों का पतन शुरू हो गया। निचले क्रम में आदित्य रावत ने 38 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से नाबाद 45 रन बनाकर संघर्ष जरूर दिखाया। कर्नाटक की ओर से विद्याधर पाटिल और विजय कुमार ने तीन-तीन विकेट लिए। उत्तराखंड को फॉलोआन न देते हुए कर्नाटक ने दूसरी पारी खेलने का फैसला किया। टीम को शुरुआती झटके लगे। मयंक अग्रवाल (21), श्रेयस गोपाल (0) और करुण नायर (8) सस्ते में आउट हो गए। इसके बाद कृतिक कृष्णा (52) ने पारी को संभाला। पहली पारी के शतकवीर रविचंद्रन ने दूसरी पारी में 149 गेंदों पर 127 रनों की दमदार पारी खेली।



# विनीसियस जूनियर ने लगाए नस्लीय दुर्व्यवहार के आरोप

**मैड्रिड, एजेंसी**



- चैंपियंस लीग में विजयी गोल करने के बाद बताई घटना

ब्राजील के खिलाड़ी विनीसियस जूनियर ने चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के प्लेऑफ के मुकाबले में रियल मैड्रिड की तरफ से बेनफिका के खिलाफ विजयी गोल करने के बाद नस्लीय दुर्व्यवहार के आरोप लगाए। खेल को तब रोक दिया गया जब विनीसियस ने दावा किया कि रियाल मैड्रिड की 1-0 से जीत के दौरान एक प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी ने नस्लीय टिप्पणी करके उनका अपमान किया।

रियल मैड्रिड के डिफेंडर ट्रेंट अलेक्जेंडर अर्नोल्ड ने मैच के बाद कहा अपने करियर के दौरान उन्हें कई बार इस तरह की स्थिति का सामना करना पड़ा है और उन्होंने इसे बखूबी संभाला है। लेकिन उनके प्रति इस तरह का व्यवहार जारी रहना और आज रात ऐसा होना फुटबॉल के लिए शर्मनाक है। इस बीच मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को मोनाको के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। पीएसजी एक समय दो गोल से पीछे चल रहा था लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी डेज़ायर डूए के शानदार प्रदर्शन से वह आखिर में 3-2 से जीत हासिल करने में सफल रहा। अन्य मैचों में गैलाटासराय ने युवेंटस को 5-2 से हराया जबकि बोरुसिया डॉर्टमुंड ने अटलांटा के खिलाफ 2-0 से जीत दर्ज की विनीसियस ने स्टेडियम ऑफ लाइट में बेनफिका के खिलाफ प्लेऑफ के पहले चरण में रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन रियाल मैड्रिड को बढ़त दिलाने के बाद रेफरी फ्रांकोइस लेटेक्सियर को नस्लवादी टिप्पणी की जानकारी दी। उन्होंने अर्जेंटीना के खिलाड़ी जियानलुका प्रेस्टियानी की ओर इशारा किया। बेनफिका के कोच जोस मोरिन्हो ने हालांकि कहा कि उनके खिलाड़ी ने नस्लीय टिप्पणी करने के आरोपों से इनकार किया है। मोरिन्हो ने कहा उन्होंने मुझे अलग-अलग बातें बताईं। लेकिन कुछ तो गड़बड़ है क्योंकि हर बार ऐसा होता है। जहां भी विनीसियस खेला, वहां हमेशा कुछ न कुछ हुआ।